✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 250 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 6 फरवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना के दीघा पर्यटन घाट का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री का बड़ा ऐलान

# बिहार के 73 हजार नियोजित शिक्षक बनेंगे सरकारी, दिया जाएगा एक मौका : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने सभी सदस्यों का अभिनंदन करते हुए कहा कि राज्यपाल ने सरकार के विकास को विस्तार से बताया है। श्री कुमार ने कहा कि 2005 से पहले क्या हाल था, जब से हमको सत्ता मिली है विकास के काम में लगे हैं। 5:00 बजे के बाद घर से बाहर लोग नहीं निकलते थे? शाम के बाद कोई बाहर जाता था। कितना मुस्लिम हिंदू का झगड़ा होता था। उन्होंने कहा कि 60 साल पुराने मंदिरों की घेराबंदी की गई जिससे चोरी की घटनाएं अब नहीं हो रही है। सर्वप्रथम शिक्षा के क्षेत्र में सबसे अधिक ध्यान दिया गया। छात्रों के लिए पोशाक की योजना चलाई गई। साल 2023 से 258000 सरकारी शिक्षकों की बहाली की गई। उन्होंने कहा कि नियोजित शिक्षकों को सरकारी शिक्षक बनने के लिए पांच मौका देने की घोषणा की गई। अब तक चार मौका दिया जा चुका है। 2006 से तीन लाख नियोजित शिक्षक बने। मामूली परीक्षा लेकर नियोजित शिक्षकों को सरकारी शिक्षक बनाया जा रहा है। अब तक 2 लाख 66 हजार शिक्षक पास हो चुके हैं। अब 73000 शिक्षक बच गए हैं, उन्हें एक मौका और मिलेगा। अब सरकारी शिक्षकों की संख्या 524000 हो गई है। सीएम नीतीश ने लालू यादव पर हमला करते हुए कहा कि हम लोगों की जब सरकार बनी, उससे पहले स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति बहुत खराब थी। अस्पतालों में एक-दो मरीज ही आते थे। अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हर महीने औसतन 11600 मरीज आते हैं। इन लोगों ने कोई काम नहीं किया था। खुद चले गए तो पत्नी को मुख्यमंत्री बना दिया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि हम लोग जब सत्ता में आए तो मुफ्त में दवा की भी व्यवस्था करवाये। 12 मेडिकल कॉलेज अभी काम कर रहे हैं। 27 मेडिकल कॉलेज और बनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना मेडिकल अस्पताल को 5000 बेड का अस्पताल बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा सभी के घरों पर सोलर लगाया जाएगा। किसी को पैसा नहीं लगेगा। उन्होंने कहा है कि 10 लाख नौकरी और 40 लाख रोजगार यानी कि दोनों मिलकर 50 लाख नौकरी रोजगार दिया जा चुका है और हम लोगों ने तय कर दिया है। अगले पांच साल में एक करोड़ नौकरी और रोजगार दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार का बिहार के विकास में पूरा सहयोग मिल रहा है। नीतीश कुमार ने विपक्ष की ओर इशारा करते हुए कहा कि हम लोग काम कर रहे हैं तो सबका फायदा होगा।



## बीपीएससी से होगी 44 हजार शिक्षकों की नियुक्ति, जल्द आएगा विज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के युवाओं के लिए एक राहत भरी खबर सामने आई है। राज्य सरकार ने सरकारी स्कूलों में 44000 शिक्षकों की बहाली करने का फैसला लिया है। इस फैसले से शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और हजारों युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा। सरकार की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, यह बहाली राज्य के सरकारी स्कूलों के लिए की जाएगी। लंबे समय से स्कूलों में शिक्षकों की कमी महसूस की जा रही थी, जिसे अब दूर करने की तैयारी है। बताया गया है कि बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से अगले महीने इस भर्ती का विज्ञापन जारी किया जाएगा। इसके बाद आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी। जदयू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक फोटो पोस्ट किया। इसमें लिखा है कि सरकार शिक्षा को लेकर गंभीर है और लगातार इस दिशा में काम कर रही है। पिछले दो वर्षों में तीन चरणों में कुल दो लाख 27 हजार शिक्षकों की नियुक्ति पहले ही की जा चुकी है। अब 44 हजार नई बहाली से स्कूलों में पढ़ाई का माहौल और बेहतर होगा। इस कदम से न सिर्फ शिक्षकों की कमी दूर होगी बल्कि छात्रों को भी इसका सीधा फायदा मिलेगा। अधिक शिक्षक होने से कक्षाओं का संचालन बेहतर तरीके से हो सकेगा और बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलेगी। सरकार का कहना है कि आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में और भी बड़े फैसले लिए जाएंगे। 44000 शिक्षकों की यह बहाली बिहार के लाखों अभ्यर्थियों के लिए उम्मीद की नई किरण है। अब सभी की नजरें बीपीएससी के विज्ञापन और आगे की प्रक्रिया पर टिकी हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### पीपीयू में पर्यावरण विज्ञान के 18 शिक्षक नियुक्त

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय ने गुरुवार को विभिन्न महाविद्यालयों में पर्यावरण विज्ञान के 18 असिस्टेंट प्रोफ़ेसर को नियुक्त किया। कुलपति प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि शिक्षा विभाग की अनुशंसा पर यह नियुक्ति की गई। कुलसचि के अनुसार पीपीयू राज्य का पहला विवि है, जिसने शिक्षा विभाग की अनुशंसा पर त्वरित कार्रवाई करते असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति की है।

### चीनी मिलों के लिए जमीन का चयन कर मांगी रिपोर्ट

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य सरकार ने चीनी मिल खोलने को लिए नई कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया है। गन्ना उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव के. सेंथिल कुमार ने 14 जिलों के डीएम से एक सप्ताह में भूमि चयन कर रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया है। इससे चीनी मिल लगाने की दिशा में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सकेगी। अपर मुख्य सचिव ने नई चीनी मिल लगाने और बंद चीनी मिलों के जीर्णोद्धार के लिए 14 डीएम को पत्र भेजकर सात दिनों में 100 एकड़ जमीन की रिपोर्ट भेजने को कहा है। इनमें पटना, नवादा, वैशाली, सारण, सीवान, गोपालगंज, बेतिया, मोतिहारी, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, गयाजी, शिवहर, रोहतास और पूर्णिया जिला शामिल हैं।

### सक्षमता उत्तीर्ण शिक्षकों की काउंसलिंग आज से

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** स्थानीय निकाय के शिक्षकों के लिए आयोजित सक्षमता परीक्षा तृतीय और चतुर्थ के सफल शिक्षक अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग शुक्रवार से शुरू होगी। यह 11 फरवरी तक चलेगी। तृतीय और चतुर्थ सक्षमता परीक्षा में 12819 शिक्षक अभ्यर्थी सफल हुए। काउंसिलिंग में इनके प्रमाण पत्रों का सत्यापन होगा। पटना जिले में जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र छज्जूबाग में काउंसिलिंग होगी। अभ्यर्थियों को आधार कार्ड और पंजीकृत मोबाइल नंबर लाना होगा।

### औरंगाबाद में सुही-बलिया पैक्स का चुनाव स्थगित

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत सुही और बलिया पैक्स का चुनाव मतदाता सूची को लेकर हुए विवाद के कारण अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में प्राधिकार की अधिसूचना संख्या 3319/30 दिसंबर 2025 जारी की गई है। मतदाता सूची में गड़बड़ी और आपत्तियों के कारण ये फैसला लिया गया है। चुनाव स्थगन की सूचना कुटुंबा के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी की ओर से दोनों पैक्स के सभी अभ्यर्थियों को पत्र के माध्यम से देने की प्रक्रिया सुनिश्चित की गई है।

## अमृत भारत योजना के तहत 172 स्टेशनों का काम हुआ पूरा : वैष्णव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने स्टेशनों के दीर्घकालिक पुनर्विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की है। यह जानकारी देते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत स्टेशनों के सुधार हेतु मास्टर प्लान तैयार करना और चरणबद्ध तरीके से उनका कार्यान्वयन करना शामिल है। इस योजना में टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल समाधान, आवश्यकतानुसार बैलास्टलेस ट्रैक का प्रावधान, चरणबद्ध कार्यान्वयन और व्यवहार्यता के साथ-साथ दीर्घकालिक रूप से स्टेशन पर शहर केंद्र का निर्माण जैसी परिकल्पनाएं भी शामिल हैं। अब तक इस योजना के तहत विकास के लिए 1337 स्टेशनों की पहचान की गई है। फिलहाल, 172 स्टेशनों का काम पूरा हो चुका है। श्री वैष्णव ने बताया कि भारतीय रेलवे (आईआर) द्वारा देशभर के पुलों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। पुलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, आईआर में रेलवे पुलों के निरीक्षण की एक सुस्थापित प्रणाली है। सभी पुलों का निरीक्षण वर्ष में दो बार नामित अधिकारियों द्वारा किया जाता है, एक बार मानसून शुरू होने से पहले और एक बार मानसून के बाद विस्तृत निरीक्षण। इसके अतिरिक्त, मुख्य पुल अभियंता (सीबीई) द्वारा निर्धारित स्थिति के आधार पर कुछ पुलों का निरीक्षण अधिक बार भी किया जाता है। महत्वपूर्ण और बड़े पुलों का व्यापक तकनीकी निरीक्षण इस प्रकार किया जाता है कि ऐसे 20 प्रतिशत पुलों का निरीक्षण प्रतिवर्ष किया जाता है। रेल मंत्री ने बताया कि पुलों की मरम्मत, मजबूतीकरण, पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण एक सतत और निरंतर प्रक्रिया है और यह पुलों के निरीक्षण के आधार पर की जाती है। 2022-2025 (दिसंबर 2025 तक) के दौरान, भारतीय रेलवे में 8,626 रेलवे पुलों की मरम्मत, पुनर्वास, मजबूतीकरण एवं पुनर्निर्माण किया गया है। इसके अतिरिक्त, कुछ रेलवे पुलों की स्थिति के आधार पर उनका निरीक्षण अधिक बार किया जाता है। रेलवे पुलों की मरम्मत, मजबूतीकरण, पुनर्निर्माण एक सतत प्रक्रिया है और निरीक्षण के दौरान उनकी भौतिक स्थिति के आधार पर आवश्यकतानुसार की जाती है। विशेष तकनीकी ऑडिट भी किया जाता है और अनुवर्ती कार्रवाई की जाती है। सबवे/आरयूबी का निरीक्षण मानसून शुरू होने से पहले और बाद में किया जाता है।



## संविदागत स्वास्थ्य कर्मियों को मिलेगा 10 प्रतिशत अतिरिक्त प्रोत्साहन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत कार्यरत संविदागत स्वास्थ्य कर्मियों के लिए राज्य सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। सरकार ने इन कर्मियों के मनोबल को बढ़ाने और कार्य संस्कृति को मजबूत करने के उद्देश्य से संविदागत स्वास्थ्य कर्मियों मासिक मानदेय पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया है। यह राशि राज्य योजना मद से दी जाएगी और हर महीने नियमित रूप से भुगतान की जाएगी। सरकार के निर्णय के अनुसार यह 10 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि सितंबर 2025 से लागू मानी जाएगी। जिन संविदागत कर्मियों का मानदेय उस समय जो निर्धारित था, उसी के आधार पर अतिरिक्त राशि दी जाएगी। इस प्रोत्साहन राशि पर किसी प्रकार की वार्षिक वृद्धि नहीं जोड़ी जाएगी। वहीं, 31 अगस्त 2025 के बाद नियुक्त होने वाले नए संविदागत कर्मियों को उनके प्रारंभिक मानदेय पर ही यह 10 प्रतिशत अतिरिक्त राशि मिलेगी। राज्य स्वास्थ्य समिति सूत्रों ने बताया कि सितंबर 2025 से मार्च 2026 तक, सभी संविदागत कर्मियों को यह प्रोत्साहन राशि देने के लिए कुल 42 करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी। सरकार ने इस पूरी राशि को मंजूरी दे दी है और इसे राज्य स्वास्थ्य समिति को उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है ताकि समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जा सके। सरकार का मानना है कि इस कदम से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत डाक्टरों, नर्सों, तकनीकी कर्मचारियों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को आर्थिक सहयोग मिलेगा।

## ग्रामीण सड़कों को और अधिक सुरक्षित बनाने की तैयारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ग्रामीण कार्य विभाग ने ग्रामीण सड़कों को और अधिक सुरक्षित बनाने की तैयारी की है। पूर्व निर्मित और निर्माणाधीन सभी ग्रामीण सड़कों एवं पुलों के जंक्शन और आरेखन पर पड़ने वाले सभी स्कूल, अस्पताल, बाजार, बैंक आदि के पास रम्बल स्ट्रीप या जेबरा क्रॉसिंग के साथ साइन बोर्ड लगाए जाएंगे। चिह्नित 20 हजार 691 स्थानों में 12,472 पर इनका निर्माण होगा। शेष 8,444 स्थानों पर इनका निर्माण हो चुका है। सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ग्रामीण कार्य विभाग ने सात निश्चय पार्ट-3 के तहत दिशा-निर्देश जारी किया है। ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंता प्रमुख सह सह विशेष सचिव ने विभाग के सभी 108 प्रमंडलों के कार्यपालक अभियंताओं को इस संबंध में पत्र लिखा है। रम्बल स्ट्रीप सड़क की सतह पर बना खांचा या उभरा हुआ पैटर्न होता है, जो वाहन के गुजरने पर कंपन और गड़गड़ाहट की आवाज पैदा करता है। यह मुख्य रूप से हाईवे के किनारे या बीच में नींद या लापरवाही से लेन बदलने वाले चालकों को सचेत करने और उसके वाहन की गति को धीमी करने के लिए लगाए जाते हैं।

### दो दिवसीय सीटेट परीक्षा कल से

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से सात और आठ फरवरी को केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 का आयोजन 140 शहरों में किया जाएगा। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है।

## पर्यटन घाट पर समग्र उद्यान का कराएं निर्माण : सीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को गंगा नदी के किनारे स्थित दीघा पर्यटन घाट पर किये जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि पर्यटन विभाग जनार्दन घाट को पर्यटन घाट के रूप में विकसित कर रहा है। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दीघा पर्यटन घाट पर समग्र उद्यान का निर्माण करायें। इस घाट को पक्का घाट बनायें और यहां गंगा आरती की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायें ताकि यहां बड़ी संख्या में आनेवाले लोग इसका आनंद उठा सकें। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा की सैर करने वाले यहां जो पर्यटक आते हैं उनके लिये बुनियादी और अच्छी पर्यटकीय सुविधायें विकसित करायें। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने जेपी सेतु के समानांतर बनाये जा रहे नये सिक्स लेन गंगा ब्रिज के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इसका निर्माण कार्य ससमय तेजी से पूर्ण करायें। इस पुल के बन जाने से पुराने जेपी सेतु पर यातायात का दवाब कम होगा। यह पुल उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार के आवागमन को और सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डा. चन्द्रशेखर सिंह, पर्यटन विभाग के सचिव नीलेश रामचन्द्र देवरे, नगर आयुक्त यशपाल मीणा, जिलाधिकारी डा. त्यागराजन एसएम सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।



### किसानों को फसलों के लिए बाजार दिलाएंगे कृषि अधिकारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य के कृषि पदाधिकारी किसानों को फसलों के लिए बाजार दिलाएंगे। किसानों के उत्पाद ग्रामीण हाट और बाजार प्रांगण तक पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे। उन्हें बाजार भाव की जानकारी देंगे। कृषि विभाग ने इसकी जिम्मेदारी तय कर दी है। जिला से लेकर पंचायत स्तर तक पहली बार जिम्मेदारी तय की गई है। चतुर्थ कृषि रोड मैप के तहत किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने का प्रयास चल रहा है। फसल उत्पादों का भंडारण, मूल्य संवर्द्धन से लेकर निर्यात की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इसके लिए कृषि विभाग के तहत विपणन निदेशालाय गठित की गई है। निदेशा लय ने अब क्षेत्रीय स्तर पर कार्यों के संपादन के लिए सहायक निदेशक(शष्य), जिला कृषि विपणन पदाधिकारी सह विशेष पदाधिकारी तथा अवर कृषि पदाधिकारी की जिम्मेदारी तय कर दी है।

## बिहार में ऊर्ज़ा क्षेत्र में 50 हजार करोड़ का निवेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में ऊर्ज़ा के क्षेत्र में 50 हजार करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। ऊर्ज़ा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव की उपस्थिति में बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड ने लखीसराय जिले के कजरा में स्थापित 185 मेगावाट सौर ऊर्ज़ा सह 282 मेगावाट-ऑवर बैटरी ऊर्ज़ा भंडारण परियोजना से उत्पादित बिजली आपूर्ति के लिए पीपीए साइन किया। इस मौके पर साल 2025 की ऊर्ज़ा प्रक्षेत्र की प्रमुख उपलब्धियों पर आधारित बुकलेट जारी किया गया। कार्यक्रम में ऊर्ज़ा सचिव सह बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी मौजूद रहे। यह समझौता ऊर्ज़ा क्षेत्र में बिहार को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। ऊर्ज़ा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग से बचाव में सौर ऊर्ज़ा की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि आज का दिन बिहार के लिए ऐतिहासिक है। ऊर्ज़ा मंत्री ने कहा कि यह परियोजना केवल बिजली उत्पादन तक सीमित नहीं है बल्कि हरित ऊर्ज़ा और भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बिहार के ऊर्ज़ा प्रक्षेत्र में लगभग 50 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है, जिससे आने वाले समय में बिजली व्यवस्था और मजबूत होगी। ऊर्ज़ा सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि पावर परचेज एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर के बाद परियोजना के व्यावसायिक संचालन का मार्ग प्रशस्त हो गया है। उन्होंने बताया कि बीते एक वर्ष में ऊर्ज़ा विभाग ने जो उपलब्धियां हासिल की है, उन्हें बुकलेट में शामिल किया गया है। बीएसपीजीसीएल के प्रबंध निदेशक महेंद्र कुमार ने कहा कि कजरा सोलर पावर परियोजना के लिए एकरारनामा पर हस्ताक्षर केवल औपचारिक प्रक्रिया नहीं है। यह बिहार की जनता से किए गए वादे को पूरा करने का उत्सव है।




## रेलवे ट्रैक पर मिला महिला और बच्चे का शव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** जिले के विद्यापति नगर के मऊ उत्तर गांव के पास रेलवे ट्रैक पर महिला और एक साल के बच्चे का शव मिला है। महिला का शव क्षत-विक्षत हालत में है जबकि बच्चे की बॉडी ट्रैक किनारे बोरी पर रखा था। आशंका ही हत्या के बॉडी फेंकी गई है ताकि मामला आत्महत्या का लगे। सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। मृतका की पहचान नहीं हो सकी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए लसिंहसराय डीएसपी विवेक शर्मा भी पहुंचे। जांच के लिए एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। पुलिस टीम घटनास्थल पर मौजूद हैं। जानकारी के मुताबिक पेट्रोलिंग के दौरान रेलवे के स्टाफ ने ट्रैक पर शव देखा। जिसके बाद स्टेशन मास्टर को सूचना दी गई। फिर स्थानीय थाने को जानकारी दी गई। घटना विद्यापति नगर के मऊ उत्तर गांव के पास की है। इस संबंध में दलसिंहसराय डीएसपी विवेक शर्मा ने बताया कि रेलवे ट्रैक के किनारे महिला और एक बच्चे का शव मिला है। माना जा रहा है कि दोनों मां-बेटे हैं। शरीर पर कोई जख्म के निशान नहीं मिले हैं। एफएसएल की टीम जांच कर रही है। डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पहचान के लिए आसपास के थानों से संपर्क किया गया है। 72 घंटे तक बॉडी सुरक्षित रखी जाएगी। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

CMYK

# ममता सरकार के अन्याय के आगे कर्मचारियों के न्याय की जीत ऐतिहासिक : मंगल पांडेय

## महंगाई भत्ते के मामले पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री तथा पश्चिम बंगाल भाजपा प्रभारी मंगल पांडेय ने ममता सरकार पर अपने कर्मचारियों के दमन व शोषण का आरोप लगाते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार और उनके कर्मचारियों के बीच लंबे समय से चल रही महंगाई भत्ते (डीए) के विवाद में सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि कई सालों की लड़ाई और संघर्ष के बाद यहां राज्य सरकार के कर्मचारियों को आखिरकार कोर्ट के ऑर्डर के मुताबिक उनके हक का महंगाई भत्ता मिलने वाला है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि कर्मचारियों की एकता, धैर्य और पक्के इरादे का सबूत है जिसे ममता सरकार साजिश व दमनकारी नीतियों के तहत लगातार नजर अंदाज कर रही थी। श्री पांडेय ने बंगाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य की नाकाम मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने काफी समय तक सरकारी कर्मचारियों को उनका जायज हक नहीं दिया। वहीं राज्य सरकार ने महंगाई भत्ता रोकने की पुरजोर कोशिश में जनता के पैसों का दुरुपयोग करते हुए कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए कई बड़े वकीलों को हायर किए। साथ ही कर्मचारियों के जायज आंदोलन पर पुलिसिया कार्रवाई भी की। उन्हें डराने और रोकने के लिए अभद्र और अपमानजनक टिप्पणियां भी की गईं। लगातार दमन और अन्याय के बावजूद, राज्य के कर्मचारियों ने हार नहीं मानी। एक लंबे और सिद्धांतों वाले संघर्ष के जरिए, उन्होंने आज वह हासिल किया है जो उनका हक है। यह जीत अन्याय के खिलाफ न्याय की जीत है।

श्री पांडेय ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा देश की सबसे बड़ी अदालत ने साफ तौर पर कहा है कि महंगाई भत्ता न तो कोई रियायत है और न ही कोई खैरात, बल्कि यह कर्मचारियों का एक कानूनी और अटूट अधिकार है। इस खास मौके पर मैं सभी राज्य सरकार के कर्मचारियों को उनकी ऐतिहासिक जीत और अपने जायज दावों की रक्षा के लिए दिल से बधाई देता हूं। आज सीएम ममता गलत साबित हुईं। उन्होंने अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए बार-बार कहा है कि 'डीए' कर्मचारियों का अधिकार नहीं है। मगर देश की सबसे बड़ी अदालत ने साफ कहा है कि डीए कर्मचारियों का कानूनी तौर पर सही अधिकार है, कोई ग्रांट नहीं। अब आने वाले विधानसभा चुनावों में ममता की पार्टी को जनता सबक सिखाएगी।

# प्रो. रत्ना अमृत के नेतृत्व में बी. डी. कॉलेज ने एआई युग की ओर बढ़ाया कदम



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बी. डी. कॉलेज, पटना ने सीएआइइएस फाउंडेशन, पटना के साथ एक एम.ओ.यू. किया। यह ऐतिहासिक सहयोग कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत के दूरदर्शी नेतृत्व में संपन्न हुआ है। प्रो. अमृत ने सदैव नवाचार, समावेशिता और शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा दिया है। उनके मार्गदर्शन में कॉलेज ने यह सुनिश्चित किया है कि छात्र और समाज दोनों ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता युग के लिए तैयार हो सकें। सीएआइइएस फाउंडेशन द्वारा संचालित एआई योद्धा पहल का उद्देश्य बिहार को एआई-सक्षम बनाना है। यह पहल कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा साइंस को तकनीकी विशेषज्ञों तक सीमित न रखकर समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने का संकल्प रखती है।

विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि अगले शैक्षणिक सत्र से बी. डी. कॉलेज में एआई पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है जिससे छात्रों को डिजिटल युग के अनुरूप शिक्षा और कौशल प्राप्त होंगे। एम.ओ.यू. हस्ताक्षर कार्यक्रम में आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. दिवाकर कुमार पांडेय, बर्सर डॉ. अमित कुमार तथा सीएआइइएस फाउंडेशन के निदेशक डॉ. सुशांत कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। यह सहयोग बी. डी. कॉलेज की सामूहिक प्रतिबद्धता और प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत के गतिशील नेतृत्व का प्रमाण है।

# सत्ता पक्ष ने लोकतंत्र को डर तंत्र में बदला : तेजस्वी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राज्यपाल के अभिभाषण पर अपना पक्ष रखते हुए सरकार पर तीखा हमला बोला। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने उन्हें बोलने के लिए 25 मिनट का समय दिया। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में 'न्याय के साथ विकास नहीं, बल्कि अन्याय के साथ विनाश हो रहा है।' तेजस्वी यादव के इस बयान पर सदन में जोरदार हंगामा देखने को मिला। बीजेपी और जदयू सहित एनडीए के सदस्यों ने उनके विरोध में नारेबाजी शुरू कर दी। इस पर नेता प्रतिपक्ष ने पलटवार करते हुए कहा कि 'आप लोगों ने लोकतंत्र को डर-तंत्र में बदल दिया है।' नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने कोई नया काम नहीं किया है और पुरानी समस्याओं को ही झूठे वादों की पोटली में बांधकर पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है और पूरा बिहार अन्याय के साथ विनाश की ओर बढ़ रहा है। तेजस्वी यादव ने यह भी कहा कि जनता और विपक्ष की निगाहें हमेशा सरकार पर टिकी रहती हैं, लेकिन मौजूदा सरकार अपने कार्यों के प्रति जवाबदेह नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विपक्ष की संख्या भले ही कम हो, लेकिन सरकार की गलत नीतियों और भ्रष्टाचार के खिलाफ सवाल उठाना जारी रहेगा। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि राज्य में अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है और उन्हें यह भरोसा हो गया है कि सरकार उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकती।

# बच्चों ने की अपील, स्वच्छता सर्वेक्षण में जरूर लें भाग

## जीवन में स्वच्छता का काफी ज्यादा महत्व : ममता मेहरोत्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में लोगों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा पाटलिपुत्र कॉलोनी क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रसिद्ध लेखिका और साहित्यकार ममता मेहरोत्रा ने कहा कि जीवन में स्वच्छता का काफी ज्यादा महत्व है। अच्छी स्वच्छता से ही अच्छा स्वास्थ्य जुड़ा हुआ है। घर और नगर दोनों ही हमारे हैं। हम अपने-अपने घर की सफाई अच्छे तरीके से करें, यह अच्छी बात है। हम अपने नगर की सफाई में महत्वपूर्ण योगदान दें यह और ज्यादा अच्छी बात है। इस अवसर पर नवगीतिका लोक रसधार द्वारा साहित्यकार ममता मेहरोत्रा को सम्मानित भी किया गया। पटना नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेस्डर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने कई चर्चित गीतों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में भाग लेने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ममता मेहरोत्रा के साथ-साथ स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में शहर के कई बुद्धिजीवियों और लोक गायक राजेश केसरी ने हिस्सा लिया और एक स्वर में कहा कि पटना नगर निगम की स्वच्छता हम सबकी जिम्मेदारी हैं। नगर की स्वच्छता के लिए लोगों को प्रेरित करना भी सभी की सम्मिलित जिम्मेदारी है। मेरा शहर मेरी जवाबदेही कार्यक्रम चलाकर नगर निगम इसी संदेश हम सभी नागरिकों को दे रहा है। लिट्रा पब्लिक स्कूल के बच्चों ने एक स्वर में कहा कि स्वच्छता के लिए वह स्वयं संकल्पित रहेंगे और अपने माता-पिता एवं परिवार के लोगों को भी प्रेरित करेंगे। विद्यालय के शिक्षकों ने भी स्वच्छता के संबंध में अपनी राय रखी और लोक गायिका नीतू नवगीत ने बच्चों को स्वच्छता के गीत सिखाए।

# कुशल युवा कार्यक्रम में नामांकन बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन से ठोस कदम की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार सरकार की रोजगारोन्मुख एवं महत्वाकांक्षी योजना कुशल युवा कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जिले में नामांकन बढ़ाने को लेकर केवाइपी केंद्र संचालकों ने जिला प्रशासन से ठोस कदम उठाने की मांग की है। केवाइपी वेलफेयर सोसाइटी, वैशाली के जिलाध्यक्ष सह केवाइपी केंद्र संचालक आनंद रंजन झा एवं प्रतिनिधि राकेश सिन्हा ने इस संबंध में जिलाधिकारी, वैशाली को एक लिखित आवेदन समर्पित किया। आवेदन में मांग की गई है कि डीएम स्तर से जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों तथा महाविद्यालयों के प्राचार्यों को 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण पात्र विद्यार्थियों का कुशल युवा कार्यक्रम में नामांकन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराने हेतु स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएं। केंद्र संचालकों ने कहा कि समुचित सूचना, मार्गदर्शन एवं प्रशासनिक समन्वय के अभाव में बड़ी संख्या में पात्र युवा योजना से वंचित रह जा रहे हैं। साथ ही जिला निबंधन सह परामर्श केंद्र को भी प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर कुशल युवा कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार में सक्रिय रूप से लगाए जाने की मांग की गई है।

# भारत में मैगी के 50 वर्ष पूरे होने पर स्मारक डाक टिकट जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** नेस्ले इंडिया ने भारत में मैगी के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर एक विशेष उपलब्धि का जश्न मनाते हुए एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। इस डाक टिकट का अनावरण नेस्ले इंडिया के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष तिवारी ने भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान की उपस्थिति में किया। यह डाक टिकट मैगी की उस विकास यात्रा को समर्पित है जिसमें ब्रांड ने समय से आगे रहते हुए एक अत्यंत लोकप्रिय श्रेणी के पर्याय के रूप में अपनी पहचान बनाई और पीढ़ियों से लोगों को एक साथ लाने का कार्य निरंतर किया। पिछले पांच दशकों में मैगी ने नूडल्स और मसालों से लेकर सॉस, सूप और रेडी-टू-कुक पसंदीदा उत्पादों तक, कई स्वादिष्ट रूपों में भारतीय घरों में अपनी जगह बनाई है। 50 ईयर्स ऑफ टुगेदरनेस डाक टिकट इन साझा अनुभवों को समर्पित एक श्रद्धांजलि है जो उस अपनापन, सुकून और जुड़ाव को दर्शाता है। भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने कहा भारत का प्रसंस्कृत खाद्य क्षेत्र पिछले कई दशकों में घरेलू उपभोक्ताओं का विश्वास अर्जित करने में उल्लेखनीय रूप से आगे बढ़ा है। इस उल्लेखनीय यात्रा का हिस्सा बनते हुए 50 वर्ष पूरे करने पर मैं मैगी को बधाई देता हूं। डाक टिकट के शुभारंभ की घोषणा करते हुए नेस्ले इंडिया के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष तिवारी ने कहा भारत में मैगी के लिए यह वास्तव में एक विशेष उपलब्धि है।

# पूर्व रेलवे ने करीब 100 होली विशेष ट्रेनों को चलाने की योजना बनाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** आगामी होली पर्व के दौरान यात्रियों की संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेल ने विभिन्न दिशाओं में पूर्व रेलवे ने इस बार होली स्पेशल ट्रेनों की 94 यात्राएं चलाने की योजना बनाई है। इस योजना के तहत अपने पैतृक स्थानों की यात्रा करने, परिवार के सदस्यों से मिलने, त्योहार मनाने और पुरी जैसे महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए सुगम यात्रा सुनिश्चित की जा सके। पूर्व रेलवे के विशेष ट्रेनों की कुल 94 यात्राओं में 10 यात्राएं कोलकाता और रक्सौल के बीच (बरौनी के रास्ते), 08 यात्राएं कोलकाता और मधुबनी के बीच (बरौनी के रास्ते), 20 यात्राएं कोलकाता और गोरखपुर के बीच (पटना के रास्ते), 08 यात्राएं और हावड़ा एवं आनंद विहार के बीच (झाझा-किउल-गया के रास्ते), 08 यात्राएं शामिल है। इसके अलावा हावड़ा और खातीपुरा के बीच (झाझा-किउल-गया के रास्ते), 02 यात्राएं कोलकाता और न्यू जलपाईगुड़ी के बीच तथा 8 यात्राएं सियालदह और पुरी के बीच चलेंगी। इसके अलावा 6 यात्राएं आसनसोल और गोरखपुर के बीच (पटना के रास्ते), 8 यात्राएं मालदा टाउन और आनंद विहार के बीच (झाझा-किउल-गया के रास्ते), 8 यात्राएं मालदा टाउन और उधना के बीच (किउल-गया के रास्ते) और 8 यात्राएं मालदा और मुंबई के बीच (किउल-पटना के रास्ते) चलाने की भी योजना बनाई गई है। इन विशेष सेवाओं से होली की भीड़ में काफी राहत मिलने की उम्मीद है और प्रमुख तीर्थ स्थलों पर होली मनाने के इच्छुक श्रद्धालुओं सहित यात्रियों के लिए सुविधाजनक यात्रा विकल्प उपलब्ध होंगे। पूर्व रेलवे यात्रियों की मांग पर बारीकी से नजर रखेगा और आवश्यकता पड़ने पर विशिष्ट मार्गों पर अतिरिक्त होली विशेष ट्रेनों के परिचालन के लिए भी तैयार है।

# 'टीचर्स ऑफ बिहार' समूह आज केवल एक राज्यस्तरीय पहल नहीं, बल्कि शिक्षकों के लिए प्रेरणा का मॉडल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी के रूप में राष्ट्रीय स्तर तक अपनी सशक्त पहचान बना चुका 'टीचर्स ऑफ बिहार' समूह आज केवल एक राज्य-स्तरीय पहल नहीं, बल्कि देशभर के शिक्षकों के लिए प्रेरणा का मॉडल बन चुका है। डॉ. चंदन श्रीवास्तव, शैक्षिक समन्वयक, भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने कहा कि टीचर्स ऑफ बिहार शिक्षकों को निरंतर सीखने, नवाचार अपनाने और आपसी सहयोग के माध्यम से सशक्त करने का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह समूह जमीनी स्तर पर शिक्षकों की सहभागिता को बढ़ाते हुए कक्षा-कक्ष तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के प्रभाव को स्पष्ट रूप से दिखाता है। डिजिटल माध्यमों का रचनात्मक उपयोग और शिक्षक-नेतृत्व आधारित कार्यशैली इसे एक आदर्श प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी के रूप में स्थापित करती है। वहीं संजय कुमार, उप निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् ने कहा कि टीचर्स ऑफ बिहार ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब शिक्षक संगठित होकर साझा लक्ष्य के साथ आगे बढ़ते हैं तो शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। यह मंच न केवल शिक्षकों के व्यावसायिक विकास को गति देता है, बल्कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप नवाचार, शोध और अनुभव साझा करने की संस्कृति को भी मजबूती प्रदान करता है। दोनों वक्ताओं ने एक स्वर में यह स्वीकार किया कि टीचर्स ऑफ बिहार आज शिक्षक सशक्तिकरण, सहयोगात्मक अधिगम और शैक्षिक नवाचार का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है जिसकी पहचान अब राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित हो चुकी है और भविष्य में यह राज्य ही नहीं बल्कि देश की शिक्षा प्रणाली को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# बागवानी महोत्सव बिहार के किसानों, महिलाओं और उद्यमियों के लिए रोजगार का समेकित मंच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उद्यान निदेशालय, कृषि विभाग द्वारा आयोजित बागवानी महोत्सव-2026 बिहार के किसानों, महिलाओं, युवाओं और उद्यमियों के लिए तकनीक-बाजार-रोजगार का समेकित मंच है। यह महोत्सव किसानों को उन्नत किस्मों, गुणवत्तापूर्ण पौध/बीज, आधुनिक संरक्षित खेती (पॉली हाउस/शेडनेट), प्रसंस्करण, मूल्यवर्धन, पैकेजिंग, भंडारण तथा विपणन से जोड़कर घर-घर समृद्धि का रास्ता प्रशस्त करेगा। महोत्सव में राज्य भर से लगभग 1500 किसानों की सहभागिता तथा 60 से अधिक स्टॉल/प्रदर्शनी (10,000 से अधिक प्रदर्शन) के माध्यम से फल, फूल, सब्जियां, मशरूम, मखाना, मधु, औषधीय एवं सुगंधीय पौधों सहित विविध बागवानी उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। आगंतुक उच्च गुणवत्ता की नर्सरी, बीज/रोपण सामग्री, बागवानी यंत्र तथा फल-सब्जी के प्रसंस्कृत उत्पादों का प्रदर्शन सहित क्रय करने का अनुभव भी प्राप्त कर सकते हैं।

# उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान दे रहा मधुबनी व गोदना पेंटिंग का प्रशिक्षण

## वस्त्र मंत्रालय की सीएचसीडीएस योजना के तहत 60 प्रतिभागियों की 50 दिवसीय ट्रेनिंग शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय की सीएचसीडीएस योजना के तहत पटना में 60 प्रतिभागियों की ट्रेनिंग शुरू हो गई है। पटना स्थित उपेंद्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान इन सभी प्रतिभागियों को 50 दिनों तक मधुबनी व गोदना पेंटिंग का प्रशिक्षण देगा। यह प्रशिक्षण पारंपरिक लोक कलाओं के संरक्षण, संवर्धन एवं तकनीकी उन्नयन के उद्देश्य से सीएचसीडीएस योजना से दिया जा रहा है। गौरतलब है कि प्रशिक्षण के पहले सभी अभ्यर्थियों की व्यावहारिक दक्षता परीक्षा ली गई और दस्तावेज का सत्यापन किया गया। मधुबनी पेंटिंग के लिए 30 व गोदना पेंटिंग के लिए भी 30 प्रतिभागियों का चयन हुआ है। इन सबको 3 फरवरी से पारंपरिक कला कौशल के साथ आधुनिक डिजाइन एवं तकनीकी नवाचार का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य पारंपरिक शैली और तकनीकों का सुदृढ़ अभ्यास, डिजाइन विकास व उत्पाद विविधीकरण, गुणवत्ता उन्नयन, समकालीन बाजार की मांग के अनुरूप उत्पाद तैयार करना आदि सिखाया जा रहा है।

# सोनालीका ने 10 महीनों में शानदार बिक्री प्रदर्शन दर्ज की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** 30वें वर्षगांठ की शानदार शुरुआत करते हुए सोनालीका ट्रैक्टर्स ने अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 के 10 महीनों के दौरान 151604 ट्रैक्टरों की अब तक की सबसे तेज कुल बिक्री दर्ज की है। भविष्य के लिए तैयार तकनीकों से लैस हैवी-ड्यूटी ट्रैक्टरों द्वारा सोनालीका ने विभिन्न क्षेत्रों में कृषि समृद्धि का नेतृत्व करना जारी रखा है और यह बदलते कृषि परिदृश्य में निरंतर वृद्धि देने की कंपनी की क्षमता को दर्शाता है। इस नई उपलब्धि पर अपने विचार साझा करते हुए रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने कहा कि अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 के बीच 10 महीनों में 1.51 लाख ट्रैक्टरों की बिक्री का अब तक का सबसे तेज आंकड़ा दर्ज करके हम बेहद प्रसन्न हैं। इससे हमें 2026 में अपने 30वीं वर्षगांठ के लिए एक मजबूत शुरुआत मिली है। यह हमारे इस सरल विश्वास की पुष्टि करता है कि निरंतर विकास मजबूत बुनियादी सिद्धांतों पर आधारित होता है और हमारे ब्रांड पर किसानों का भरोसा एक स्पष्ट प्रमाण है।

# होली पर पूर्व मध्य रेल द्वारा चलाएंगी 285 होली स्पेशल ट्रेनें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** होली के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनको सुगम आवागमन की सुविधा मुहैया कराने हेतु भारतीय रेलवे द्वारा 01 मार्च से 22 मार्च के मध्य अभी तक 1410 होली स्पेशल ट्रेन (ट्रिप) के परिचालन का निर्णय लिया गया है । इसमें पूर्व मध्य रेल द्वारा 285 होली स्पेशल ट्रेन (ट्रिप) का परिचालन किया जायेगा । इनमें से कुछ ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है-गाड़ी सं. 09821/09822 सोगरिया(कोटा)-दानापुर-सोगरिया स्पेशल (कटनी-प्रयागराज छिवकी-डीडीयू-बक्सर-आरा के रास्ते)- गाड़ी सं. 09821 सोगरिया-दानापुर स्पेशल 28.02.2026 एवं 07.03.2026 शनिवार को सोगरिया (कोटा) से होली स्पेशल के रूप में 23.10 बजे खुलकर अगले दिन 20.00 बजे डीडीयू रूकते हुए 23.45 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 09822 दानापुर-सोगरिया स्पेशल 02.03.2026 एवं 09.03.2026 सोमवार को दानापुर से होली स्पेशल के रूप में 01.15 बजे खुलकर 05.15 बजे डीडीयू रूकते हुए अगले दिन 01.10 बजे सोगरिया पहुंचेगी। गाड़ी सं. 01667/01668 रानीकमलापति-दानापुर-रानीकमलापति स्पेशल (इटारसी-जबलपुर- प्रयागराज छिवकी-डीडीयू-आरा के रास्ते)- गाड़ी सं. 01667 रानी कमलापति-दानापुर स्पेशल 27.02.2026 एवं 02.03.2026 को रानी कमलापति से होली स्पेशल के रूप में 14.25 बजे खुलकर अगले दिन 05.40 बजे डीडीयू रूकते हुए 08.45 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 01668 दानापुर-रानी कमलापति स्पेशल 28.02.2026 एवं 03.03.2026 को दानापुर से होली स्पेशल के रूप में 11.15 बजे खुलकर 17.00 बजे डीडीयू रूकते हुए अगले दिन 08.55 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी ।

# राज्य को दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने पर तेजी से चल रहा काम

## विस सत्र के दौरान किए गए प्रश्नों पर राज्य के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने दिया जवाब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** अष्टादश बिहार विधान सभा के सत्र के दौरान गुरुवार को कृषि मंत्री डॉ. राम कृपाल यादव ने कहा कि राज्य में ग्रामीण मंडियों के सुदृढ़ीकरण व राज्य को दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पित है। इन सब पर तेजी से काम चल रहा है। वे सदन में कृषि विभाग से संबंधित विभिन्न प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। इसे लेकर सदस्य श्याम रजक व अमरेन्द्र कुमार ने प्रमुख रूप से सवाल किए जिनका कृषि मंत्री ने विस्तारपूर्वक जवाब दिया। मंत्री ने कहा कि पटना सिटी, मुसल्लहपुर, दानापुर, बिहटा, फतुहा, बाढ़, मोकामा आदि जगहों पर किसानों को अपनी उपज के विपणन में काफी सुलभ हुआ है। इसके साथ ही सभी जिलों में प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर ग्रामीण मंडियों के सुदृढ़ीकरण का कार्य राज्य सरकार के सात निश्चय कार्यक्रम के तहत तेजी से किया जा रहा है। कहा कि बाजार समितियों को निरसित किए जाने के बाद पुरानी व जर्जर मंडियों का जीर्णोद्धार भी कराया जा रहा है। कृषि मंत्री ने दाल उत्पादन से संबंधित प्रश्न के उत्तर में सदन को अवगत कराया कि नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रिशन के अनुसार प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 25 ग्राम दाल की आवश्यकता होती है। दलहन उत्पादन में वृद्धि के उद्देश्य से राज्य सरकार कृषि रोडमैप के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं से दलहन फसलों को प्रोत्साहित कर रही है। बताया कि प्रधानमंत्री ने दलहन की खेती को प्राथमिकता देते हुए चालू वर्ष में विशेष 'दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन' लागू किया है। इसके लिए 93.75 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त राज्य योजना के अंतर्गत 30 करोड़ रुपए व्यय का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। राज्य में 1,15,742 क्विंटल उच्च गुणवत्ता वाले बीज किसानों को अनुदानित दर पर उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे लगभग 4.14 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में दलहनी फसलों का विस्तार कराया जाना है। अगले 5 वर्षों में दलहन उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए दलहन आच्छादन को 4.48 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर 9.19 लाख हेक्टेयर तथा उत्पादन 3.93 लाख मीट्रिक टन को बढ़ाकर 11.27 लाख मीट्रिक टन तक ले जाने की कार्ययोजना पर कार्य किया जा रहा है।

# दोहरे हत्याकांड के पांच अभियुक्त गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** गत 25 जनवरी को सासाराम में फसल थाना क्षेत्र के डुमरिया ग्राम में दोहरे हत्याकांड मामले में पुलिस ने पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। यह जानकारी देते हुए एसपी रोशन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में पत्रकारों को बताया कि दिनांक-25.01.26 को थानाध्यक्ष, सासाराम मु. थाना को सूचना प्राप्त हुई कि सासाराम मु. थानांतर्गत डुमरियों ग्राम में विनय कुमार प्रजापति पे. रामजीत प्रजापति सा.-तिलौथू एवं रूपेश सिंह पे.-जलेश्वर सिंह सा.-उचैला थाना-अमझोर दोनों जिला-रोहतास को पप्पू सिंह उर्फ विनय कुमार सिंह पे. स्व. महेन्द्र सिंह सा.-डुमरियों थाना सासाराम मु. जिला-रोहतास एवं अन्य अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा



गोली मारकर हत्या कर दिया गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए कांड का उद्भेदन एवं संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी-02, सासाराम के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया जिसमें थानाध्यक्ष, सासाराम मु0 थाना एवं तकनिकी सहायता हेतू जिला आसूचना इकाई, रोहतास की टीम को भी शामिल किया गया। गठित विशेष पुलिस टीम के द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर कांड के अनुसंधान एवं तकनिकी विश्लेषणोपरांत आये तथ्यों के आधार पर पप्पू सिंह उर्फ विनय कुमार सिंह के साथी अज्ञात अपराधकर्मी आशीष रजन उर्फ मन्नु, छोटु कुमार, अरूण कुमार, दिलीप सिंह एवं विशाल कुमार की संलिप्तता पायी गयी है। उन्होंने बताया कि गठित विशेष पुलिस टीम के द्वारा आशीष रंजन उर्फ मन्नु पे.-जितेन्द्र सिंह सा.-केउढ़ी थाना-कुदरा जिला-कैमूर एवं छोटु कुमार पे.-शंकर चौरसिया सा.-डिलिया थाना-डिहरी नगर जिला-रोहतास को पूर्व में ही न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

पुलिस के बढ़ते दबिश के कारण प्राथमिकी अभियुक्त पप्पू सिंह उर्फ विनय कुमार सिंह ने दिनांक 31.01. 2026 को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया जिसके उपरांत पप्पू सिंह उर्फ विनय कुमार सिंह को पुलिस रिमाण्ड में लेकर आवश्यक पूछताछ की गई जिसमें काण्ड का खुलासा करते हुए बताया कि अरूण कुमार, दिलीप सिंह एवं मृतक विनय कुमार प्रजापति के बीच जमीनी विवाद काफी दिनों से चला आ रहा था जिसमें पप्पू सिंह उर्फ विनय कुमार सिंह अपना दबादबा बना कर हासिल करना चाहता था।

प्राथमिकी अभियुक्त पप्पु सिंह उर्फ विनय कुमार सिंह के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर दिलीप सिंह को इंद्रपुरी थाना क्षेत्र से, अरूण कुमार को तिलौथू थाना क्षेत्र से तथा उनके उनके गाड़ी के ड्राइवर विशाल कुमार को चेनारी थानांतर्गत नाद गांव से गिरफ्तार किया गया जिसके निशानदेही पर इस काण्ड में प्रयोग किए गए एक देशी एक नाली बंदूक, तीन जिन्दा कारतूस एवं एक उजले रंग का स्कॉर्पियो गाड़ी जिसका रजि.नं.-जेएच 10एस 1201 को बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधकर्मियों के आपराधिक इतिहास के संबंध में जांच की जा रही है। टीम में शामिल सभी पुलिस पदाधिकारी / कर्मियों को पुरस्कृत किया जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवकों की पुलिस ने बचाई जान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** सड़क दुर्घटनाओं में हो रही बेतहिशा वृद्धि की घटनाएं डिहरी-विक्रमगंज पथ पर चिंता का विषय बना हुआ है। गत रात्रि मुख्य सड़क पर हुई दुर्घटना ने सबको झकझोर कर रख दिया है। आधी रात को पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया। काराकाट थाना क्षेत्र में देर रात मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए। इनमें से एक की हालत गंभीर है जिसे सासाराम सदर अस्पताल रेफर किया गया है। काराकाट थाना अध्यक्ष विवेक कुमार के हवाले से बताया गया कि पुलिस ने गश्त के दौरान इस घटना में घायल युवकों को देखा और अस्पताल पहुंचाया। घटना रात करीब 12:10 बजे हुई। बताया गया कि पुलिस गश्ती के दौरान पुलिस की नजर सड़क के किनारे गिरी हुई मोटरसाइकिल पर पड़ी जहां दो युवकों के बगल में घायल स्थिति पर पुलिस की नजर पड़ी। पुलिस ने इटवां मुख्य सड़क पर एक गिरी हुई मोटरसाइकिल देखी और दोनों घायल युवकों को अस्पताल पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल युवक की पहचान नोखा थाना क्षेत्र के मठिया गांव निवासी मदन चंद्रवंशी के पुत्र रविंद्र चंद्रवंशी के रूप में हुई। दूसरे घायल युवक लक्ष्मण चंद्रवंशी के पुत्र शंकर चंद्रवंशी की हालत स्थिर बताई जाती है। पुलिस ने गुरुवार को घायल युवकों के परिवार वालों को सूचना दी। इसमें से एक युवक रविंद्र की हालत ज्यादा खराब बताई गई जिनके उपचार के लिए परिवार वालों ने मदद की गुहार भी लगाई है। पुलिस के द्वारा मामला अंकित कर लिया गया है और घटना के विभिन्न पहलुओं पर जांच की जा रही है।

## केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन का चुनाव सम्पन्न, रमेश कुमार बने अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** प्रखंड मुख्यालय नोखा में केमिस्ट एंड ड्रग्गिस्ट एसोशिएशन नोखा का सत्र 2025-28 का आमसभा सह चुनाव जिला संगठन सासाराम केमिस्ट एंड ड्रग्गिस्ट एसोशिएशन के पदाधिकारियों की देखरेख में संपन्न हुआ जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष के रूप में रमेश कुमार राकेश मेडिकल एजेंसी, उपाध्यक्ष ब्रजेश कुमार अन्नू मेडिकल एजेंसी, सचिव सचिदानंद सिंह अमित मेडिकल एजेंसी, उपसचिव डॉ बिनोद प्रसाद सिंह के भी मेडिकल एजेंसी, कोषाध्यक्ष दिल दिवाकर कुमार आदित्य मेडिकल एजेंसी, संगठन सचिव मो. मुख्तार



अंसारी मुख्तार मेडिकल एजेंसी, संरक्षक राम अवतार सिंह रोहतास मेडिकल हॉल, संयोजक संजय कुमार बिहार मेडिकल स्टोर, प्रवक्ता राजेश कुमार सरस्वती मेडिकल, मीडिया प्रभारी चंद्रभान सिंह लव कुश मेडिकल एजेंसी को चुना गया। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को जिले के पदाधिकारियों द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित कर बधाई दी गई। इस अवसर पर उपस्थित बी सी डी ए सेंट्रल वेस्ट जोन के संयुक्त सचिव कमलेश कुमार सिन्हा, जिलाध्यक्ष रमाशंकर प्रसाद गुप्ता, सचिव राजेश्वर सिंह, जिला संयोजक

## मंडल रेल प्रबंधक ने किया गया जंक्शन का निरीक्षण
## प्लेटफॉर्म 2/3 पर 45 दिन के ब्लॉक में होगा उन्नयन कार्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व मध्य रेल के पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा 4 फरवरी 2026 बुधवार को देर शाम निरीक्षण यान से पं. दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) से गया जंक्शन पहुंचकर सघन निरीक्षण किया गया। गया जंक्शन पर प्लेटफॉर्म संख्या 2 एवं 3 के उन्नयन कार्यों की तैयारी की विस्तृत समीक्षा की गई जो कि 05 फरवरी 2026 से 21 मार्च 2026 तक (45 दिन) के निर्धारित ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ उच्च गुणवत्ता



मानकों पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इस ब्लॉक अवधि में प्लेटफॉर्म 2/3 पर ट्रेनों का आवागमन बंद रहेगा तथा प्रभावित ट्रेनें अन्य प्लेटफॉर्म से परिचालित की जाएंगी। संरक्षा एवं सुरक्षा के लिए यात्रियों से बैरिकेडिंग, स्टेशन संकेतों, निर्देशों तथा अनाउंसमेंट का पालन करने की अपेक्षा की जाती है। निरीक्षण के दौरान संरक्षा, कार्यस्थल पर सुरक्षित कार्य प्रणाली, यात्रियों की सुविधा एवं सुगम आवागमन पर विशेष बल दिया गया। उन्नयन कार्यों का उद्देश्य गया जंक्शन को अधिक आधुनिक, सुरक्षित एवं यात्री-अनुकूल बनाना है। ताकि भविष्य में यात्रियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध हो सके। इस अवधि में कुछ ट्रेनों के परिचालन में आवश्यक बदलाव किए गए हैं। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि यात्रा से पूर्व अपनी ट्रेन की नवीनतम स्थिति रेल हेल्पलाइन 139, रेलवन ऐप, एनटीइएस ऐप/वेबसाइट अथवा स्टेशन इंक्वायरी के माध्यम से अवश्य जांच लें। गया जंक्शन से प्रस्थान कर लगभग मध्यरात्रि में निरीक्षण यान रफीगंज स्टेशन पहुंचा जहां मंडल रेल प्रबंधक द्वारा स्टेशन की कार्य प्रणाली, स्टाफ की तैनाती व सतर्कता, ट्रेन परिचालन प्रक्रिया तथा रजिस्टरों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टेशन पर यात्री सुविधा एवं जारी विकास कार्यों का भी जायजा लिया गया। अच्छी संचालन व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके उपरांत रफीगंज से चंदौली मझवार-गंजख्वाजा रेल खंड में समपार संख्या 78 सी/ई का संरक्षा केंद्रित औचक निरीक्षण किया गया। पूरे दौरे के दौरान डीडीयू-गया-डीडीयू रेल खंड का चल निरीक्षण भी निरीक्षण यान से संपन्न हुआ। निरीक्षण के अवसर पर मंडल के संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कार्प मछली पालन हेतु उचित तालाब प्रबंधन अतिआवश्यक : रंजू कुमारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण कृषि विज्ञान संस्थान के मत्स्य विभाग की सहायक प्राचार्य रंजू कुमारी ने बताया कि भारत में मत्स्य पालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण साधन बन चुका है। विशेषकर कार्प मछलियां जैसे रोहू, कतला और मृगल अपने तेज़ विकास, अधिक मांग और पोषण मूल्य के कारण किसानों की पहली पसंद हैं। कार्प मछली पालन की सफलता काफी



हद तक तालाब के सही प्रबंधन पर निर्भर करती है। कार्प मछली पालन के लिए ऐसे तालाब का चयन करना चाहिए जहां वर्ष भर पानी उपलब्ध रहे। तालाब बहुत उथला या बहुत गहरा न हो। करीब 5ऽ8 फीट गहराई सबसे उपयुक्त रहती है। तालाब की मेढ़ मजबूत होनी चाहिए ताकि पानी का रिसाव न हो। मछली बीज डालने से पहले तालाब की अच्छी तरह सफाई, मेढ़ की मरम्मत और अवांछित जलीय पौधों व परभक्षी मछलियों का नाश करना आवश्यक होता है। तालाब के पानी का अम्लीयता-क्षारीयता संतुलित रखने के लिए चूने का प्रयोग अत्यंत आवश्यक है। सामान्यतः 80-120 किलोग्राम चूना प्रति एकड़ की दर से प्रयोग किया जाता है। इसके बाद गोबर खाद या जैविक खाद डालकर तालाब में प्राकृतिक भोजन (प्लवक) की वृद्धि की जाती है, जो मछलियों के लिए उत्तम आहार है।हमेशा स्वस्थ, रोग-मुक्त और समान आकार के मछली बीज का ही उपयोग करना चाहिए। सामान्यतः कतला : रोहू : मृगल = 30 : 40 : 30 के अनुपात में बीज संचयन लाभदायक माना जाता है।कार्प मछलियों की तेज़ वृद्धि के लिए संतुलित आहार आवश्यक है। चावल की भूसी और सरसों की खली को 1:1 के अनुपात में मिलाकर नियमित रूप से खिलाना चाहिए। आहार की मात्रा मछलियों के कुल भार का 3ऽ5 प्रतिशत होनी चाहिए।तालाब के पानी में घुलित ऑक्सीजन, पारदर्शिता और अम्लीयता-क्षारीयता पर नियमित निगरानी रखनी चाहिए।

## बीपीएससी शिक्षकों की बैठक आठ को

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** आठ फरवरी को भभुआ स्थित जगजीवन स्टेडियम में बीपीएससी शिक्षकों की बैठक होगी। बैठक में बीपीएससी टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अशोक क्रांति विशेष रूप से शामिल होंगे। वे पूरे बिहार में बीपीएससी शिक्षकों को एकजुट करने के उद्देश्य से प्रत्येक जिले में बैठक कर रहे हैं। इधर, इस संबंध में जानकारी देते हुए संघ के अध्यक्ष अशोक क्रांति ने बताया कि बीपीएससी शिक्षकों को सातवें वेतन आयोग की अनुशंसा के अनुरूप वेतनमान दिलाने के लिए सरकार से संघर्ष को मजबूती देने के लिहाज से यह बैठक अहम है। उन्होंने कहा कि प्रोबेशन पीरियड में स्थानांतरण खुलवाने का श्रेय केवल बीपीएससी टीचर्स एसोसिएशन को जाता है और स्थानांतरण प्रक्रिया में तेजी लाने की लड़ाई भी संगठन लड़ रहा है। बैठक में बीपीएससी शिक्षकों की वरीयता बनाये रखने, सर्विस बुक, इंक्रिमेंट और एरियर भुगतान जैसे ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा होगी। साथ ही कैमूर जिला इकाई के गठन और संगठन को मजबूत करने की रूपरेखा भी तय की जायेगी। संगठन का दावा है कि मजबूत संघ बनने से शिक्षकों को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिलेगी।


**शपथ पत्र**

मैं राजकुमारी देवी पति रामनरेश सिंह, ग्राम-बगाही, पो. जयगोविन्दनगर मखरा, थाना-बारूण, जिला- औरगाबाद (बिहार) शपथपूर्वक बयान करती हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं।

आधार कार्ड में मेरा नाम राजकुमारी देवी पति रामनरेश सिंह दर्ज है जिसका आधार नं.- 3926 3784 7000 है।

राम नरेश सिंह मेरे पति थे जिनकी मृत्यु दिनांक 24.09.2025 को हो गयी है। मेरे पति रामनरेश सिंह के द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा, औरंगाबाद में पालिसी करवाया गया है जिसका पालिसी नं.-514787286 है जिसमें नॉमिनी के रूप में मेरा नाम मेरे पति के द्वारा सावित्री देवी दर्ज करवा दिया गया है। मैं राजकुमारी देवी पति रामनरेश सिंह और सावित्री देवी पति रामनरेश सिंह दोनों नामों से जानी पहचानी जाती हूं तथा उक्त दोनों नाम मेरा ही है तथा इस नाम के मेरे गांव में मेरे अलावा अन्य कोई दूसरी महिला नहीं है। मेरे नाम से दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक शाखा बारूण में खाता है जिसमें मेरा नाम राजकुमारी देवी पति रामनरेश सिंह दर्ज है जिसका खाता नं.-70920100138487 है। पति के मृत्यु के बाद उनके द्वारा जमा धनराशि का एकमात्र हकदार एवं दावेदार मैं ही हूं। इसी आशय का यह शपथ पत्र दे रही हूं जो सही एवं सत्य है। मेरी जानकारी में शपथ पत्र में लिखी गयी सारी बातें सही एवं सत्य है।

शपथ पत्र सं. 3294 दिनांक 2.2.2026

**शपथकर्ता**
**राजकुमारी देवी**


## मंडल रेल प्रबंधक ने इंडियन इंस्टीट्यूट मैदान में खिलाड़ियों के लिए सुविधाओं का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक द्वारा डीडीयू जंक्शन परिसर एवं इससे संबद्ध महत्वपूर्ण स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न सुविधाओं, कार्य-प्रगति एवं रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया गया तथा संबंधित क्षेत्रों में सुधार एवं उन्नयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। सर्वप्रथम डीडीयू जंक्शन परिसर में स्टेट बैंक के आसपास के क्षेत्र एवं नवीन पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया गया। कार्य की प्रगति की समीक्षा के उपरांत समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण पूर्णता सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक



निर्देश दिए गए।

इसके पश्चात इंडियन इंस्टीट्यूट कॉलोनी स्थित रेलवे खेल मैदान का निरीक्षण किया गया। वहां खिलाड़ियों हेतु उपलब्ध सुविधाओं, हॉस्टल, रेसलर हॉल एवं अन्य व्यवस्थाओं की स्थिति का अवलोकन किया गया। मैदान और कॉलोनी की बाउंड्री वॉल सहित आवश्यक मरम्मत कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करने तथा जरूरी वर्कआउट व खेल सुविधाओं के साथ मैदान को निरंतर उपयोग योग्य एवं उचित स्थिति में बनाए रखने के निर्देश जारी किए गए। तत्पश्चात पास के 1102 नंबर रनिंग रूम का औचक निरीक्षण किया गया। सुविधाओं एवं स्वच्छता की स्थिति संतोषजनक पाई गई। रेलकर्मियों हेतु उपलब्ध व्यवस्थाओं को और अधिक उन्नत एवं सुचारु रूप से बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अंत में लोको कॉलोनी में खेल मैदान के समीप स्थित रिक्रिएशन रूम का निरीक्षण किया गया। स्थिति का अवलोकन करने के उपरांत रिक्रिएशन रूम के नवीनीकरण/उन्नयन संबंधी निर्देश दिये गए। यह औचक निरीक्षण रेलवे द्वारा रेलकर्मियों, उनके परिवारजन, खिलाड़ियों एवं यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा परिसरों के समुचित रखरखाव एवं उन्नयन के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मंडल स्तर पर ऐसी व्यवस्थाओं को नियमित रूप से बेहतर बनाने के प्रयास जारी रहेंगे।

## कैमूर पहाड़ी के गांवों में पानी का संकट गहराया, सड़क बनी ग्रामीणों की परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** कैमूर पहाड़ी क्षेत्र के जंगलों में बसे गांवों में गर्मी शुरू होने से पहले ही पेयजल संकट चरम पर पहुंच गया है। बुधुआ गांव के हालात बेहद चिंताजनक बताए जा रहे हैं जहां ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। गांव के निवासी रामाधार सिंह ने बताया कि बुधुआ में कई वर्षों से पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है, लेकिन अब स्थिति और बदतर हो गई है। गर्मी की आहट के साथ ही हैंडपंप और अन्य जलस्रोत जवाब देने लगे हैं जिससे ग्रामीणों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी की किल्लत के साथ-साथ बुधुआ स्कूल से गांव की ओर जाने वाली सड़क भी जर्जर हालत में है। यह सड़क पांच साल की अवधि में मरम्मत योग्य



थी, लेकिन अब तक इसका कार्य पूरा नहीं हो सका है। खराब सड़क के कारण स्कूली बच्चों, मरीजों और बुजुर्गों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार स्थानीय विधायक और पीएचडी (लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग) में शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। गांववासियों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में हालात और गंभीर हो सकते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द स्थायी पेयजल व्यवस्था और सड़क मरम्मत की मांग की है।

## घास काटने गयी महिला पर जंगली सूअर ने किया हमला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के इसरी गांव के बधार में पशुओं के लिए घास काटने गयी एक महिला पर जंगली सूअर ने हमला कर दिया। पास में काम कर रहे लोगों ने महिला के शोर मचाने पर दौड़ कर आये और लाठी डंडे से जंगली सूअर को भगाया और महिला की जान बचायी। साथ ही घायल महिला के परिजनों को इसकी सूचना दी गयी। सूचना पर महिला के परिजन बधार में पहुंचे और इलाज के लिए उसे रामगढ़ रेफरल अस्पताल लेकर गये, जहां प्राथमिक इलाज के बाद सदर अस्पताल भभुआ रेफर कर दिया गया। इसके बाद पीड़ित महिला को एंबुलेंस की सहायता से सदर अस्पताल भभुआ लाया गया जहां महिला का इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार घायल महिला रामगढ़ थाना क्षेत्र के इसरी गांव निवासी हाकिम साह की 55 वर्षीय पत्नी सैरुन निशा है। बताया जाता है सैरुन निशा बुधवार की सुबह पशुओं के चारा के लिए बधार में जाकर घास काट रही थी, इसी दौरान पास में छिपे एक जंगली सूअर ने उस पर हमला बोल दिया जिससे वो घायल हो गयीं।

## अकस के अध्यक्ष संतोष सिंह, सचिव बने नंदन कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** जिले की अग्रणी सामाजिक, सांस्कृतिक एवं नाट्य संस्था अभिनव कला संगम (अ.क.स.) की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर संस्था के संविधान के अनुरूप होटल पी एंड एस विंध्या में एक महत्वपूर्ण एवं विस्तृत बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संस्था के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद वारिस अली एवं संचालन पवन कुमार सिंह उर्फ मुनमुन सिंह ने किया जिसमें संस्था के पदाधिकारी, पूर्व पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में आम सदस्य उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए पवन कुमार सिंह ने



बताया कि संस्था के संविधान के अनुसार प्रत्येक वर्ष 26 जनवरी को अभिनव कला संगम की कार्यकारिणी स्वतः भंग हो जाती है। यह परंपरा संस्था के लोकतांत्रिक मूल्यों, पारदर्शिता और अनुशासन को बनाए रखने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वर्षों से यह प्रक्रिया निरंतर जारी है और संस्था के सदस्यों का सहयोग, समर्पण एवं सक्रिय सहभागिता ही इसकी सबसे बड़ी शक्ति रही है। कार्यकारिणी भंग होने के पश्चात नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इस अवसर पर संस्था के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व सचिव ने नई कार्यकारिणी के गठन के लिए अध्यक्ष पद हेतु कलाम हाशमी तथा सचिव पद हेतु रवि तिवारी के नाम का प्रस्ताव एवं समर्थन प्रस्तुत किया। इस प्रस्ताव पर उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से अपनी सहमति व्यक्त की। समर्थन प्राप्त होने पर कलाम हाशमी एवं रवि तिवारी ने संस्था के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके लिए गर्व और जिम्मेदारी का विषय है। पर वर्ष 2025 की कार्यकारिणी द्वारा किए गए उत्कृष्ट एवं ऐतिहासिक कार्यों की सराहना करते हुए वर्ष 2026 में भी उसी ऊर्जा, समर्पण और सामूहिक सहयोग के साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया तथा सभी सदस्यों से निरंतर सहयोग और समर्थन की अपील की।


**SHAHABAD DUGDH UTPADAK SAHKARI SANGH LTD.**
**शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि०**
COMFED
आरा डेयरी, आरा, कतीरा, आरा–802301, ई–मेल–aradairyara@gmail.com

शादुसंःअभि0ः463 **निविदा सूचना** दिनांकः–05.02.2026

निम्नलिखित कार्यों के लिए वैसे संवेदक जिनका निबंधन बिहार सरकार के भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/जल संसाधन विभाग या कॉम्फेड के समुचित श्रेणी में है, से मुहरबन्द निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। कॉम्फेड को छोड़कर अन्य विभागों में निबंधित संवेदकों को परिमाण विपत्र के क्रय के समय यह साक्ष्य जमा करना होगा कि उनके द्वारा विगत चार वर्षों में नीचे उल्लिखित कार्यों के लागत का जिसके लिए निविदा दे रहे है या उससे अधिक का कम से कम दो अलग–अलग समान प्रकृति का कार्य अवश्य पूरा किया गया हो। इस साक्ष्य के आभाव में परिमाण विपत्र निर्गत नही किया जाएगा।

परिमाण विपत्र अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय/शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, आरा के वेव साइट **(www.smusudhaara.com)** से दिनांक 26.02.2026 के 3.00 बजे अपराह्न तक क्रय किया जा सकता है। वेव साइट से डाउनलोड किये गए परिमाण विपत्र का मूल्य डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, आरा के नाम से देय होगा। निविदा निबंधित डाक या कुरियर द्वारा भेजे जाने पर ही स्वीकार की जाएगी। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 28.02.2026 के 12.30 बजे अपराह्न तक होगी। प्राप्त निविदाएँ निविदादाता या उनके प्रतिनिधि के समक्ष दिनांक 28.02.2026 को 01.00 बजे अपराह्न मे खोली जाएगी। विलम्ब से प्राप्त निविदा के लिए शाहाबाद जिम्मेवार नहीं होगा। कॉम्फेड के संवेदकों को छोड़कर अन्य संवेदको को निविदा प्रपत्र के साथ सभी कागजात यथा जी0एस0टी0, पैन निबंधन, भुगतान प्रमाण–पत्र, राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा अन्यथा इसके अभाव में निविदा पर विचार नही किया जाएगा। निविदा की तिथि बढ़ाने या रद्द करने का अधिकार शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, आरा को सुरक्षित रहेगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का (मूल्य रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Construction of Quality Lab Partition Work at RDP, Dehri-On-Sone. | 7,10,475.00 | 14,210.00 | 1,250.00 | 02 (Two) Month |

**प्रबंध निदेशक**

# इंटर परीक्षा में तीसरे दिन डीएम ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण, कदाचार में 11 परीक्षार्थी निष्कासित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा ।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धांतिक) परीक्षा 2026 के तीसरे दिन आज दिनांक 05 फरवरी 2026 को द्वितीय पाली में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा टीएस कॉलेज, हिसुआ एवं इंटर स्कूल, हिसुआ स्थित परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर विधि-व्यवस्था, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, परीक्षार्थियों के बैठने की समुचित व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश-निकास व्यवस्था सहित कदाचार-मुक्त परीक्षा संचालन हेतु की गई व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई। बिहार विद्यालय



परीक्षा समिति के निदेशों के आलोक में सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं कर्मियों को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचार-मुक्त परीक्षा संचालन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान द्वितीय पाली में टीएस कॉलेज, हिसुआ से 03 परीक्षार्थी (आसिफ रजा, प्रणव कुमार एवं सत्यम कुमार) तथा इंटर स्कूल, हिसुआ से 08 परीक्षार्थी (अभिषेक कुमार, रंजन कुमार, आशीष कुमार, आर्यन कुमार, सैफ रजा, सत्यांश कुमार, आकाश कुमार एवं पप्पू कुमार) कुल 11 परीक्षार्थी कदाचार में लिप्त पाए गए। उक्त सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा से निष्कासित करते हुए नियमानुकूल कार्रवाई की गई है।

## पकरीबरावां में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कॉलेज खोलने का उठाया मुद्दा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां ।** 239-वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र की राजद विधायक अनिता ने विधानसभा में पकरीबरावां प्रखंड में स्नातक एवं स्नातकोत्तर महाविद्यालय खोले जाने का मुद्दा उठाया। गुरुवार को विधायक ने सदन में शिक्षा मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पकरीबरावां प्रखंड में अंगीभूत स्नातक एवं स्नाकोत्तर महाविद्यालय नहीं है। जिससे प्रखंड के छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं।

कहा कि पकरीबरावां में महाविद्यालय स्थापित करने को लेकर सरकारी जमीन उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि पकरीबरावां में उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए कॉलेज नहीं रहने से वहां के छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाउंड बहाल करने की मांग, एमएलसी अशोक यादव ने सदन में उठाया मामला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा ।** बिहार विधान परिषद के 212वें सत्र के दौरान नवादा जिले से जुड़ा एक अहम मुद्दा सदन में गूंजा। स्थानीय विधान पार्षद (एमएलसी) अशोक यादव ने नवादा जिले के वारिसलीगंज प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाउंड सुविधा के अभाव का मामला शून्यकाल में जोरदार ढंग से उठाया। एमएलसी ने सदन को बताया कि वारिसलीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण लगभग सात करोड़ रुपये की लागत से कराया गया है, लेकिन इसके बावजूद वहां अल्ट्रासाउंड मशीन की व्यवस्था नहीं है। इसके कारण आम मरीजों के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं को जांच के लिए जिला मुख्यालय या निजी संस्थानों का सहारा लेना पड़ता है। इससे न सिर्फ आर्थिक बोझ बढ़ता है, बल्कि समय और स्वास्थ्य से जुड़ी गंभीर परेशानियां भी सामने आती हैं।



अशोक यादव ने कहा कि अल्ट्रासाउंड जैसी बुनियादी जांच सुविधा के अभाव में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का उद्देश्य अधूरा रह जाता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि मरीजों के हित को देखते हुए वारिसलीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शीघ्र अल्ट्रासाउंड उपकरण उपलब्ध कराया जाए। एमएलसी द्वारा उठाए गए इस मुद्दे को सदन में गंभीरता से सुना गया। उम्मीद जताई जा रही है कि सरकार इस पर जल्द सकारात्मक निर्णय लेगी, जिससे क्षेत्र की जनता को राहत मिल सकेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### राइस में जिलास्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट 7 फरवरी से

**पकरीबरावां (नबिटासं)।** पकरीबरावां प्रखण्ड के राईस क्रिकेट ग्राउंड पर जुल्फकार अली भुट्टो राईस प्रीमियर लीग 2026 जिलास्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का उदघाटन 7 फरवरी को होगा। आयोजक बहादुर मलिक, शेरू मलिक, शादाब इमरान, इंजीनियर जाहिद मलिक एवं महताब मलिक ने बताया कि जिलास्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में नवादा, शेखपुरा, जमुई सहित अन्य जिलों की कुल 16 टीमें भाग ली है। बताया गया कि फाइनल में विजेता टीम को एक लाख रुपए नकद एवं ट्रॉफी तथा उप विजेता को 50 हजार रुपए नकद एवं ट्रॉफी दिया जाएगा।

### श्रीमारूति नंदन प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के दूसरे दिन हुआ अधिवास

**कौआकोल (नबिटासं)।** कौआकोल थाना गेट के समीप बने श्री संकट मोचन मंदिर में श्री श्री 108 श्री मारुति नंदन प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के दूसरे दिन समस्त बेदी पूजन के बाद भगवान की प्रतिमा का अधिवास किया गया। इस दरम्यान पंडित गिरीश दत्त पाठक एवं कुंदन पराशर की देखरेख में वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच समस्त वेदों की पूजा अर्चना की गई। पंडित कुंदन पराशर ने बताया कि श्री मारुति नंदन की प्रतिमा का गंगाजल,अन्न,मिष्ठान,पुष्प आदि सामाग्रियों से अधिवास किया गया। उन्होंने बताया कि यज्ञ के तीसरे दिन श्री मारुति नंदन की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ प्राण प्रतिष्ठा कर हवन एवं पूणार्हुति की जाएगी। आयोजनकर्ता के अनुसार शुक्रवार को कन्या पूजन एवं विशाल भंडारा भी रखा गया है।

### दारुल उलूम फरीदिया रोह में एकेडमिक डेमोंस्ट्रेशन व प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन का आयोजन

**नवादा (नबिटासं)।** रोह स्थित दारुल उलूम फरीदिया में 3 फरवरी 2026 (14 शाबान अल-मुअज्जम 1447 हिजरी) को स्टूडेंट्स का एक शानदार एकेडमिक डेमोंस्ट्रेशन और प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन एनुअल मीटिंग आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता दारुल उलूम नदवतुल उलेमा लखनऊ के फाज़िल एवं दारुल उलूम फरीदिया रोह के मुहतमिम मौलाना अबू सालेह नदवी ने की। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक चला।



इस मौके पर छात्रों ने तिलावत-ए-कुरान, हम्द, नात-ए-नबवी, दुआ, भाषण और संवाद सहित विभिन्न प्रस्तुतियां आधुनिक, वैज्ञानिक और प्रभावशाली शैली में पेश कीं, जिसे उपस्थित उलेमा और दर्शकों ने खूब सराहा। छात्रों की तैयारी में शिक्षिका नसीबा सालेह मोमिनाती की भूमिका सराहनीय रही। वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही पूर्व छात्रों मुफ्ती वसीउल्लाह नदवी और हाफिज सुलेमान नोमानी समेत अन्य को भी सम्मान मिला। मौलाना अबू सालेह नदवी ने मदरसे की शैक्षणिक सेवाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्थानीय बच्चियों को भी घर पर तालीम दी जा रही है। कार्यक्रम का समापन दुआ के साथ हुआ।

### चंडी के बढ़ोना गांव में नीलगाय के आतंक से किसान परेशान

**बिहारशरीफ (नबिटासं)।** जिले के चंडी प्रखंड अंतर्गत बढ़ोना गांव में इन दिनों नीलगाय का आतंक किसानों के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है। खेतों में लहलहाने वाली फसलें नीलगाय के झुंड द्वारा लगातार नष्ट की जा रही हैं, जिससे किसान बेहद मजबूर और निराश नजर आ रहे हैं। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि कई किसानों ने खेती तक छोड़ दी है।किसानों का कहना है कि नीलगाय झुंड में खेतों में घुसकर फसलों को पूरी तरह बर्बाद कर देती हैं। दिन-रात की कड़ी मेहनत के बावजूद लागत तक नहीं निकल पा रही है। इससे किसानों में गहरा आक्रोश और निराशा है।



महीनों की मेहनत पर पानी फिरता देख किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। नीलगाय की बढ़ती समस्या से निजात पाने के लिए आज किसानों ने पंचायत के मुखिया को लिखित आवेदन सौंपा। आवेदन में फसलों की सुरक्षा के लिए ठोस और स्थायी व्यवस्था की मांग की गई है। आवेदन मिलने के बाद पंचायत के मुखिया भी गंभीर नजर आए। उन्होंने बताया कि किसानों की समस्या को देखते हुए वन विभाग के डीएफओ से बातचीत की गई है। नीलगाय नियंत्रण को लेकर वन विभाग के अधिकारियों और शूटर से भी संपर्क किया जा रहा है।

### सीएचसी में आशा को दिया गया प्रशिक्षण

**पकरीबरावां (नबिटासं)।** गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां में तीन पंचायतों की आशा एवं आशा फैसिलिटेटर को प्रशिक्षण दिया गया। आशा को सर्वे रजिस्टर का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही उनके कार्यों का मूल्यांकन किया गया। आशा को रजिस्टर पर बिंदुवार प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें बताया गया कि सर्वे में गांव के किसी भी टोला या मोहल्ला को नहीं छोड़ना है। घर- घर जाकर सर्वे करना है। सर्वे करने के समय घरों में नम्बर भी अंकित करना है। आशा को कहा गया कि पूरी तत्परता के साथ इस कार्य को किया जाना है। इस कार्य में प्रतिनिधियों एवं समुदाय के लोगों का सहयोग लेना है। प्रशिक्षण के दौरान आशा को कुष्ठ रोग कार्यक्रम की भी जानकारी दी गई। आशा को अपने क्षेत्र में कुष्ठ रोगियों को चिन्हित करने को कहा गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य प्रबंधक एम एच रहमान, प्रखण्ड समन्वयक राजीव रंजन कुमार, लेखापाल मोहन कुमार, मोहित कुमार, सौरव कुमार, टिंकू कुमारी, सरोजनी कुमारी, सीमा कुमारी, पूजा कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।




## हिलसा नगर परिषद कार्यालय में भ्रष्टाचार के खिलाफ तालाबंदी, 18 पार्षदों का धरना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा नगर परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार और बोर्ड के निर्णयों की अनदेखी के विरोध में गुरुवार को 18 वार्ड पार्षदों ने नगर परिषद कार्यालय के मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता उपमुख्य पार्षद दुर्गा देवी ने की। धरना दे रहे पार्षदों ने कार्यपालक पदाधिकारी एवं मुख्य पार्षद से आय-व्यय का ब्योरा सार्वजनिक करने तथा बोर्ड की बैठकों में लिए गए निर्णयों को अविलंब लागू करने की मांग किया गया।

इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी वापस जाओ और भ्रष्टाचार बंद करो जैसे नारे लगाए गए। पार्षदों ने आरोप लगाया कि वर्तमान कार्यपालक पदाधिकारी रवि शंकर प्रसाद एवं मुख्य पार्षद धनंजय कुमार की मिलीभगत से नगर परिषद में भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्होंने बताया कि 1 मार्च 2025 से अब तक विभिन्न वार्डों में कराए गए कार्यों से संबंधित मामलों में गंभीर अनियमितताएं हैं। एमबी बुक की सत्यापित छायाप्रति, शहर में लगाए गए तिरंगा लाइट का प्राक्कलन, रैन बसेरा में हुए खर्च का विवरण, नल-जल लीकेज मरम्मत एवं नाला उड़ाही से जुड़े प्राक्कलन जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। पार्षदों का कहना है कि मनमाने तरीके से कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे नगर परिषद के 26 वार्डों में विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। बोर्ड के निर्णयों का लगातार उल्लंघन किया जा रहा है।

## मोहल्ले में पानी जमाव से परेशान लोगों ने नगर पंचायत द्वार पर किया प्रदर्शन, पदाधिकारी बोले जल्द होगा निर्माण कार्य शूरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** रजौली नगर पंचायत में वार्ड संख्या 03 के गोपालनगर मोहल्ले में नालियों के पानी का निकास अवरुद्ध होने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले में नालियों के पानी जमा होने की लिखित एवं मौखिक शिकायत दर्जनों बार की गई है। किंतु नगर पंचायत प्रशासन के कानों में जूं तक नहीं रेंग रहा है। बीते एक सप्ताह पूर्व भी गोपाल नगर मोहल्ले के बंटी सिंह,ओमप्रकाश आर्य समेत दर्जनों लोगों द्वारा मोहल्ले में नालियों के पानी के जमाव की लिखित शिकायत नगर पंचायत कार्यालय को दी गई थी। प्रभारी नगर पंचायत पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी के द्वारा निरीक्षण भी किया गया था।



निरीक्षण के दौरान अतिक्रमणकारी दुकान मालिक अमित कुमार को बीते 29 जनवरी को नोटिस जारी कर बाईपास अवस्थित दुकान मालिक अमित कुमार को 72 घंटों के अंदर अतिक्रमण को हटाने को निर्देशित किया गया था। नोटिस होने के बाद मोहल्लेवासियों में विश्वास था कि अतिक्रमण हटने के बाद नालियों का अवरुद्ध पानी निकलना शुरू हो जाएगा, किंतु हालत और भी बदतर हो गया है। अब मोहल्ले के कई लोग खुद को घरों में बंद कर रहने को मजबूर हैं। गुरुवार को मोहल्लेवासी नगर पंचायत कार्यालय के द्वार पर बैठकर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया। मौके पर मौजूद नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रमोद सिंह एवं प्रधान लिपिक प्रभु कुमार द्वारा बाईपास जाकर अतिक्रमणकारी दुकान मालिक से मिले। दुकान मालिक ने अतिक्रमणमुक्त करने को लेकर दो दिनों का अतिरिक्त समय लिया है। मोहल्लेवासियों ने कहा कि अगले दो दिनों में समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे।

## कृष्णा प्रसाद मेमोरियल प्रीमियर लीग सीजन -1 का समापन, बलिया बुजुर्ग गोल्डन बनी विजेता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा ।** अकबरपुर संगत जी स्थित अंडरग्राउंड स्टेडियम में दूधिया रोशनी के बीच खेले गए कृष्णा प्रसाद मेमोरियल प्रीमियर लीग अकबरपुर सीजन-1 का बीती रात्रि भव्य समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में बलिया बुजुर्ग गोल्डन की टीम ने संघर्षपूर्ण खेल का प्रदर्शन करते हुए बक्संदा टीम को चार विकेट से पराजित कर प्रतिष्ठित कप पर कब्जा जमाया। फाइनल मुकाबले का शुभारंभ अकबरपुर के लोकप्रिय थाना अध्यक्ष रूपेश कुमार सिन्हा द्वारा राष्ट्रगान के साथ किया गया। इसके पश्चात उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस उछाला। टॉस जीतकर बलिया बुजुर्ग गोल्डन के कप्तान ने फील्डिंग का निर्णय लिया, जिसे उनके गेंदबाजों ने पूरी तरह सही साबित किया। शानदार गेंदबाजी और चुस्त क्षेत्ररक्षण के दम पर बलिया बुजुर्ग की टीम ने निर्धारित 12



ओवर में बक्संदा टीम को मात्र 35 रन पर सात विकेट के नुकसान पर रोक दिया। जवाब में खेलने उतरी बलिया बुजुर्ग गोल्डन की टीम ने कड़े संघर्ष के बाद 10 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और तीन विकेट से जीत दर्ज करते हुए कृष्णा प्रसाद मेमोरियल प्रीमियर लीग सीजन-1 की विजेता बनी। मैच में अंपायर की भूमिका खेल प्रशिक्षक हर्ष राय एवं मिनती वर्मा ने निभाई, जबकि स्कोरर की जिम्मेदारी शिवम राज ने संभाली। कमेंट्री मोहम्मद तौफीक एवं सिद्धार्थ कुमार सीटू ने की। विजेता टीम के कप्तान गोल्डन को नवादा के लोकप्रिय युवा विधान परिषद सदस्य अशोक यादव द्वारा विजेता कप एवं 25 हजार रुपये नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं उपविजेता टीम के कप्तान गुलशन कुमार को जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी ने उपविजेता कप एवं 11 हजार रुपये नकद प्रदान किए। उल्लेखनीय है कि इस टूनार्मेंट का आयोजन नवादा की धरतीपुत्र महान खेल प्रेमी स्वर्गीय कृष्णा बाबू की स्मृति में किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता टूनार्मेंट कमेटी के अध्यक्ष राजीव कुमार बॉबी ने की तथा मंच संचालन संजीव कुमार ने किया। इस अवसर पर जिला परिषद प्रतिनिधि लालू यादव, रुद्र यादव, लव कुश यादव, रंजीत कुमार, चमन सुधीर चंद्रवंशी, कुंदन कुशवाहा, सहदेव वर्मा, गुलजार अहमद, मुकेश पाल, अमित साव, पिंटू कुमार, प्रभात कुमार सहित हजारों की संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे। समापन समारोह में अशोक यादव ने घोषणा की कि खेल प्रेमियों एवं आयोजकों की मांग पर वे खेल मंत्री से मिलकर इस अंडरग्राउंड स्टेडियम के विस्तार एवं सौंदर्यीकरण के लिए शीघ्र कार्य कराएंगे।

## नवादा जिले में इंटर परीक्षा में फर्जी परीक्षार्थी पर कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा ।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति 05 फरवरी 2026 को आयोजित इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धांतिक) परीक्षा 2026 का तीसरा दिन नवादा जिले में शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं कदाचार-मुक्त वातावरण में सम्पन्न हुआ। जिला नियंत्रण कक्ष, नवादा से प्राप्त सूचना के अनुसार जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सुचारु रूप से संचालित की गई। सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी परीक्षा केन्द्रों पर निरंतर निरीक्षण एवं भ्रमणशील रूप से उपस्थित रहे तथा सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

परीक्षा के तीसरे दिन प्रथम पाली में भौतिकी तथा द्वितीय पाली में जियोग्राफी एवं बिजनेस स्टडी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न हुई, जिसमें प्रथम पाली पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 05:15 बजे तक आयोजित की गई। आज की उपस्थिति के अनुसार प्रथम पाली में कुल 20,342 परीक्षार्थियों में से 20,150 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 192 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। वहीं 01 परीक्षार्थी प्रोजेक्ट कन्या इंटर स्कूल, हिसुआ से फर्जी पाए गए, जिनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की गई। द्वितीय पाली में कुल 11,639 परीक्षार्थियों में से 11,460 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 179 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए, जबकि 11 परीक्षार्थियों को कदाचार के प्रयास में निष्कासित किया गया। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने हेतु कदाचार के किसी भी प्रयास पर सख्त एवं विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## विभिन्न मामलों में पांच अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजे गए जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के सतगीर, अमावां, घसियाडीह एवं भड़रा गांव से पुलिस बलों ने विभिन्न मामलों में पांच अभियुक्तों को



गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि सतगीर नदी बालू घाट से अवैध खनन में संलिप्त एक बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। जब्त ट्रैक्टर चालक द्वारा एक पर्ची दिखाया गया, जिसमें ट्रैक्टर संख्य जेएच02बीआर 5109 के साथ 800 रुपए का चालान था। ट्रैक्टर चालक जोगियामारण गांव निवासी द्वारा बताया गया कि बालू उठाव को लेकर एक व्यक्ति द्वारा पर्ची काटकर पैसे लिए गए हैं।

ट्रैक्टर चालक की निशानदेही पर मुंशी राजा बिगहा गांव निवासी कैलाश प्रसाद के पुत्र मनोज प्रसाद से पूछताछ किया गया,तो कहा कि वह चौथा गांव निवासी साधु यादव के कहने पर वह प्रति ट्रैक्टर 800 रुपए वसूलता है। साथ ही बताया कि इस काम में साधु यादव के भाई सन्नी यादव व पप्पू यादव के अलावे भौर गांव निवासी संदीप यादव भी सम्मिलित है। थानाध्यक्ष ने कहा कि बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त करते हुए ट्रैक्टर चालक व मुंशी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं अन्य लोगों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है। वहीं दूसरी ओर गुप्त सूचना के आलोक में अमावां गांव निवासी परमेश्वर यादव के पुत्र साहेब यादव को 3 लीटर देशी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मारपीट को लेकर रजौली थाना कांड संख्या 679/25 के वांछित अभियुक्त घसियाडीह गांव निवासी शम्भू प्रसाद उर्फ शम्भू ठठेरा के पुत्र गोपाल प्रसाद उर्फ गोपाल ठठेरा को गिरफ्तार किया गया है। वहीं शराब मामले में भड़रा गांव निवासी कुलो यादव के पुत्र व्यास यादव को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी पांचों गिरफ्तार लोगों को गुरुवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## सड़क दुर्घटना में दिवंगत शिक्षकों को कैंडल मार्च निकालकर दी गई श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** सड़क दुर्घटना में असमय दिवंगत हुए दो शिक्षकों की स्मृति में क्षेत्र में शोक और संवेदना का माहौल रहा। दिवंगत आलोक कुमार, जो उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रोरिया के प्रधानाध्यापक सह जिला सचिव बिहार राज्य अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ नवादा थे, तथा दिवंगत कुन्दन प्रभात, अध्यापक उत्क्रमित मध्य विद्यालय पैरोरिया, प्रखंड मैसकौर, नवादा के निधन से शिक्षा जगत को



गहरा आघात पहुंचा है। दोनों शिक्षकों की सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु के बाद उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से एक कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। यह कैंडल मार्च मध्य विद्यालय मेढ़कुरी से प्रारंभ होकर विजूबिगहा चौक तक निकाला गया। मार्च के दौरान शिक्षकों, शिक्षा प्रेमियों और स्थानीय लोगों ने मोमबत्तियां जलाकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। विजूबिगहा चौक पहुंचने पर उपस्थित शिक्षकों एवं शिक्षा प्रेमियों ने नम आंखों से दोनों दिवंगत शिक्षकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक नरेन्द्र कुमार, अभय कुमार, योगेन्द्र चौधरी सहित बिहार राज्य अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ मैसकौर प्रखंड के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

वक्ताओं ने कहा कि दोनों शिक्षक कर्मठ, समर्पित एवं शिक्षा के प्रति प्रतिबद्ध थे। उनका असमय निधन शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति एवं शोक संतप्त परिवारों को संबल प्रदान करने की कामना की।

## जिलाधिकारी ने किया प्रेस क्लब का निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने स्थानीय नाला रोड स्थित "प्रेस क्लब" का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब को यथाशीघ्र क्रियाशील किया जाए, साथ ही इसकी सुरक्षा व्यवस्था, साफ सफाई एवं रखरखाव की समुचित व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। जिले भर के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सुविधा हेतु इस प्रेस क्लब में शौचालय, पेयजल, वाई-फाई, बैठने आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

इस अवसर पर नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आदि उपस्थित थे ।

## डीएम ने नवनिर्मित ई-लाइब्रेरी भवन का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी कुंदन कुमार भ्रमण कार्यक्रम के दौरान धनेश्वरघाट स्थित नवनिर्मित ई-लाइब्रेरी भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि नवनिर्मित ई- लाइब्रेरी को यथाशीघ्र क्रियाशील किया जाए, साथ ही लाइब्रेरी का सुरक्षा व्यवस्था एवं रखरखाव का समुचित व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित किया जाए ।

इस अवसर पर नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आदि उपस्थित थे ।



# चंदौती में शीघ्र शुरू होगी आधुनिक बाजार समिति

## किसानों को बिचौलियों से मिलेगी राहत : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा है कि चंदौती में आधुनिक कृषि उत्पादन बाजार समिति शीघ्र ही पूर्ण रूप से कार्य करने लगेगी। इससे किसानों को अपनी उपज के विपणन में सुविधा मिलेगी और उचित मूल्य प्राप्त होगा। बिचौलियों से भी राहत मिलेगी। क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने गुरुवार को बाजार समिति परिसर का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति देखी। अधिकारियों को शेष बचे कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से शीघ्र पूरे कराने के निर्देश दिए।



बताया कि गया जी की कृषि उत्पादन बाजार समिति परियोजना की कुल लागत 78.50 करोड़ रुपए है जो लगभग 56.48 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित की गई है। यह परियोजना जिले के किसानों, व्यापारियों एवं आमजन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके अधिकतर कार्य पूरे कर लिए गए हैं। शेष बचे कार्य भी शीघ्र पूरे कर लिए जाएंगे। निरीक्षण के बाद डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गयाजी में फल व सब्जी की बड़ी गाड़ियों के आवागमन से आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। बिहार सरकार शीघ्र ही इस समस्या का भी निदान करेगी। कृषि उत्पादन बाजार समिति परिसर में लोडिंग एवं अनलोडिंग से होनेवाली परेशानियां दूर कराई जाएंगी। गया जी में लगने वाले जाम से निजात दिलाई जाएगी।

निरीक्षण के दौरान अनुमंडल अधिकारी अनिल कुमार रमन, जिला कृषि अधिकारी संजीव कुमार, जिला उद्यान अधिकारी तबस्सुम प्रवीण, परियोजना अभियंता आकाशदीप, आत्मा से नीरज कुमार, जिला महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी, नीरज निश्चल, देवानंद पासवान, कृष्णा साहू, राजनंदन गांधी, वेद प्रकाश, अशोक साहनी, गोपाल चंद्रवंशी आदि भी थे।

## जनता दरबार में डीएम ने सुनीं एक सौ से अधिक आवेदकों की समस्याएं



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने गुरुवार को जनता दरबार में 100 से अधिक आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निदान कराने के निर्देश दिए। इस दौरान अंबातरी पैक्स अध्यक्ष द्वारा स्थानीय किसानों से धान खरीद मकम मात्रा अंकित कर रसीद काटने आदि शिकायतों के साथ खिजरसराय में 70% दिव्यांग को दिव्यांगता प्रमाण पत्र व पेंशन योजना का लाभ देने आदि मांगें भी आईं।

## डॉ. प्रेम कुमार ने कृषि मंत्री से कृषि क्षेत्र से संबंधित मुद्दों को लेकर की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विधान सभाध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने आज अपने कार्यालय कक्ष में कृषि मंत्री रामकृपाल यादव के साथ कृषि क्षेत्र से संबंधित विभिन्न मुद्दों के संबंध में बैठक की। बैठक में विशेष रूप से गया जी जिले में कृषि एवं किसानों के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई।

बिहार में पॉली हाउस एवं नेट हाउस के माध्यम से सब्जियों के उत्पादन की अद्यतन स्थिति, विशेषकर गयाजी जिला में जैविक/प्राकृतिक खेती में किये जा रहे कार्य, कस्टम हियरिंग योजना से संबंधित अद्यतन स्थिति विशेषकर गयाजी जिले के प्रखंडों में दिये गये कृषि यंत्रिकरण से जुड़े ब्यौरे, बिहार के कृषि



उत्पादन बाजार प्रांगण में किराना एवं फल सब्जी व्यापारियों के व्यवसाय को स्थानांतरण किये जाना तथा विशेषकर गयाजी जिले में स्थित चंदौती स्थित बाजार समिति में इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर किये, कृषि उत्पादान बाजार समितियों के जीर्णोद्धार कार्य की अद्यतन स्थिति, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से जुड़े कार्यों की अद्यतन स्थिति, गयाजी में कृषि महाविद्यालय की स्थापना, गयाजी जिले में पान का उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विपणन व्यवस्था, मिलेट (मोटे अनाज) की खेती तथा उसके प्रोसेसिंग हेतु टनकुप्पा में कृषि रोड मैप में दिये गये प्रावधानों के तहत किये गए कार्यों की अद्यतन स्थिति पर विचार-विमर्श किया गया। कृषि मंत्री ने अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि गया जी जिले में चल रही कृषि संबंधी योजनाओं के ससमय क्रियान्वयन को प्राथमिकता के साथ निष्पादित किया जायेगा। बैठक में कृषि विभाग के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने लगाया निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** उप महानिरीक्षक मधुकर अमिताभ के निर्देशन में गुरुवार को 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने दुबहल-बोधगया में निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर लगाया। इसमें डॉ. बच्चा सिंह ने 250 पशुओं की स्वास्थ्य जांच की। सभी मवेशियों के पालकों को 29 वाहिनी की ओर से आवश्यक दवाइयां भी निःशुल्क दी गईं। स्थानीय ग्रामीणों एवं पशुपालकों ने शिविर का भरपूर लाभ उठाया और सशस्त्र सीमा बल द्वारा किए गए इस जनकल्याणकारी प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर वाहिनी के अधिकारी व बलकार्मिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## निर्धारित ध्वनि मानकों के भीतर ही बजाएं डीजे : डॉ. मनीष पंकज मिश्रा

### जिला प्रशासन द्वारा डीजे बजाने को लेकर जारी किया जा चुका है स्पष्ट गाइडलाइन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** जिला प्रशासन द्वारा डीजे बजाने को लेकर स्पष्ट गाइडलाइन जारी की जा चुकी है जिसमें तय मानकों से अधिक आवाज पर रोक लगाई गई है। इसके बावजूद शहर के विभिन्न इलाकों में इन दिशा-निर्देशों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है जो चिंता का विषय है। प्रशासन की गाइडलाइन का उद्देश्य केवल नियम बनाना नहीं, बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य, शांति और मानवाधिकारों की रक्षा करना है। इस संदर्भ में राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश



अध्यक्ष सह भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि खुशी और उत्सव के अवसरों पर डीजे बजाना गलत नहीं है, लेकिन इसे हाई पिच और असहनीय वॉल्यूम में बजाना अनुचित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उत्सव का आनंद इस तरह होना चाहिए कि उससे किसी भी आम नागरिक को परेशानी या स्वास्थ्य संबंधी नुकसान न हो। डॉ. मिश्रा ने जिला प्रशासन से मांग की कि डीजे संचालकों को सख्त निर्देश दिए जाएं कि वे नियंत्रित वॉल्यूम और निर्धारित ध्वनि मानकों के भीतर ही डीजे बजाएं। साथ ही गाइडलाइन का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। ताकि शहर में खुशी का माहौल भी बना रहे और आम नागरिकों का जीवन, स्वास्थ रह सके।

## छापेमारी में महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के ग्राम काबर में पुलिस द्वारा चलाए गए छापेमारी अभियान के दौरान 22 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की गई है। इस दौरान पुलिस ने मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान ग्राम काबर निवासी सुरेंद्र चौधरी (उम्र करीब 42 वर्ष), पिता कारू चौधरी के रूप में की गई है। पुलिस द्वारा बरामद शराब को विभिन्न बर्तनों में रखा गया था जिसे जब्त कर लिया गया है। इस संबंध में आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। आवश्यक कानूनी



प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को गुरुवार दोपहर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब कारोबारियों में हड़कंप देखा जा रहा है।

## मारपीट व धमकी का मामला दर्ज, अभियुक्त गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** कोंच थाना क्षेत्र अंतर्गत मलहबिगहा गांव में मारपीट और आपराधिक कृत्य को लेकर कोंच थाना में कांड संख्या 28/26 दर्ज किया गया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार इस मामले में मलबिगहा निवासी विनय दास, पिता मोतीलाल दास तथा मोतीलाल दास, पिता स्वर्गीय निठलू दास को नामजद अभियुक्त बनाया गया है और दोनों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेजा गया। प्राथमिकी में आरोप है कि अभियुक्तों द्वारा पीड़ित के साथ मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना के बाद पीड़ित ने थाना पहुंचकर लिखित आवेदन दिया जिसके आधार पर पुलिस ने कानूनी कार्रवाई की।

## यूडीआइडी कार्ड अनिवार्यता को लेकर विशेष शिविर में दिव्यांगजनों की उमड़ी भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए यूडीआईडी (यूनिक डिसेबिलिटी आईडी) कार्ड की अनिवार्यता के बीच शेरघाटी में आयोजित विशेष शिविर दिव्यांगजनों के लिए राहत का केंद्र बन गया है। गया जिला प्रशासन की पहल पर शेरघाटी अनुमंडलीय अस्पताल परिसर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लगाए गए इस शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन पहुंच रहे हैं। दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से भी लोग प्रमाणन प्रक्रिया पूरी कराने के लिए शिविर में शामिल हो रहे हैं। शिविर में विशेषज्ञ



चिकित्सकों की टीम द्वारा आंख, कान और अस्थि संबंधी दिव्यांगता की जांच की जा रही है। जांच के बाद पात्र लाभुकों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान किया जा रहा है जो यूडीआईडी कार्ड बनवाने के लिए आवश्यक दस्तावेज है। अधिकारियों ने बताया कि पूर्व में जानकारी के अभाव और संसाधनों की कमी के कारण कई दिव्यांगजन यूडीआईडी कार्ड नहीं बनवा पाए थे, लेकिन ऐसे विशेष शिविर उनके लिए प्रक्रिया को आसान बना रहे हैं। अस्पताल प्रशासन के अनुसार अब तक लगभग ढाई सौ दिव्यांगजन जांच के लिए पहुंच चुके हैं। बढ़ती भीड़ को देखते हुए स्वास्थ्यकर्मियों की अतिरिक्त तैनाती की गई है, ताकि किसी को परेशानी न हो और व्यवस्था सुचारू बनी रहे। शिविर में पंजीकरण, जांच और मार्गदर्शन की समुचित व्यवस्था की गई है। यह विशेष शिविर दिव्यांगजनों की पहचान सुनिश्चित करने के साथ-साथ उन्हें पेंशन, छात्रवृत्ति, स्वास्थ्य और अन्य सरकारी योजनाओं से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 265_2025-26 और 266_2025-26, दिनांकः 03.02.2026,** वरिष्ठ मंडल अभियंता (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/4/ हावड़ा। क्रम सं. 1, ई-निविदा सं. 265_2025-26, कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में वेल्डिंग पोर्शन की आपूर्ति। **अनुमानित मूल्य** : रु. 1,93,89,505/-, **बयाना राशि** : रु. 2,47,000/-, **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं. 266_2025-26, कार्य का विवरण** : वरिष्ठ मंडल अभियंता/4/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में वेल्डिंग पोर्शन की आपूर्ति एवं पर्यवेक्षण सहित एल्यूमिनो थर्मिट एसकेवी प्रक्रिया द्वारा रेल जॉइंटों की वेल्डिंग। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,02,57,936/-, **बयाना राशि :** रु. 2,01,300/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.)** : शून्य (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। **समापन अवधि** : स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय : दिनांक 25.02.2026 को 14.00 बजे।** निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से उपर्युक्त वेबसाइट के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणीः** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्स्ड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-586/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## अंचलाधिकारियों को अनुमण्डल राजस्व अधिकारी पद अस्वीकार, हड़ताल जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू।** एक ओर अंचल अधिकारियों द्वारा सामूहिक रूप से अवकाश पर चले जाने से जहां राजस्व संबंधी सारा कार्य ठप है वहीं बिहार के अंचल अधिकारियों को सरकार द्वारा नवसृजित पर अनुमंडल राजस्व पदाधिकारी का पद अगले पदोन्नति के लिए स्वीकार नहीं है और सामूहिक हड़ताल पर जाने का मूल कारण बना हुआ है। गौरतलब है कि बिहार राजस्व सेवा नियमावली 2010 के तहत राजस्व सेवा के अधिकारियों को सर्वप्रथम अंचलों में राजस्व अधिकारी के रूप में पदस्थापना की जाती है। प्रथम प्रमोशन में अंचल अधिकारी दूसरे प्रमोशन में भूमि सुधार उप समाहर्ता/डीसीएलआर या समकक्ष



तीसरे प्रमोशन में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी या समकक्ष तथा चौथे प्रमोशन में अपर समाहर्ता या समकक्ष का प्रावधान रहा है परन्तु दिनांक 29/1/2026 को मंत्रिपरिषद के बैठक में निर्णय संख्या 23 एवं 30 के द्वारा अंचल अधिकारियों को अगले पदोन्नति के लिए अनुमण्डल राजस्व अधिकारी का पद सृजित किया गया है और भूमि सुधार उप समाहर्ता/ डीसीएलआर की नियुक्ति सीधे -सीधे होगी जिसके लिए 101 पद भी सृजित कर लिया गया है और सरकार उक्त पद पर नियुक्ति हेतु बिहार लोक सेवा आयोग को भेजने को तत्पर है। इस संबंध में कई अंचल अधिकारियों ने बताया कि सरकार द्वारा नवसृजित डीसीएलआर के पद को लेवल-9 बनाया गया है जबकि यह पद लेवल -11का हुआ करता है और अंचल अधिकारियों को उच्च वेतनमान के पदाधिकारी के अधीनस्थ कार्य करने में कोई परेशानी नहीं होती है जबकि अनुमण्डल राजस्व अधिकारी का पद भी लेवल-9 का है परन्तु सामान एवं अधिक अनुभव वाले अधिकारियों के कार्यों का मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण करने वाले नव डीसीएलआर से कार्य में हमेशा अनुमंडल राजस्व पदाधिकारियों में जॉब संतुष्टि का अभाव रहेगा जो विभागीय संघर्ष का कारण होगा। अनुमंडल राजस्व पदाधिकारियों का अधिकार काफी सीमित कर दिया गया है जो उनके अनुभव और कार्य क्षमता के विपरित है। ऐसी स्थिति में बाध्य होकर यह हड़ताल का निर्णय न्याय, सेवा संतुलन एवं एवं लोकहित की सुरक्षा को लेकर विवशतापूर्ण परिस्थिति में लिया गया है जो अनिश्चितकालीन जारी रहेगा।

## पाटलिपुत्र विवि व अगस्त्य फाउंडेशन ने किया समझौता

### आठ हजार से अधिक विद्यार्थियों को मिलेगा निःशुल्क इंटर्नशिप का अवसर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी पहल की है। इसके तहत गुरुवार को प्रतिष्ठित संस्था अगस्त्य फाउंडेशन के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। इस समझौते से पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के 8,000 से अधिक छात्र-छात्राओं को निःशुल्क इंटर्नशिप का अवसर मिलेगा। इस मौके पर विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित विशेष समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.




उपेन्द्र कुमार सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. अबू बकर रिजवी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. राजीव रंजन, इंटर्नशिप कॉर्डिनेटर एवं प्लेसमेंट हेड डॉ. मोहम्मद अली समेत अगस्त्य फाउंडेशन के डायरेक्टर रामजी राघवन, नॉर्थ इंडिया हेड मुकेश कुमार व सुनील कुमार आदि थे। गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार सेमेस्टर 4 के उपरांत सेमेस्टर 5 के सभी विद्यार्थियों को चार क्रेडिट हेतु न्यूनतम 50 घंटे की अनिवार्य इंटर्नशिप आवश्यक है। ऐसे में इस एमओयू को ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। कुलपति प्रो. उपेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि यह पाटलिपुत्र विश्विवद्यालय के लिए एक ऐतिहासिक दिन है।

## आग से धान का पुंज जलकर राख

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** थाना क्षेत्र के सिमरा गांव में गुरुवार को आग लगने की घटना में किसान का धान का पुंज जलकर राख हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अज्ञात व्यक्ति द्वारा फेंकी गई सिगरेट की चिंगारी से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। इस अगलगी की घटना में किसान शीतल यादव का दो पुंज धान पूरी तरह जल गया। आग की लपटें उठते देख ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों एवं ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से आग पर काबू पाया गया जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया। हालांकि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन किसान को आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है।

## एसडीएम के औचक निरीक्षण में अस्पताल में पदस्थापित अधिकांश चिकित्सक अनुपस्थित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** अनुमंडलीय अस्पताल टिकारी में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति को लेकर गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। गुरुवार की दोपहर एसडीएम प्रवीण कुंदन के औचक निरीक्षण में अस्पताल में पदस्थापित एवं प्रतिनियुक्त अधिकांश चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए।

निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर की जांच की गई। अस्पताल में कुल 16 डॉक्टर पदस्थापित/प्रतिनियुक्त हैं, लेकिन मौके पर केवल एक चिकित्सक डॉ. संजीव कुमार ही उपस्थित मिले। शेष चिकित्सकों की अनुपस्थिति के संबंध में कर्मचारियों द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा सका।



रजिस्टर के अवलोकन से यह भी सामने आया कि कई चिकित्सकों की उपस्थिति पूर्व तिथियों तक दर्ज है जबकि वे वास्तविक रूप से अस्पताल में मौजूद नहीं थे। कुछ चिकित्सक एक से पांच फरवरी तक लगातार अनुपस्थित पाए गए। अस्पताल में कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर के द्वारा अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित डॉक्टरों की उपस्थिति बायोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से प्रतिदिन उपस्थिति बनाया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि अस्पताल के चिकित्सक सप्ताह में केवल एक बार अस्पताल आते हैं और पूरे सप्ताह की उपस्थिति बना दी जाती है। इसका सीधा असर गरीब और लाचार मरीजों पर पड़ रहा है, जिन्हें मजबूरन निजी चिकित्सकों से इलाज कराना पड़ता है।

**डॉ. संजिदा अनवर मलिक (सर्जन) नहीं किया अभी तक प्रभार ग्रहण**

बीते 31 जनवरी को अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. विश्वमूर्ति मिश्रा सेवा निवृत्त हो चुके हैं। उनके बाद डॉ. संजिदा अनवर मलिक (सर्जन) को उपाधीक्षक का प्रभार सौंपा गया, लेकिन अब तक उनके द्वारा औपचारिक रूप से प्रभार ग्रहण नहीं किया गया है। उपाधीक्षक का प्रभार रिक्त रहने से अस्पताल में व्याप्त अनियमितताओं पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। निरीक्षण रिपोर्ट में अनुशंसा की गई है कि अनुपस्थित चिकित्सकों का वेतन अवरुद्ध किया जाए तथा अस्पताल में व्यवस्था सुधार के लिए उपाधीक्षक का प्रभार तत्काल दिलाया जाये।


**कार्यालय नगर पंचायत रफीगंज (औरंगाबाद)**

बिहार सरकार

—: आम सूचना :—

कार्यालय नगर पंचायत, रफीगंज द्वारा रफीगंज शहर का वित्तीय वर्ष 2026—27 के लिए वार्षिक बजट तैयार किया जा रहा है नगर पंचायत, रफीगंज क्षेत्र के नागरिकों, स्कूल, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, कॉलेज संस्थानों से अनुरोध है कि अपना बहुमूल्य सुझाव अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक— **10.02.2026** तक उपलब्ध कराया जा सकता है। ताकि नगर निकाय क्षेत्र का विकसोन्मुखी एवं परिणाम बजट तैयार किया जा सके। निम्न बिंदुओं पर नगर पंचायत, रफीगंज शहर के नागरिक के द्वारा अपना बहुमूल्य सुझाव प्रदान किया जा सकता है।

1. रफीगंज शहर में प्रदुषण नियंत्रण पर सुझाव।
2. रफीगंज शहर को स्वच्छ बनाने हेतु सुझाव।
3. रफीगंज शहर को अतिक्रमण मुक्त रखने हेतु सुझाव।
4. नगर पंचायत, रफीगंज के आंतरिक कोष में वृद्धि हेतु सुझाव।
5. रफीगंज शहर के अन्तर्गत जल—जमाव एवं Outfall की समस्या से निजात हेतु सुझाव।
6. शहरी आवास एवं झुग्गी विकास।
7. शुद्ध पेयजल आपूर्ति व्यवस्था।
8. शिक्षा एवं कौशल विकास।
9. शहरी सौंदर्यीकरण एवं विरासत संरक्षण।
10. सड़क, पुल एवं पथ निर्माण।
11. खेलकूद एवं मनोरंजन सुविधाएँ।
12. अन्य कोई बहुमूल्य सुझाव।

नगर कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, रफीगंज

PR- 023282 (B & C) 2025-26

विस्तृत जानकारी वेबसाइट state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

संपादकीय

# ग्रेमी अवॉर्ड : चीन का भड़कना बेमानी

तिब्बत के वयोवृद्ध धर्म गुरू, आध्यात्मिक नेता और नोबेल पुरस्कार विजेता दलाई लामा को इस साल संगीत का प्रतिष्ठित ग्रेमी अवॉर्ड देने पर चीन का भड़कना बेमानी है और शुद्ध रूप से राजनीति से प्रेरित है। यह संभवतः पहला मौका है, जब किसी धर्मगुरू को ग्रैमी अवॉर्ड से नवाजा गया है। दलाई लामा को यह पुरस्कार उनके एल्बम 'मेडिटेशन्स : द रिफ्लेक्शन्स ऑफ हिज होलिनेस द दलाई लामा'के लिए दिया गया है, जो उनकी धार्मिक शिक्षाओं को संगीत से जोड़ता है। यह अवॉर्ड उन्हें सर्वश्रेष्ठ ऑडियोबुक, नरेशन और स्टोरीटेलिंग रिकॉर्डिंग श्रेणी में मिला है। 'दलाई लामा के इस एल्बम का संगीत प्रसिद्ध सरोद वादक उस्ताद अमजद अली खान और उनके पुत्रों अमान अली बंगश और अयान अली बंगश ने तैयार और प्रस्तुत किया है। इस अल्बम में रूफस वेनराइट, मैगी रोजर्स और आंद्रा डे जैसे अंतरराष्ट्रीय कलाकारों ने भी योगदान दिया है। यह प्रोजेक्ट ग्रैमी विजेता कबीर सहगल द्वारा तैयार किया गया है। दलाई लामा द्वारा 90 वर्ष की उम्र में अवॉर्ड जीतना भी अपने आप में ऐतिहासिक घटना है। दलाई लामा का यह अल्बम उनकी शिक्षाओं को प्रसिद्ध कलाकारों के संगीत के साथ जोड़ता है, जिसका उद्देश्य वैश्विक दर्शकों तक शांति और करुणा के संदेश को पहुंचाना है। अपनी धार्मिक आस्था और शांति दूत के रूप में दुनिया में मशहूर दलाई लामा को बौद्ध धर्म के उस नेता के रूप में जाना जाता है, जिसने 21वीं सदी में नए नजरिये और सोच से एक नया समाज रचा है। अवॉर्ड मिलने पर अपनी प्रतिक्रिया में दलाई लामा ने कहा कि मैं इस पुरस्कार को 'हमारी साझा वैश्विक जिम्मेदारी की मान्यता' के रूप में देखता हूं।' दलाई लामा भारत में निर्वासित जीवन जी रहे हैं। गौरतलब है कि अपनी तिब्बती मातृभूमि के लिए अधिक स्वायत्तता की अथक मुहिम चलाने वाले दलाई लामा की दुनिया भर में प्रशंसा की जाती है, जिसे बीजिंग अपना 'अभिन्न अंग' कहता है। दलाई लामा जब 23 साल के थे, तो 1959 में चीनी सेना से अपनी जान बचाने के लिए तिब्बती राजधानी ल्हासा से भागकर भारत आ गए थे और फिर कभी वापस नहीं गए। तिब्बती बौद्ध मानते हैं कि यह उनके आध्यात्मिक नेता का 14वां पुनर्जन्म है। दलाई लामा को ग्रैमी अवॉर्ड देने पर चीन ने अमेरिका को खरी-खोटी सुनाते हुए इसे 'राजनीतिक हेरफेर' बताया है। चीनी विदेश मंत्रालय ने सख्त लहजे में कहा कि अमेरिका सांस्कृतिक मंचों का चीन के खिलाफ 'हथियार' के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। इस पुरस्कार के जरिये अमेरिका ने दलाई लामा की 'अलगाववादी छवि' को सफेद करने की कोशिश की है। चीन ने कहा कि दलाई लामा कोई साधारण धार्मिक व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि वे धर्म का चोला पहन कर चीन विरोधी गतिविधियों में लिप्त एक राजनीतिक निर्वासित व्यक्ति हैं। इस अवॉर्ड का मकसद दलाई लामा के राजनीतिक एजेंडे को अंतरराष्ट्रीय मंच देना है। हालांकि चीन यह भूल गया कि ग्रैमी अवॉर्ड कोई अमेरिकी सरकार नहीं देती, 'द रिकॉर्डिंग अकादमी' देती है। उसके अपने मापदंड हैं। ग्रैमी पुरस्कारों की शुरूआत 1959 में हुई थी और इन्हें संगीत के नोबेल पुरस्कार के रूप में भी जाना जाता है। दूसरे, इस साल अमेरिका के लास एंजेल्स में हुई अवॉर्ड समारोह में कई ग्रैमी विजेताओं ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उनकी इमिग्रेशन पॉलिसी के लिए खुलकर आलोचना की तो ट्रंप ने भी जवाब में कलाकारों को खरी खोटी सुनाई। दरसअल दलाई लामा को पुरस्कृत करने के लिए चीन द्वारा अमेरिका की आलोचना तिब्बत पर चीन के अवैध कब्जे को जायज ठहराने की कोशिश है। चीन के इस विस्तारवादी रवैये को भारत भी कभी स्वीकार नहीं करेगा।

# खनिज संसाधन बदल रहे हैं विश्व राजनीति

**दुनिया के हर कोने में इस वक्त एक नई वैश्विक राजनीतिक चेतना और वर्चस्व स्थापित करने की होड़ मची है। यानी हर ग्लोबल राजनेता अपने देश को आगे निकालने की कतार में खड़ा है। सत्ता में आते है उनके मनसूबे साफ नजर आने लगते हैं कि वह चाहते क्या है? पिछले कुछ दशकों में वैश्विक स्तर पर एक अलग ही प्रकार का राजनीतिक नेरेटिव देखने को मिल रहा है। जिसका सबसे ताजा उदाहरण है अमेरिका, जो यूरोप की राजनीति में एक मजबूत पकड़ रखता है। क्योंकि उसको लगता है कि दुनिया सिर्फ और सिर्फ उसी के इशारे पर चलती है। अमेरिका द्वितीय विश्व युद्ध में एक बड़ी भूमिका निभाता हुआ दिखा, जो दुनिया को हथियार सप्लाई करके खुद को सुपर पावर बनाने की दिशा में आगे बढ़ा। तब से अब तक उसने सभी की जरूरत को पूरा किया और अपने सुपर पावर होने का रुतबा बरकरार रखा।**

**डॉ. ललित कुमार**

यूरोपीय संघ, अरब और नाटो जैसे देश अमेरिका के हाथों की कठपुतली हमेशा बने रहते हैं। क्योंकि वह जब चाहे किसी भी देश की राजनीति में भूचाल ला सकता है। ईरान का ताज़ा उदाहरण सबसे सामने है। वर्तमान दौर में खनिज संसाधनों पर कब्जा करना अब अमेरिका की नियति बनती जा रही है। इससे यह संकेत तो साफ तौर पर देखे जा सकते हैं कि अमेरिका की महत्वाकांक्षा अब कम होने का नाम नहीं ले रही है। बल्कि वह लगातार टैरिफ लगाकर दुनिया को परेशानी में डालने का काम कर रहा है। जिसके ज़रिए वह दुनिया को अपनी ताकत का एहसास कराना चाहता है।

ट्रंप प्रशासन साउथ अमेरिका (वेनेजुएला), यूरोप (रूस-यूक्रेन), एशिया (चीन-ताइवान), मध्य पूर्व (ईरान इजरायल), और अफ्रीका में भी मोर्चा खोले हुए हैं। अब सवाल है कि अमेरिका एक साथ जो इतना रायता फैलाएं हुए है। उसे समेट पाना बड़ा मुश्किल भी हो सकता है। यूरोप, एशिया, मध्य पूर्व और अफ्रीका के बहुत से ऐसे देश इस वक्त अमेरिका की नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर मोर्चा खोल हुए हैं। अमेरिका अपनी सीमाओं से सटे अन्य देशों की सरज़मीं पर रूस, चीन और उत्तर कोरिया को रोकना चाहता है। इस दौर में अमेरिका फर्स्ट एक्शन की नई व्यवस्था बनाकर खुद को फिर से महान बनाने की दिशा में भी काम कर रहा है।

अमेरिका जिन महाद्वीपों के खनिज संसाधनों पर अपनी नजर गड़ाए बैठा है। उसमें वेनेजुएला उसके एजेंडे में सबसे पहले है, जिसके राष्ट्रपति को वह गिरफ्तार करके सलाखों के पीछे डाल चुका है। यानी अमेरिका साफ तौर पर तेल पर कब्जा करना चाहता है, जिससे रूस और चीन के लिए बड़ी मुश्किल खड़ी हो गई है। अमेरिका रूस पर प्रतिबंध जारी करके यूक्रेन को हथियार सप्लाई कर रहा है। अमेरिका फ्रांस जर्मनी को भी धमकी दे चुका है कि वह अपने रक्षा बजट में बढ़ोतरी करें नहीं तो वहां से अपनी सेना हटा लेगा। पोलैंड और बाल्टिक देशों में रूस को घेरने के लिए नाटो में अपनी सेनाओं की तैनाती बढ़ा चुका है।



अमेरिका ताइवान शहर में एयरबेस बनाकर उसे हथियार सप्लाई करके चीन को दक्षिण सागर में रोकना चाहता है। उत्तर कोरिया में अमेरिका वहां के मिसाइल टेस्ट पर प्रतिबंध लगा चुका है। यानी किम जोंग के खिलाफ भी वह मोर्चा खुले चुका हैं। फिलिपींस, वियतनाम और जापान में भी अपनी साझेदारी बढ़ाएं हुए है।अमेरिका भारत को अपने व्यापार में 500 फ़ीसदी टैरिफ का डर दिखाए हुए है। मध्य-पूर्व में इजराइल का समर्थन देकर ईरान के साथ न्यूक्लियर डील तोड़ चुका है। इजरायल-गाजा युद्ध में इजरायल की मदद करके वह हमास को रोकना चाहता है, उधर सीरिया-इराक़ में आईएसआईएस के नाम पर अपनी सेना तैनात करके रूस की सभी योजनाओं पर पानी फेर चुका है। उधर सऊदी अरब में अमेरिका तेल डील मजबूत करके यमन पर भी युद्ध का दबाव बनाए हुए हैं। 'द सेक्रेटेरिएट' वेबसाइट पर वर्ष 2024 में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में दुर्लभ पृथ्वी तत्वों (रेयर अर्थ्स) के सबसे बड़े प्रसंस्करणकर्ता चीन ने इन तत्वों की निकासी और पृथक्करण (एक्सट्रैक्शन और सेपरेशन) से जुड़ी तकनीकों के निर्यात पर भारी प्रतिबंध लगा दिए है। इस प्रतिबंध ने यह भी उजागर किया कि किस प्रकार बहुत कम देश इन महत्वपूर्ण खनिजों के वैश्विक व्यापार पर अपना वर्चस्व रखना चाहते हैं। साथ ही इससे यह भी स्पष्ट होता है कि जैसे-जैसे अधिक देश अपने हरित उद्योगों (ग्रीन इंडस्ट्रीज़) को ऊर्जा देने के लिए इन सामग्रियों की मांग बढ़ा रहे हैं, उसका असर वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा की किस दिशा में जा सकता है। निकेल, कोबाल्ट और लिथियम जैसे महत्वपूर्ण खनिज, तथा नियोडिमियम, स्कैंडियम और यट्रियम जैसे दुर्लभ पृथ्वी तत्वों का उपयोग इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों और आधुनिक तकनीकों की एक विस्तृत श्रृंखला के निर्माण में किया जाता है। ये तत्व कार्बन उत्सर्जन कमी की दिशा में भी बहुत सहायक माने जाते हैं, जिसमें लिथियम का उपयोग इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरियों में सबसे ज्यादा होता है।

डीडब्लू वेबसाइट की एक ओर रिपोर्ट बताती है चीन बड़े पैमाने पर म्यांमार के काचिन राज्य में दुर्लभ खनिजों का खूब दोहन कर रहा है। चीन कंपनिया पहाड़ की चोटी पर छेद करते हैं और फिर अमोनियम नाइट्रेट जैसे रसायनों को उसके जरिए जमीन में डालते हैं ताकि नीचे से दुर्लभ खनिजों को निकाला जा सके। यह रसायन नीचे की तरफ बहते हुए दुर्लभ खनिजों को अपने साथ इकट्ठा कर लेता है। जो बाद में जाकर बड़े-बड़े तालाबों में जमा हो जाता है। चीन अपने घरेलू खनिजों को कम करके, पड़ोसी देश, म्यांमार के खनिज भंडारों पर अपनी नज़र गडाए बैठा हैं, जहां वह लगभग दो दशकों से खनिजों का दोहन कर रहा है।

ग्लोबल विटनेस की रिपोर्ट के अनुसार, चीन ने म्यांमार से भारी दुर्लभ खनिजों का आयात 2021 में 19,500 टन से बढ़ाकर 2023 में 41,700 टन कर दिया है। अमेरिका के डेलावेयर विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर, जूली क्लिंगर ने बताया कि 'दुर्लभ खनिज' शब्द का मतलब उन 17 तत्वों से है, जो रासायनिक रूप से समान हैं। उन्होंने डीडब्ल्यू से कहा, 'इन तत्वों की खासियत यह है कि इनमें अद्भुत चुंबकीय (मैग्नेटिक), विद्युत चालक (कंडक्टिव) और कुछ में तो तापीय गुण (थर्मल) भी होते हैं।' इन्हें अक्सर 'उद्योग जगत का मसाला' भी कहा जाता है क्योंकि बहुत ही कम मात्रा में इस्तेमाल होने पर भी यह औद्योगिक प्रक्रियाओं को काफी बेहतर बना सकते हैं।उदाहरण के लिए, जहाँ भारत ऑस्ट्रेलिया के विशाल लिथियम और कोबाल्ट भंडारों तक अपनी पहुँच बनाने का प्रयास कर रहा है, वहीं ऑस्ट्रेलियाई सरकार यहां के महत्वपूर्ण खनिजों तक भारत की पहुँच को आसान बनाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने को तैयार हैं। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की यामिनी अग्रवाल इस पर लिखती हैं, भारत-ऑस्ट्रेलिया के क्रिटिकल मिनरल्स पार्टनरशिप का मुख्य उद्देश्य आवश्यक खनिजों की स्थिर आपूर्ति को सुनिश्चित करना है। सहयोग के नज़रिए से दोनों देश अधिक विविध और सशक्त आपूर्ति श्रृंखला बनाना चाहते हैं, जिससे उनकी किसी एक देश पर निर्भरता कम हो सके। जहाँ ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया और चीन जैसे देश अपने महत्वपूर्ण खनिजों के निर्यात से राजस्व में वृद्धि का लाभ उठा रहे हैं, वहीं मलेशिया और भारत जैसे देश इस उछाल का लाभ उठाने की योजनाएँ बना रहे हैं, साथ ही खनन से होने वाले पर्यावरणीय जोखिमों को संतुलित करने का प्रयास भी कर रहे हैं। मलेशिया की राष्ट्रीय खनिज उद्योग परिवर्तन योजना 2021-2030, जिसे 2021 में शुरू करने का उद्देश्य पूरे मूल्य श्रृंखला में राष्ट्रीय खनिज उद्योग का सतत विकास करना है, ताकि यह देश विकास का नया स्रोत बन सके। देश में दुर्लभ पृथ्वी तत्वों के भंडारों का मूल्य 160 अरब अमेरिकी डॉलर तक आंका गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण में निवेश करना राजनीतिक दृष्टि से भी तर्कसंगत है। अमेरिका, रूस और चीन के बीच जारी तनावों ने ऊर्जा संक्रमण के लिए आवश्यक खनिजों तक पहुँच के महत्व को और बढ़ा दिया है। इसके परिणामस्वरूप, मुक्त बाजार की नीतियों से हटकर औद्योगिक नीतियों की ओर वापसी देखने को मिल रही है, जैसे कि अमेरिका का इन्फ्लेशन रिडक्शन एक्ट, यूरोपीय संघ का क्रिटिकल रॉ मैटीरियल्स एक्ट, और फ्यूचर मेड इन ऑस्ट्रेलिया एक्ट शामिल है। इन्ही दुर्लभ खनिज संसाधनों के ज़रिए दुनिया का हर देश अपनी कूटनीतिक अर्थव्यवस्था और भू राजनीतिक परिदृश्य को बदलना चाहता है।

## अध्यात्म

### क्रोध करने वाला खुद भी जलता है और दूसरों को भी जलाता है



गौतम बुद्ध अलग-अलग क्षेत्रों में भ्रमण करते और अपने शिष्यों को उपदेश देते थे। एक गांव में वे उपदेश दे रहे थे। बुद्ध ने कहा कि क्रोध ऐसी अग्नि है, जिसमें क्रोध करने वाला खुद भी जलता है और दूसरों को भी जलाता है। बुद्ध के प्रवचन सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग वहां बैठे थे। उन लोगों में बहुत गुस्से वाला एक व्यक्ति भी बैठा हुआ था। उसे ये बातें पसंद नहीं आई। वह अचानक उठा और बोलने लगा कि बुद्ध तुम पाखंडी हो। बड़ी-बड़ी बातें करना ही तुम्हारा काम है। तुम लोगों को भ्रमित कर रहे हो, तुम्हारी ये बातें आज कोई मायने नहीं रखती हैं। व्यक्ति लगातार बुद्ध को अपमानजनक बातें सुना रहा था। वहां बैठे सभी लोग ये देखकर हैरान थे कि बुद्ध ये सब शांति से सुन रहे थे, लेकिन कुछ बोल नहीं रहे थे। क्रोधी व्यक्ति बुद्ध को शांत देखकर और ज्यादा क्रोधित हो गया। वह बुद्ध के पास गया और उनके मुंह पर थूककर वहां से चला गया। घर पहुंचकर क्रोधी व्यक्ति का मन शांत हुआ तो उसे अपने किए पर बहुत पछतावा हुआ। वह बुद्ध से क्षमा मांगने पहुंचा, लेकिन उस गांव से बुद्ध पड़ोस के गांव के लिए निकल चुके थे। वह व्यक्ति बुद्ध को खोजते हुए दूसरे गांव में पहुंच गया। वहां व्यक्ति को जैसे ही बुद्ध दिखाई दिए, वह उनके चरणों में गिर गया और क्षमा मांगने लगा। बुद्ध ने उस व्यक्ति से पूछा तुम कौन हो और क्षमा क्यों मांग रहे हो? उस व्यक्ति ने कहा क्या आप भूल गए? मैंने कल आपके साथ बुरा व्यवहार किया था। आपका अपमान किया था। बुद्ध ने कहा बीता हुआ कल मैं वहीं छोड़ आया हूं और तुम अभी भी वहीं रुके हुए हो। तुम्हें गलती पर पछतावा है, तुमने पश्चाताप कर लिया। अब तुम निष्पाप हो गए हो। बुरी बातें याद करते रहने से हमारा आज बर्बाद हो जाता है। इस आदत की वजह से भविष्य भी बिगड़ सकता है। इसीलिए बीते हुए कल की बातों को भूलकर आगे बढ़ना चाहिए।

# विश्व क्रिकेट का संकट, खेल या सियासत?

**क्रिकेट केवल एक खेल नहीं, बल्कि भावनाओं, स्मृतियों और राष्ट्रीय पहचान का प्रतीक है। जब बल्ला और गेंद की टकराहट से उठने वाली आवाज़ सीमाओं के पार जाकर करोड़ों दिलों की धड़कन बन जाती है, तब क्रिकेट मैदान केवल खेल का मंच नहीं रहता, बल्कि वह राजनीति, कूटनीति और जनभावनाओं का संगम बन जाता है। ऐसे में जब किसी देश द्वारा खेल से हटने जैसा फैसला लिया जाता है, तो वह केवल खेल का मामला नहीं रहता, बल्कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों, आर्थिक हितों और खेल भावना के भविष्य से जुड़ा गंभीर प्रश्न बन जाता है। भारत और पाकिस्तान के बीच प्रस्तावित मुकाबले से पाकिस्तान के हटने का निर्णय इसी तरह का एक घटनाक्रम है, जिसने विश्व क्रिकेट में नई कटुता और असहजता पैदा कर दी है।**

**नृपेन्द्र अभिषेक नृप**

भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मुकाबले का इतिहास हमेशा से रोमांच, भावनाओं और विवादों से भरा रहा है। दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव का असर अक्सर खेल पर पड़ा है, लेकिन इसके बावजूद क्रिकेट कई बार संवाद और सौहार्द्र का माध्यम भी बना है। यही कारण है कि जब पाकिस्तान सरकार ने भारत के खिलाफ मैच न खेलने का निर्णय लिया, तो यह फैसला केवल एक खेल से पीछे हटने का नहीं, बल्कि खेल को राजनीतिक हथियार बनाने की मानसिकता का प्रतीक बन गया। सबसे अधिक निराशाजनक बात यह रही कि इस निर्णय के पीछे कोई स्पष्ट कारण सामने नहीं आया। जब बिना कारण खेल से दूरी बनाई जाती है, तो यह संदेह और अविश्वास को जन्म देता है, जो खेल के मूल उद्देश्य के विपरीत है।

क्रिकेट की वैश्विक संरचना में भारत की भूमिका आज निर्विवाद रूप से केंद्रीय है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड न केवल आर्थिक रूप से सबसे मजबूत संस्था है, बल्कि विश्व क्रिकेट के संचालन में भी उसकी भूमिका निर्णायक है। प्रसारण अधिकारों से लेकर प्रायोजन तक, भारतीय दर्शकों की भागीदारी विश्व क्रिकेट की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन चुकी है। ऐसे में पाकिस्तान का यह रवैया कि वह भारत के साथ खेलने से इनकार करे, केवल भावनात्मक या राजनीतिक नहीं, बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी आत्मघाती प्रतीत होता है। यह विडंबना ही है कि जिस विश्व क्रिकेट को भारत की भागीदारी से सबसे अधिक लाभ मिलता है, उसी मंच पर भारत के खिलाफ खेलने से इंकार किया जाए। पाकिस्तान क्रिकेट पर राजनीति का प्रभाव कोई नया तथ्य नहीं है। वहां खेल अक्सर सत्ता की रणनीतियों और राष्ट्रीय भावनाओं के दबाव में संचालित होता रहा है। 2008 के बाद भारतीय टीम का पाकिस्तान न जाना आतंकवाद और सुरक्षा चिंताओं का परिणाम था, जिसे अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने भी काफी हद तक समझा। लेकिन इसके बावजूद पाकिस्तान के शासक वर्ग ने कभी आत्ममंथन नहीं किया कि आखिर उनके देश की परिस्थितियां ऐसी क्यों बनीं कि अंतरराष्ट्रीय टीमें वहां खेलने से कतराने लगीं। इसके उलट, उन्होंने हर बार खेल को भारत विरोधी राजनीति का मंच बना दिया। परिणामस्वरूप, पाकिस्तान क्रिकेट को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार नुकसान उठाना पड़ा, लेकिन यह नुकसान भी उनके राजनीतिक आग्रहों को बदलने में सक्षम नहीं हो सका।

भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मुकाबला केवल दो टीमों की भिड़ंत नहीं, बल्कि करोड़ों दर्शकों की भावनाओं का उत्सव होता है। यही कारण है कि इस मैच के दौरान विज्ञापन दरें आसमान छूने लगती हैं और प्रसारण कंपनियों को अभूतपूर्व लाभ होता है। यह आर्थिक पहलू केवल निजी कंपनियों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इससे विश्व क्रिकेट के ढांचे को भी मजबूती मिलती है। जब पाकिस्तान इस मुकाबले से हटता है, तो वह न केवल खेल भावना को ठेस पहुंचाता है, बल्कि आईसीसी और आयोजकों के सामने भी आर्थिक





संकट खड़ा कर देता है। यह कदम यह संकेत देता है कि पाकिस्तान खेल को सहयोग और प्रतिस्पर्धा के बजाय विरोध और टकराव का माध्यम बनाना चाहता है। इस पूरे घटनाक्रम को बांग्लादेश के संदर्भ में भी देखा जा रहा है। आईसीसी द्वारा बांग्लादेश को टी20 विश्व कप से बाहर किए जाने के बाद पाकिस्तान की प्रतिक्रिया ने यह संकेत दिया कि वह खेल के बजाय राजनीतिक एकजुटता को प्राथमिकता दे रहा है। यह स्थिति खेलों के मूल उद्देश्य के विपरीत है। खेलों का उद्देश्य राष्ट्रों को जोड़ना, संवाद बढ़ाना और सांस्कृतिक निकटता को मजबूत करना होता है। जब खेल को भू-राजनीतिक रणनीति का उपकरण बना दिया जाता है, तो वह अपने मूल स्वरूप को खो देता है और संघर्ष का मंच बन जाता है।

आईसीसी के सामने यह स्थिति एक बड़ी चुनौती के रूप में उभर रही है। यदि कोई देश राजनीतिक कारणों से खेल से पीछे हटता है, तो इससे अंतरराष्ट्रीय खेल व्यवस्था की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लग जाता है। इसलिए यह आवश्यक है कि आईसीसी ऐसे मामलों में स्पष्ट और कठोर नीति अपनाए, ताकि भविष्य में कोई भी देश खेल भावना के साथ खिलवाड़ न कर सके। यदि नियमों का उल्लंघन करने वाले देशों पर कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो यह प्रवृत्ति अन्य देशों में भी फैल सकती है, जिससे अंतरराष्ट्रीय खेलों का भविष्य संकट में पड़ सकता है। भारत के लिए यह स्थिति आत्मसम्मान और नीति निर्धारण का प्रश्न बन गई है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड को अब यह तय करना होगा कि वह केवल आर्थिक लाभ को प्राथमिकता देगा या राष्ट्रीय सम्मान और खेल की गरिमा को भी समान महत्व देगा। भारत की भलमनसाहत का प्रमाण यह रहा है कि उसने हमेशा खेल को राजनीति से ऊपर रखने की कोशिश की है। लेकिन जब इस उदारता का उत्तर बार-बार विरोध और अपमान के रूप में मिलता है, तो आत्मसम्मान की रक्षा के लिए कठोर कदम उठाना भी आवश्यक हो जाता है।

अब यह सोचने वाली बात है कि खेल और राजनीति के बीच संतुलन कैसे स्थापित किया जाए। यह सत्य है कि खेल पूरी तरह राजनीति से अलग नहीं रह सकता, क्योंकि खिलाड़ी राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करते हैं और खेल राष्ट्र की पहचान का हिस्सा होता है। लेकिन जब राजनीति खेल पर पूरी तरह हावी हो जाती है, तो खेल अपनी आत्मा खो देता है। इसलिए आवश्यक है कि खेलों को संवाद और सहयोग का माध्यम बनाया जाए, न कि टकराव और कटुता का। भारत-पाकिस्तान क्रिकेट विवाद केवल दो देशों के बीच खेल का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह वैश्विक खेल संस्कृति के भविष्य से जुड़ा मुद्दा है। यदि खेल को राजनीति का बंधक बना दिया गया, तो वह अपने मूल उद्देश्य से भटक जाएगा। भारत को चाहिए कि वह अपनी आर्थिक शक्ति और नैतिक प्रभाव का उपयोग करके विश्व क्रिकेट में संतुलन और न्याय की स्थापना करे। वहीं पाकिस्तान को भी यह समझना होगा कि कट्टर राजनीति से न तो खेल का भला होता है और न ही राष्ट का। क्रिकेट का मैदान संघर्ष का नहीं, संवाद का मंच होना चाहिए। बल्ला और गेंद की टकराहट से उठने वाली गूंज नफरत नहीं, बल्कि प्रतिस्पर्धा और सम्मान की भावना पैदा करे, यही खेल की सच्ची आत्मा है। यदि विश्व क्रिकेट इस आत्मा को बचाए रखने में सफल होता है, तभी खेल अपने वास्तविक उद्देश्य को पूरा कर सकेगा। अन्यथा, क्रिकेट भी राजनीति की कटुता में उलझकर अपनी पहचान खो देगा, और यह नुकसान केवल किसी एक देश का नहीं, बल्कि पूरे विश्व खेल समुदाय का होगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
दाम्पत्य सम्बन्धों में स्वार्थ की भावना को न आने दें। करियर में नये प्रयोग कर सकते हैं। दिनचर्या अस्त-व्यस्त न रखें। अनैतिक कार्यों से दूरी बनाकर रखें।

**वृषभ**
व्यवसाय में आपकी आय बढ़ सकती है। परिवार के लोग आपसे अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। अपनी इच्छाओं को पूर्ण करने के लिये तत्पर रहेंगे।

**मिथुन**
आज आपको आत्मनिरीक्षण करने का अवसर मिलेगा। महत्वपूर्ण कार्य किसी कारणवश टल सकते हैं। पुराने मित्रों से आज चर्चा होगी।

**कर्क**
रुकी हुयी परियोजनाओं को प्रारम्भ कर सकते हैं। जीवनसाथी को करियर में बड़ी सफलता मिल सकती है। आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**सिंह**
आपको अपने सम्मान की चिन्ता रहेगी। लम्बी दूरी की यात्रा करने से बचें। कफ और सर्दी की शिकायत हो सकती है। बिना पूछे दूसरों को ज्ञान न दें।

**कन्या**
सरकारी कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है। स्थायी सम्पत्ति प्राप्त होने की सम्भावना है। अपने काम पर फोकस करेंगे।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में अपने विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। आपकी सामाजिक स्थिति मजबूत होगी। महँगी वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं।

**वृश्चिक**
व्यापार को लेकर बड़ी डील हो सकती है। कार्यक्षेत्र में बॉस आपसे अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। मन में आध्यात्मिक विचार जन्म लेंगे।

**धनु**
आज आपको धन हानि होने की आशंका है। इसीलिये आज उधार लेन-देन बिल्कुल न करें। छोटी-छोटी बातों को लेकर परेशान न हों। वरना मुख्य बातों से आपका ध्यान भटक सकता है।

**मकर**
कार्यक्षेत्र में सभी कार्य आपके अनुसार होते जायेंगे। आपकी जीवनशैली बहुत अच्छी रहेगी। व्यापार में अपनी उन्नति से सन्तुष्ट रहेंगे। विलासिता के साधनों में आप धन खर्च करेंगे।

**कुंभ**
आज दूसरों के मामलों में टाँग न अड़ायें। युवा अपने करियर को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। सहकर्मियों के माध्यम से आपको धन लाभ होगा।

**मीन**
लम्बित कानूनी मामलों को लेकर थोड़े परेशान होंगे। महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को जॉब के अवसर प्राप्त होने की सम्भावना है। नयी विद्या को सीखने का प्रयास करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बीएमडब्ल्यू वेंचर्स लिमिटेड पटना ने की नौ महीनों के वित्तीय परिणामों की घोषणा

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बीएमडब्ल्यू वेंचर्स लिमिटेड, पटना (‘कंपनी’) ने सेबी रेग्युलेशन्स, 2015 के अनुरूप वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही (Q3 FY26) तथा 31 दिसंबर 2025 को समाप्त नौ महीनों की अवधि के लिए अपने Unaudited वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। Q3 FY26 के दौरान कंपनी का कुल रेवेन्यू 563.17 करोड़ रहा, जो पिछली तिमाही की तुलना में 61.32 करोड़ (12.22%) की तिमाही-दर-तिमाही वृद्धि को दर्शाता है। वर्ष-दर-वर्ष (Yo) आधार पर रेवेन्यू में 78.27 (16.14) करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई। 31 दिसंबर 2025 को समाप्त नौ महीनों की अवधि में कंपनी का कुल रेवेन्यू 1,547.74 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 70.56 करोड़ (4.78%) की YTD YoY वृद्धि को दशार्ता है। शुद्ध लाभ के स्तर पर कंपनी ने मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया। Q3 FY26 में प्रॉफिट बिफोर टैक्स में तिमाही-दर-तिमाही आधार पर 5.37 करोड़ (53.87%) तथा वर्ष-दर-वर्ष (oY) आधार पर 4.50 करोड़ (41.52%) की वृद्धि दर्ज की गई। नौ महीनों की अवधि में पीबीटी में 3.62 (11.69%) करोड़ की ङ्म वृद्धि दर्ज की गई। Q3 FY26 के दौरान कंपनी का पीबीटी मार्जिन 2.72% रहा। प्रॉफिट आफ्टर टैक्स में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला। Q3 FY26 में पीएटी में QoQ आधार पर 4.38 करोड़ (61.60%), YoY आधार पर 3.55 करोड़ (44.76%) तथा नौ महीनों की अवधि में YoY आधार पर 3.51 करोड़ (16.05%) की वृद्धि दर्ज की गई। इस तिमाही के दौरान पीएटी मार्जिन 2.04% रहा। कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 10 अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 1.50 का अंतरिम डिविडेंड घोषित किया है, जो लागू वैधानिक एवं नियामकीय प्रावधानों के अधीन होगा।

### बीते दो महीने से सड़क पर बह रहा नाला का पानी



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी प्रखंड के बैरमचक गांव में पिछले दो महीने से पूरे गांव के लोग काले पानी की सजा भुगत रहे हैं, दरअसल इस गांव में तकरीबन 2 महीने से नाले का पानी सड़कों पर बह रहा है। नतीजन आवागमन में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और इस नाले के पानी से तकरीबन 50 से अधिक घर इससे प्रभावित है। लोगों को घर से निकलना मुश्किल हो गया है, किसी तरह से नाले के पानी में चलने को विवश हैं, हालांकि महिलाओं को पूजा पाठ करने में कई तरह की परेशानी हो रही है, सरपंच मनोज कुमार उर्फ मंटू यादव ने बताया कि नाले के पानी का कोई निकासी नहीं है, जिस वजह से नाले का पानी रुका हुआ है और सड़कों पर ही बह रहा है जिससे आवागमन में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण स्थानीय प्रशासन से नाले के पानी के निकासी का विकल्प ढूंढा जाए, बैरमचक के बबलू कुमार पटेल,दीनबंधु कुमार (वार्ड सदस्य - 9), मनु बिंद,योगेंद्र बिंद,मुंद्रिका यादव,चंद्रिका यादव, शिवनाथ बिंद,भूखल बिंद आदी शामिल रहे।

### दिव्यांगजनों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी के लिए निकाली गई रैली



**मनेर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा दिव्यांगजनों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी एवं जागरूकता को लेकर गुरुवार को प्रखंड कार्यालय में दिव्यांगजनों की जागरूकता रैली निकाली गई।जिसका उद्घाटन सीडीपीओ मेंविका दर्शन,विकास पदाधिकारी सुधीर कुमार आदि ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर किया। जागरूकता रैली के बारे में प्रखंड विकास पदाधिकारी सुधीर कुमार ने बताया कि दिव्यांगजनों को युडीआईडी कार्ड के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार से चलने वाली बहुत सी योजनाओं का उन्हें लाभ दिया जाता है। 40% से अधिक दिव्यांगजनों को शिक्षा एवं रोजगार हेतु बैटरी चलित ट्राई साइकिल निशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग की ओर से मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना के तहत कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण का भी वितरण किया जा रहा है। जिन लोगों को पहले से सादा या पीला रंग का दिव्यंता प्रमाण पत्र निर्गत है उन्हें युडीआईडी कार्ड के लिए सीएससी सेंटर से आवेदन करना है।वही दिव्यांगजनों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी के लिए जागरूकता रैली निकाली गई।

### नौ दिवसीय सूर्य यज्ञ के लिए निकाली कलश यात्रा

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां बाजार के समीप सूर्य मंदिर प्रांगण में 9 दिवसीय महायज्ञ को लेकर मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गई।फतुहा स्थित त्रिवेणी संगम गंगा घाट से पूजा अर्चना कर सैकड़ों श्रद्धालु कलश में गंगाजल भरकर दस किलोमीटर की पैदल यात्रा कर यज्ञ स्थल पहुंचे।इस महायज्ञ में वाराणसी और वृंदावन के मुकेश शास्त्री समेत कई आचार्य मौजूद थे।

### धनरूआ के मध्य विद्यालय नेतौल के प्रधानाध्यापक की हुई विदाई और सम्मान समारोह का आयोजन

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मध्य विद्यालय नेतौल के प्रधानाध्यापक रामाधीन पासवान का विद्यालय परिवार की ओर से विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के वरीय शिक्षक कामता प्रसाद ने किया। तथा मंच के संचालन ब्रज भूषण प्रसाद ने किया। इस मौके पर धनरुआ के शिक्षक संघ अध्यक्षक गजेंद्र कुमार हिमांशु ने रामाधीन पासवान को एक ईमानदार और मिलनसार शिक्षक बातलाया।




इन्होंने अपने कार्य काल में विद्यालय को सावरने और सजाने का काम किया। इस मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी श्री मिथलेश कुमार, लेखापाल -नदीम जी, डीडीओ- श्रवण कुमार, तथा अन्य और कर्मी उमेश प्रसाद, सुनील कुमार सिंह, राजकुमार, अरुजय कुमार, विपिन कुमार, तनवीर जी, बृजनन्दन जी इत्यादि मई नेतौल के मुखिया अनिल, पंचायत समिति प्रतिनिधि मंटू कुमार इस मौके पर उपस्थित थे। संकुल के सभी शिक्षक उपस्थित रहें, विजय कुमार, अमित कुमार सभी गणमान्य ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की।

# पटना में बिना निशान थायरॉइड सर्जरी की ऐतिहासिक सफलता

## रुबन मेमोरियल हॉस्पिटल में नई मेडिकल उपलब्धि




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार की राजधानी पटना में चिकित्सा क्षेत्र ने एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। रुबन मेमोरियल हॉस्पिटल में अत्याधुनिक एंडोस्कोपिक थायरॉइडेक्टॉमी (Scarless Thyroid Surgery) को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया है। यह जटिल और आधुनिक सर्जरी अस्पताल के वरिष्ठ कंसल्टेंट थोरैसिक, लेप्रोस्कोपिक एवं रोबोटिक सर्जन डॉ. रवि रंजन कुमार द्वारा उनकी विशेषज्ञ टीम के साथ की गई। इस तकनीक की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें गर्दन पर किसी भी प्रकार का चीरा या स्थायी निशान नहीं पड़ता। पारंपरिक थायरॉइड सर्जरी के विपरीत, एंडोस्कोपिक पद्धति में शरीर के अन्य हिस्सों से सर्जरी की जाती है, जिससे मरीज को बेहतर सौंदर्य परिणाम, कम दर्द और तेज रिकवरी मिलती है। डॉ. रवि रंजन कुमार, जो एमसीएच (Minimal Access Surgery) और एआईआईएमएस दिल्ली से प्रशिक्षित हैं, ने बताया कि यह तकनीक विशेष रूप से युवाओं और महिला मरीजों के लिए अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने कहा कि इस सर्जरी में अस्पताल में भर्ती रहने की अवधि कम होती है और मरीज जल्दी अपने सामान्य जीवन में लौट सकता है। इस अवसर पर रुबन ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट एवं प्रबंध निदेशक डॉ. सत्यजीत कुमार सिंह ने कहा कि रुबन मेमोरियल हॉस्पिटल का उद्देश्य हमेशा अत्याधुनिक और सुरक्षित चिकित्सा तकनीकों को बिहार तक लाना रहा है। उन्होंने डॉ. रवि रंजन कुमार और उनकी टीम को बधाई देते हुए कहा कि स्कारलेस थायरॉइड सर्जरी की शुरूआत पटना को उन्नत सर्जिकल सुविधाओं के राष्ट्रीय मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करती है। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि इस तरह की उन्नत सर्जरी के लिए विशेष प्रशिक्षण और अत्याधुनिक उपकरणों की आवश्यकता होती है, जो अब पटना में उपलब्ध होना क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इससे मरीजों को इलाज के लिए बड़े महानगरों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यह उपलब्धि न केवल रुबन मेमोरियल हॉस्पिटल, बल्कि पूरे बिहार में न्यूनतम इनवेसिव और स्कारलेस सर्जरी के क्षेत्र में एक नया अध्याय जोड़ती है।

# मोटरसाइकिल शोरूम के मालिक से दिनदहाड़े छह लाख की लूट

## सूचना पर एसडीपीओ आनंद कुमार सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंच जांच में जुटे

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के बाढ़ थाना अंतर्गत एसडीपीओ ऑफिस से कुछ दूरी पर दिनदहाड़े अपराधियों ने हीरो शोरूम के एक पार्टनर से 6 लाख रुपये लूट कर अपाचे बाइक पर सवार दो अपराधी भाग गये। हीरो शोरूम के मालिक ललन कुमार बैंक ऑफ बरोदा बैंक से पैसा निकालकर अपने शो रूम पहुंचे। फिर वहां से पैदल हाथों में झोला में रखी 6 लाख रुपये लेकर घर जाने लगे तभी पहले से घात लगाये बाइक सवार अपराधी झपटा मार फरार हो गये।

घटना की सूचना पर एसडीपीओ आनंद कुमार सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंच जांच में जुटे है। कोई पुलिस का कहना है कि इस तरह की दिनदहाड़े घटना पुलिस के लिए चुनौती है और इस चुनौती को हम स्वीकार करते हैं और जल्द ही हम अपराधी को खोज निकलेंगे। पुलिस ने एक टीम का गठन करते हुए तकनीकी सहायता से आसपास के सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाला शुरू किया है। पुलिस ने मोटरसाइकिल की पहचान कर ली है और अनुसंधान जारी है। वहीं इस तरह की घटना से लोग दहशत में हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक दिन पहले ही प्रखंड कार्यालय के पास बैंक से पैसा निकाल कर जा रहे एक व्यक्ति के थैले में ब्लेड मारकर रुपया को बाहर गिरा दिया था। इस दौरान स्थानीय यात्रियों ने चोर की करतूत को देख ली और उसे पकड़ कर जमकर धुनाई कर दी थी।

### धनरूआ में युवती को जबरन उठा ले जाने का आरोप, पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार सुबह करीब 11 बजे 22 वर्षीय युवती को जबरन उठा ले जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक युवक चार-पांच अन्य लोगों के साथ युवती के घर पहुंचा और उसे अपने साथ ले गया। इस दौरान जब युवती की मां ने विरोध किया तो आरोपी युवक ने उसे धक्का दे दिया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ी।इस मामले में अगवा की गई युवती की मां ने धनरूआ थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में अरवल जिले के करपी थाना क्षेत्र के खजूरी गांव निवासी राजकुमार सिंह के पुत्र समीर कुमार, उसके पिता राजकुमार सिंह, राहुल कुमार समेत दो अन्य को आरोपी बनाया गया है।

# खेल क्लब बनने से गांव की छिपी प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने में मिलेगी मदद : विधान पार्षद



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत मसौढ़ी प्रखंड के देवरिया पंचायत के अनौली गांव में गुरुवार को स्व. राममनोहर लोहिया खेल क्लब भवन निर्माण कार्य का विधान पार्षद रविंद्र सिंह कार्यप्रारंभ किया. मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, पंचायत अध्यक्ष शंभू सिंह आदी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर कार्य प्रारंभ कराया. विधान पार्षद रविंद्र सिंह ने कहा की नौ लाख रुपये की प्राकल्लन राशि से यह खेल भवन बनाये जा रहे हैं जो डेढ़ महीने के अंतराल में बनकर तैयार हो जायेगा. उन्होंने कहा कि सूबे की सरकार खेल को बढ़ावा देने के लिए गांव से लेकर शहर तक सुविधा मुहैया करा रही है. उन्होंने कहा कि इससे गांव की प्रतिभा जो अब तक छिपी हुई थी उसे राष्ट्रीय फलक तक पहुंचने में मदद मिल पायेगी. सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं के अंदर खेल के प्रति बढ़ावा देने का अपनी ओर से हरसंभव प्रयास कर रही है, खेल क्लब भवन में युवाओं के लिए हर तरह के खेल के साधन उपलब्ध करवाएंगे, जैसे बैट बॉल, कैरम बोर्ड ,हॉकी कई तरह के खेल उपकरण रहेंगे। वैसे छात्र-छात्र युवा जो स्कूल जाते हैं वह स्कूल से जब आएंगे तो वह शाम को मोबाइल की जो लत लग गई है उससे कम से कम या दूर होंगे। खेलने से न केवल शरीरीक बल्किऔर मानसिक तौर पर भी मजबूती मिलेगी।पुरे मसौढी प्रखंड के 17 पंचायतों में से अब तक कुल 14 जगहों पर खेल क्लब निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है जिसमें कुल 6 से अधिक जगह पर कार्य अंतिम चरण पर चल रहा है। मौके पर कई गण्यमान्य उपस्थित रहे।

# बाढ़ पुलिस ने कुख्यात डकैत को तमिलनाडु से किया गिरफ्तार




**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 2024 बाढ़ थाना क्षेत्र में स्वर्ण व्यवसायी से डकैती एवं एक अन्य डकैती कांड का सफलतापूर्वक पदार्फाश कर लिया है,और मुख्य अभियुक्त को तमिलनाडु से गिरफ्तार कर लिया है, गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शेखपुरा जिला के मेहुस थाना क्षेत्र निवासी प्रमोद पासवान के पुत्र सनी कुमार के रूप में हुई है। जो कई डकैती के कांडों में पहले भी अभियुक्त रहा है, दो कांड इसके विरुद्ध बाढ़ थाना में ही दर्ज है जिसमें 389/2024 और 450/2024 है, पहली घटना दयाचक की है। जबकी दूसरी घटना नोनिया बाग की है,वही गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध एक और कांड डकैती का ही निरसा थाना में दर्ज है। इन सभी कांडों में इसकी तलाश की जा रही थी। अन्य अभियुक्तों की पहले ही गिरफ्तारी की जा चुकी है। दरअसल बाढ़ के दयाचक और नोनिया बाग मोहल्ले में डकैती कांड को इसने 2024 में अंजाम दिया था। जिसके बाद से ही यह बदमाश फरार चल रहा था, और विभिन्न राज्यों में छुप कर रह रहा था। पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान के आधार पर एक टीम गठित कर तमिलनाडु भेजा क्यूंकि इसके तमिलनाडु में रहने की सूचना प्राप्त हुई थी जहां से इसकी गिरफ्तारी हुई।

# कभी बारूदों गंध और गोलियों की तडतडाहट से थरार्ता था पूरा इलाका, बदलते बयार में फूलों की खेती से फिजा हो रही रंगीन

शशि तुलस्यान

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नक्सलियों के नैनिहाल और माओवादियों के मांद कहे जाने वाला भगवानगंज इलाका कभी बारूद की गंध और गोलियों की तड़तड़ाहट से पूरा इलाका थर्रा उठता था,, लेकिन अब हालात काफी बदल गये हैं. इस बदलते बयार में फिजां रंगीन हो चुकी है,सैकड़ों एकड़ में फूलों की खेती और उसकी महक से दूर-दूर तक एक खुशनुमा माहौल बन रहा है। बहरहाल भगवानगंज का चैनपुर गांव में जहाँ कभी नक्सलियों के कारण बदनाम रहा ये पूरा इलाका आज फूलों की खेती कर एक 'रंगीन और खुशबूदार' संदेश दे रहा है. गेंदा की कई प्रजातियां और इसके अलावा गुलाब, चंपा, सदाबहार, मोगरा आदि फूलों की खेती हो रही है. इस काम से करीब 300 से अधिक परिवार जुटे हैं,बहरहाल भगवानगंज थाना इलाके में माहौल रंगीन हो गया है. रंग बिरंगे फूलों से पूरा इलाका काफी खूबसूरत दिख रहा है. नक्सल इलाकों में रंगीन फिजां बदलते माहौल का खुशनुमा संदेश दे रही है। फूलों की खेती करने वाले चैनपुर के कमलेश कुमार ने बताया कि तकरीबन 300 से अधिक परिवार भगवानगंज के चैनपुर गांव में फूलों की खेती करते हैं. तकरीबन 80 एकड़ में फूलों की खेती होती है. गेंदा फूल की कई प्रजातियों की खेती होती है. यहां से फूल कई राज्यों में भेजी जाती है।



# शहर के सभी वार्डों में समस्याओं के समाधान विकास की योजना और जनसुनवाई के लिए ‘वार्ड सभा’ का आयोजन



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद मसौढी के विभिन्न वार्डों में वार्ड सभा का आयोजन किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय नागरिकों की भागीदारी के साथ विकास कार्यों की योजना बनाना, समस्याओं की पहचान करना और वार्ड पार्षदों की देखरेख में कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करना है। ऐसे में गुरुवार को नगर परिषद मसौढी के वार्ड संख्या 26 के सरवां गांव में वार्ड सभा का आयोजन किया गया, जिसके अध्यक्षता वार्ड पार्षद शैल देवी ने की। इस मौके पर वार्ड के सभी मोहल्लेवासी शामिल हुए,वार्ड सभा में खास तौर पर वीर कुंवर सिंह कॉलोनी से सरवां तक जल जमाव निकासी लाइट लगाने आदि कई मुद्दों पर चर्चा की गई है मौके पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि शैलेंद्र कुमार, रंजीत कुमार, संजय कुमार साकेत ,दीपक कुमार,अजीत कुमार के अलावा नगर परिषद के आवास कर्मचारी रिंकू कुमार आदि शामिल रहे, वार्ड सभा में स्थानीय मुद्दों,पर चर्चा, योजनाओं का चयन, और वार्ड की जरूरतों को नगर परिषद के सामने रखा गया। कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन ने बताया की वार्ड सभा जनता के लिए अपने पार्षद से सीधे संवाद करने और जवाबदेही तय करने का एक सीधा मंच है।जहाँ वार्ड के विकास कार्यों, जैसे- नाली, सड़क, स्ट्रीट लाइट और सफाई आदि के लिए योजनाएं तैयार करना होता है। स्थानीय नागरिकों की शिकायतों और समस्याओं को सुनना और उन पर आम सहमति बनाना है।

# प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शत्रुध्न प्रसाद का विदाई सह सम्मान समारोह

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शत्रुध्न प्रसाद के सेवानिवृत्ति के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी में विदाई सह सम्मान समारोह काआयोजन किया गया.कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील यादव तथा संचालन शाह अकबर तथा अजय राम ने संयुक्त तौर पर किया.कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से जुड़े पदाधिकारी,शिक्षक,कर्मी एवं बड़ी संख्या छात्र-छात्राएं उपस्थित रही.कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया.समारोह के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने श्री प्रसाद के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ किया.शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने में उनका योगदान सराहनीय रहा है. उन्होंने विद्यालयों में शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने के साथ-साथ शिक्षक एवं छात्रों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए.अपने विदाई संबोधन में शत्रुध्न प्रसाद ने सभी सहयोगियों, शिक्षकों एवं कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रखंड में कार्य करने के दौरान उन्हें सभी का भरपूर सहयोग मिला. उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है.

# 15 धूर जमीन दिखाकर रजिस्ट्री के नाम पर ठग लिए 25 लाख

## नहीं हुई जमीन की रजिस्ट्री, प्राथमिकी दर्ज

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अगर आप जमीन खरीद रहे हैं तो सबसे पहले सावधान और सतर्क रहें और जमीन के सभी कागजात एवं अन्य चीजों की जानकारी इकट्ठा कर ले, दरअसल मसौढ़ी शहर में इन दिनों जमीन खरीद बिक्री को लेकर कई तरह के जालसाजी की भी मामले सामने आ रहे हैं: ऐसा ही एक मामला मसौढ़ी थाना क्षेत्र के तारेगना चक गांव की है जहां पर 15 धुर जमीन की रजिस्ट्री के नाम पर 25 लाख रुपए की ठगी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में कुणाल कुमार पिता नाथन सिंह तारेगना चक निवासी ने रंजीत कुमार पिता राजेंद्र राम कुमहरटोली टर जमीन दिखाकर 25 लाख रुपए की ठगी कर लेने की प्राथमिकी थाने में कार्रवाई हैं। दरअसल बताया जाता है कि बीते 3 मार्च 2025 को मौजा अब्दुल्ला नगर में 15 धुर की जमीन को दिखाकर सबसे पहले एग्रीमेंट करवाया उसके बाद कुणाल कुमार से ₹5 लाख की राशि ली, उसके बाद 6.03.2025 को ₹9 लाख रुपए आरटीजीएस के माध्यम से दिए हैं, उसके बाद 3 लाख 65 हजार दिए हैं ऐसे करके तकरीबन 25 लाख रुपए की राशि उसे दिए, लेकिन बार-बार रजिस्ट्री का डेट आगे बढ़ाते हुए एक दिन ऐसा आया कि वह फरार हो गया।

# डाकघर से नाता जोड़ें, सुकन्या समृद्धि सहित अन्य खाता खुलवाएं और अपने धन को सुरक्षित रखें : मो.अब्दानी चीफ पोस्टमास्टर



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डाक विभाग में सुरक्षित और उच्च रिटर्न वाली कई सरकारी बचत योजनाएं प्रदान की जा रही है, जिसमें सुकन्या समृद्धि, सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम, पीपीएफ, डाकघर मासिक आय योजना, रेकरिंग डिपॉजिट और राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र शामिल हैं। उक्त बातें चीफ पोस्टमास्टर जनरल बिहार मो. अब्दानी ने मंगलवार को धनरूआ के पडितगंज शाखा डाकघर मे कार्यक्रम के दौरान कही, मौके पर पटना साहिब के डाक अधीक्षक अनिल कुमार, सहायक डाक अधीक्षक उमाशंकर कुमार, डाक अधीक्षक मनोज कुमार के अलावा हजरत साइ उप डाकघर के विनय कुमार, भखरी के सरस्वती कुमारी एवं सोनमई के जनजय कुमार आदि शामिल रहे। चीफ पोस्ट मास्टर जनरल बिहार ने बताया कि सुकन्या समृद्धि खाता झ बेटियों की शिक्षा और विवाह के लिए सर्वोत्तम है जिसमें 8.2% तक का उच्च ब्याज मिलता है। सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम-वरिष्ठ नागरिकों (60+ वर्ष) के लिए, जिसमें 8.2% प्रति वर्ष तक का ब्याज प्रदान किया जाता है । डाकघर मासिक आय योजना (एमआईएस) में एकमुश्त निवेश पर 7.4% तक वार्षिक ब्याज के साथ हर महीने गारंटीड आय प्रदान की जाती है। ग्रामीण वासियों से अपील की है कि घर बैठे डाकघर से नाता जोड़ें और जनहितकारी योजनाओं से लाभ उठाएं और अपने खून पसीने की कमाई से अर्जित धन को डाकघरों में अत्यधिक सुरक्षित रखें। क्योंकि डाकघर का मुख्य उद्देश्य डाक सेवा, जन सेवा है। इसे अलावा चीफ पोस्टमास्टर जनरल मो. अब्दाली ने , सुकन्या खाता, बचत खाता, ग्रामीण डाक जीवन बीमा, इंडिय पोस्ट पेमेंट बैंक के माध्य से डीबीडी के माध्यम से सरकारी लाभ की सुविधा डाक घर मे सुविधा के बारे जानकारी दी।

# मंत्री ने किया बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सालय का औचक निरीक्षण






**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार के मंत्री सुरेंद्र मेहता ने गुरुवार को बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय स्थित पशु चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पशु चिकित्सा स्त्री रोग एवं प्रसूति विभाग, पशु चिकित्सा शल्य चिकित्सा एवं रेडियोलॉजी विभाग सहित विभिन्न इकाइयों का भ्रमण किया तथा वहां उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं और उपचार प्रक्रियाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने चिकित्सालय में उपलब्ध एक्स-रे मशीन, रक्त एवं अन्य जांच उपकरण, आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित ऑपरेशन थिएटर समेत विभिन्न संसाधनों को देखा और संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय का यह उन्नत पशु चिकित्सालय देश के आधुनिक पशु चिकित्सालयों से किसी भी तरह कम नहीं है। उन्होंने प्रतिदिन पंजीकृत होने वाले पशुओं की बढ़ती संख्या पर भी प्रसन्नता जताई और कहा कि यह विश्वविद्यालय के दक्ष पशु चिकित्सकों और आधुनिक तकनीकों से हो रहे बेहतर उपचार का परिणाम है। मंत्री ने चिकित्सालय में इलाज कराने आए पटना एवं आसपास के क्षेत्रों से आए पशुपालकों और पशु प्रेमियों से भी बातचीत की। उन्होंने पाया कि यहां आने वाले लोगों को उन्नत सेवाओं का लाभ मिल रहा है। पशु प्रेमियों ने जहां वर्तमान सुविधाओं की सराहना की, वहीं कुछ छोटी-मोटी व्यवस्थाओं को और बेहतर करने की मांग भी रखी। इस पर मंत्री ने आश्वस्त किया कि जो भी कमियां शेष हैं, उन्हें जल्द सुदृढ़ किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने पशु चिकित्सालय में इंटर्नशिप और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों से भी संवाद किया और उनके अनुभवों की जानकारी ली। इस अवसर पर बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. जे.के. प्रसाद, डॉ. पल्लव शेखर, डॉ. ज्ञान देव सिंह, डॉ. राजेश, डॉ. अजीत, डॉ. दीपक सहित अन्य चिकित्सक एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### कोयला लदा ट्रक पलटा, चालक-खलासी सुरक्षित

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक के बंगरा स्थित एनएच 227ए राम जानकी पथ पर बुधवार सुबह कोयला लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में ट्रक का सारा कोयला सड़क पर बिखर गया, हालांकि चालक और खलासी बाल-बाल बच गए। बताया गया कि ट्रक बनारस से कोयला लेकर रक्सौल जा रहा था। इसी दौरान चालक को अचानक नींद की झपकी आ जाने से वाहन अनियंत्रित हो गया और सड़क पर ही पलट गया। घटना की सूचना मिलते ही मशरक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सुबह का समय होने के कारण सड़क पर वाहनों की आवाजाही कम थी, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई। यदि हादसा दिन के समय होता तो जान-माल की भारी क्षति हो सकती थी। एनएच 227ए के मशरकझ्डुमरसन मार्ग पर दिन के समय भारी वाहनों का लगातार आवागमन रहता है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

### वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के नवतन बाजार से एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार युवक की पहचान नवतन बाजार निवासी सवलिया प्रसाद के पुत्र अजय कुमार प्रसाद के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध न्यायालय द्वारा वारंट निर्गत था। इसी आलोक में जब पुलिस टीम ने छापेमारी की तो उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएँ पूरी करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया।

### पियक्कड़ गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के पारसागढ़ बाजार में शराब के नशे में उत्पात मचा रहे एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में छपरा भेज दिया। स्थानीय लोगों द्वारा शोर-शराबा और उपद्रव की सूचना पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुँची और आरोपी को नियंत्रित कर हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान शम्भू साह के रूप में हुई है।

### प्रेम प्रसंग में अपहृत लड़की बरामद

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मैनाटांड पुलिस ने प्रेम प्रसंग में अगवा की गई लड़की को शिवाघाट सिकराहना पूल के समिप से बरामद कर लिया है। थानाध्यक्ष शंभूशरण गूप्ता ने बताया कि लड़की को बरामद कर मेडिकल एंव 164 की बयान हेतु बेतिया भेजा गया है। विदित हो कि विगत 7 जनवरी को मैनाटांड थाना क्षेत्र से लड़की की अपहरण कर लेने के मामले में लड़की की पिता ने मैनाटांड थाने में केस दर्ज कराया था।

### भूमि विवाद में 9 पर प्राथमिकी

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मैनाटांड थाना के रमपूरवा गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में प्राथमिकी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष शंभूशरण गूप्ता ने बताया कि जयशीखा देवी के आवेदन पर सत्येंद्र कुमार सहित 9 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### एक साल पहले लगी सोलर लाइट बेकार

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के मटियरिया पंचायत के मस्जिदवा वार्ड नंबर 04 स्थित राजेंद्र चौक पर एक वर्ष पूर्व लगाई गई सोलर लाइट शुरू से ही ठीक से काम नहीं कर रही है। लाइट के बार-बार जलनेहबुझने से ग्रामीणों और राहगीरों को परेशानी हो रही है। शिकायत के बावजूद मुखिया द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। पंचायत सचिव सन्नी कुमार ने बताया कि शिकायत संबंधित एजेंसी को दे दी गई है और जल्द समस्या का समाधान किया जाएगा। वहीं, प्रखंड विकास पदाधिकारी से संपर्क नहीं हो सका।

### 14 वर्षीय बालक लापता, पड़ोसी युवक पर आरोप

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के सेनूअरिया पंचायत अंतर्गत अमवा भूमिहारी टोला वार्ड नंबर 4 निवासी यादव लाल साह का 14 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार पिछले तीन दिनों से लापता है। परिजनों ने बताया कि फरवरी 2026 को दोपहर करीब 11 बजे रंजीत पड़ोसी लालमहमद मियां के पुत्र 16 वर्षीय रिजवान आलम के साथ घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिवार ने अपने स्तर से खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।बालक की मां ललिता देवी ने थाना में आवेदन देकर रिजवान आलम पर अपने बेटे को साथ ले जाने का आरोप लगाया। थानाध्यक्ष अमर कुमार ने बताया कि आवेदन मिल गया है और पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। बालक की सकुशल बरामदगी के लिए संभावित स्थानों पर छानबीन और आवश्यक कार्रवाई जारी है।

### बीडीओ ने अंचलकर्मियों के साथ की बैठक

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय प्रकोष्ठ में गुरुवार को बीडीओ सह प्रभारी सीओ सूरज कुमार सिंह ने सभी अंचल कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने कर्मियों से उनके आवंटित कार्यों की प्रगति ली और राजस्व कार्यों को निष्पक्ष एवं सावधानीपूर्वक निष्पादित करने के निर्देश दिए। बीडीओ ने बिना सूचना कार्यालय से गायब होने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी और मापी, नजारा, व्यय, आपदा समेत सभी पंजी को अपडेट रखने को कहा। साथ ही राजस्व मामलों में शिकायत लेकर आने वाले आवेदकों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार बनाए रखने पर जोर दिया। बैठक में अंचल नाजिर जयप्रकाश साह, प्रधान सहायक बख़्सउल्लाह देवराजी, कार्यपालक सहायक अनिल कुमार, मनीष कुमार, संजीव कुमार, टुन्ना कुमार आदि उपस्थित रहे। यह बैठक इस कारण हुई कि बिहार राजस्व सेवा संघ के आह्वान पर अंचलाधिकारी और राजस्व अधिकारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं, जिसके चलते जिलाधिकारी के निर्देश पर अंचल का प्रभार बीडीओ को दिया गया है।

### अंडा व्यवसायी की हत्या मामले में एक गिरफ्तार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारपूर पुलिस ने विगत दिनों शहर के नंदपुर रेलवे ढाला के समीप अंडा व्यवसायी विजय साह की गोली मारकर हत्या मामले के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नगर के दिउलिया निवासी आजाद मियां उर्फ इरशाद मियां उर्फ छोटे के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी मयामती देवी द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में शहजाद मियां और आजाद मियां समेत अन्य को आरोपित किया गया है। उन्होंने बताया कि आजाद मियां उर्फ इरशाद मियां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। शहजाद मियां फरार चल रहा है। बहुत जल्द शहजाद मियां के अलावा इस गोली कांड में शामिल सभी आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन की तैयारी को लेकर बैठक

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददता।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 9 फरवरी को बिहार आगमन की तैयारी को लेकर भाजपा कार्यालय गांधी कॉम्प्लेक्स में गुरुवार को पार्टी की आवश्यक



संगठनात्मक बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पवन राज किया गया। वही संचालन सियावर सिंह ने किया। बतादे कि 9 फरवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष पटना के बापू सभागार में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष सह क्षेत्रीय प्रभारी सरोज रंजन पटेल विशेष रूप से शामिल हुए। बैठक में जिले में संगठनात्मक संरचना को और सुदृढ़ करने को लेकर आवश्यक मार्गदर्शन दिया। बैठक में प्रदेश मंत्री सह क्षेत्रीय सह प्रभारी अजय यादव, एनडीए के संयोजक प्रकाश अस्थाना, उप महापौर डॉ लालबाबू प्रसाद, प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक मोर्चा मोहिब्बुल हक, उपाध्यक्ष मीना मिश्रा, सुधंशु रंजन एवं विनोद कुशवाहा, महामंत्री मार्तण्ड नारायण सिंह, मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद, सह मीडिया प्रभारी सुधीर कुमार गुप्ता, जिला संयोजक सोशल मीडिया पंकज सिन्हा, जिला संयोजक आईटी सेल ऋषभ झा, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा नीता शर्मा, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा अब्दुल कलाम, पप्पू पाण्डेय, डॉ अरुण कुमार, ओमप्रकाश सिंह, राजेश कुमार, सुदीप कुमार, चंदन सिंह, धर्मेंद्र कुमार, संजय ठाकुर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# जिला कृषि पदाधिकारी ने की उर्वरक कम्पनी के साथ बैठक



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह की अध्यक्षता में आगामी खरीफ 2026-27 की तैयारी हेतु उर्वरक कंपनी के क्षेत्रीय पदाधिकारी की बैठक आत्मा कार्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें सरकार के जीरो टॉलरेंस नीति के तहत किसानों को सुगमतापूर्वक उर्वरक प्राप्ति हेतु विस्तृत चर्चा की गई।

जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह द्वारा उर्वरक के सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को निदेशित किया गया कि उर्वरक के साथ कोई भी अन्य प्रोडक्ट को टैग्ड नहीं किया जाय। साथ ही कंपनी अपने गोदाम का जीयो टैग्ड फोटो कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। वहीं कंपनी अगर किसी भी थोक उर्वरक विक्रेता को अन्य उत्पाद बिक्री करना चाहती है तो वैसे थोक उर्वरक विक्रेता के लेटर पैड पर अन्य उत्पाद क्रय से संबंधित अनुरोध पत्र कंपनी को उपलब्ध कराती है तो वह मान्य नहीं होगा। जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि सभी कंपनी के प्रतिनिधि उर्वरक के जीरोटॉलरेंस नीति का सखती से अनुपालन सुनिश्चित करें अन्यथा उनके नाम से कानूनी कार्रवाई की जाएगी ' मौके इण्डोराम कंपनी के प्रतिनिधि अजीत पांडेय, इफको कंपनी के प्रतिनिधि शिवम सिंह, मैट्रिक्स फर्टिलाईजर्स लि. कंपनी के प्रतिनिध प्रवीण कुमार,चम्बल फर्टिलाईजर्स कंपनी के प्रतिनिधि जय प्रकाश कुमार, ब्रहम्पुत्रा वैली कॉरपोरेशन लि. के अजीत सिंह, यारा कंपनी के राहुल कुमार एवं कोरोमंडल कंपनी के पाठक जी सहित अन्य मौजूद थे।

# शब-ए-बारात पर मस्जिदों व कब्रिस्तानों में उमड़ी भीड़, पुलिस लगाती रही गश्त



**छपरा/मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले भर के एकमा, मांझी, दिघवारा, दरियापुर व मशरक प्रखंड सहित विभिन्न गांवों में मंगलवार की रात शब-ए-बारात का पर्व मुस्लिम समुदाय द्वारा पूरी अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। मस्जिदों और कब्रिस्तानों में अकीदतमंदों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जहां लोगों ने पूरी रात अल्लाह की इबादत की और अपने मरहूम परिजनों की मगफिरत की दुआ की। पर्व के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीएसपी संजय कुमार सुधांशु, थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान दल-बल के साथ इलाके में लगातार गश्त लगाते नजर आए। समुदाय के लोगों ने पर्व से पहले ही कब्रिस्तानों की साफ-सफाई और पुताई कर ली थी। इस खास रात को मुस्लिम समाज नफिल नमाज अदा कर अल्लाह से रहमत और गुनाहों से तौबा की दुआ मांगता है। मस्जिदों में देर रात तक इबादत करने वालों की भीड़ लगी रही। पूर्व उप प्रमुख साहेब हुसैन उर्फ़ टुनटुन ने शब-ए-बारात के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह रात शाबान महीने की 14 तारीख को सूर्यास्त के बाद शुरू होती है और फजीलत से भरपूर मानी जाती है। मौलाना करामात उल्लाह ने बताया कि शब का अर्थ रात और 'बारात' का अर्थ बरी (मुक्ति) होना है। हदीसों के अनुसार, पैगंबर मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) इस रात जन्नतुल बकी कब्रिस्तान गए थे और वहां दफन मुसलमानों के लिए दुआ की थी। इसी परंपरा के तहत लोग अपने पूर्वजों की कब्रों पर जाकर उनकी मगफिरत की दुआ करते हैं। शहर इमाम के अनुसार, शब-ए-बारात की रात के अगले दिन यानी 15 शाबान को रोजा रखना सवाब का काम माना जाता है। यह रात इबादत, रहमत और माफी की होने के साथ ही रमजान माह के आगमन का संकेत भी देती है।

# मांगों के समर्थन में राजस्व कर्मचारियों ने दिया समाहरणालय के समक्ष धरना



**एसडीएम ने फॉर्मर आईडी कैंप का किया निरीक्षण**बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले गुरूवार को समाहरणालय के समक्ष राजस्व कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। इस धरना कार्यक्रम में पश्चिमी चंपारण के राजस्व कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। धरना को संबोधित करते हुए कर्मचारियों ने कहा कि वर्तमान में राजस्व कर्मचारियों का ग्रेड पे 1900 निर्धारित है, जबकि अब उनकी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक कर दी गई है। ऐसे में कर्मचारियों की मांग है कि उनका ग्रेड पे बढ़ाकर 2800 तथा योग्यता के अनुरूप इसे ग्रेड पे 4200 किया जाना चाहिए।कर्मचारियों ने यह भी मांग उठाई कि सभी नवनियुक्त राजस्व कर्मचारियों की गृह जिला में शीघ्र पदस्थापना की जाए। विभाग द्वारा कार्य निष्पादन के लिए आवश्यक संसाधन जैसे मोबाइल, इंटरनेट, स्टेशनरी, फर्नीचर, टेबल-कुर्सी एवं क्षेत्र भ्रमण की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जा रही है, जिससे कार्य प्रभावित हो रहा है।धरना में यह भी आरोप लगाया गया कि रविवार एवं अन्य राजपत्रित अवकाश के दिनों में भी बिना सक्षम आदेश के कार्य लिया जा रहा है। निर्धारित कार्य अवधि सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के अलावा भी कई-कई घंटे कार्य कराया जा रहा है। एक-एक राजस्व कर्मचारी को कई हल्का एवं पंचायतों का प्रभार देकर अत्यधिक बोझ डाला गया है, जिससे वे मानसिक रूप से बीमार हो रहे हैं और पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन भी सही ढंग से नहीं हो पा रहा है। धरना के उपरांत राजस्व कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों एवं समस्याओं से संबंधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा और मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की मांग की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जायेगा। धरना को ललन भारती, रितेश कुमार, सचिन कुमार, अजित कुमार, राहुल रंजन, सोनु कुमार, सुजीत कुमार, जयकुमार, गुंजन कुमार, अंकित कुमार, सुशांत कुमार, सुशांत कुमार आदि ने संबोधित किया।

# क्षेत्रीय किसान काउंन्सिल का सम्मेलन सम्पन्न, एमएम कादरी अध्यक्ष एवं रामाश्रय पासवान सचिव निर्वाचित



**पिपराकोठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोतिहारी पिपरा कोठी क्षेत्रीय किसान काउंसिल अखिल भारतीय किसान सभा का 15 वां सम्मेलन प्रखंड क्षेत्र के टिकईता मैं संपन्न हुआ सर्वप्रथम संगठन का झंडा किसान नेता अशोक पाठक के द्वारा फहराया गया तथा शाहिद बेदी पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात प्रतिनिधि सत्र प्रतिनिधि सत्र ध्रुव प्रसाद गुप्ता एवं उगम राम के संयुक्त अध्यक्षता में शुरू हुआ। उद्घाटन करते हुए जिला किसान काउंसिल के कार्यवाहक सचिव अशोक पाठक ने किसानों के सवाल पर संघर्ष हेतु किसान सभा का ग्रामीण स्तर पर संगठन मजबूत बनाने का आह्वान किया। साथ ही किसान सभा के संबंध में विस्तार से चर्चा की। रामाश्रय पासवान के द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिस पर राजेश्वर शर्मा, हुकुम भगत, एमएम कादरी, महेश शाह, कमलेश पासवान, अफरोज कादरी, मुमताज कादरी, शौकत अली, असगर अली, दिलीप कुमार वर्मा, हीरा लाल चौधरी सहित अन्य प्रतिनिधि ने बहस कर के प्रतिवेदन को सर्वसम्मति से किया गया।

# एसडीएम ने फॉर्मर आईडी कैंप का किया निरीक्षण



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड में किसानों के फॉर्मर रजिस्ट्री अभियान के तीसरे फेज के तहत लगाए गए कैंप का गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी अभिजीत कुमार गोविंद ने निरीक्षण किया। उन्होंने भसुरारी, बरवा बरौली, गोखुला, भेड़िहरवा, भभटा, सोमगढ़, परोराहा और राजपुर तुमकड़िया समेत एक दर्जन पंचायतों में कैंप पहुंचकर फार्मर आईडी की प्रगति जानी और कर्मियों को दिशा-निर्देश दिए। किसानों से बात करते हुए एसडीएम ने फार्मर आईडी से मिलने वाले लाभ के बारे में अवगत कराते हुए अधिक से अधिक किसानों को इस अभियान में शामिल होने की अपील की। अधिकारियों को लक्ष्य 616 आईडी बनाने का दिया गया था, लेकिन दोपहर तक केवल 250 किसानों की आईडी बनी। बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि पंचायत कार्यपालक, सीएससी संचालक और किसान सलाहकारों को पासवर्ड उपलब्ध कराया गया है और लापरवाही पर कार्रवाई तय है। वहीं, बिहार राज्य कर्मचारी संघ के आवाहन पर राजस्व कर्मचारियों ने अपनी लंबित 11 मांगों को लेकर इस कैंप से अलग रहकर विरोध जताया।

### हवाई अड्डा परिसर में अनिरुद्धाचार्य महाराज के प्रवचन का शुभारंभ

**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व प्रसिद्ध कथा वाचक अनिरुद्धाचार्य महाराज के दिव्य प्रवचन का शुभारंभ गुरुवार से रक्सौल हवाई अड्डा परिसर में भक्तों की भारी भीड़ के बीच हो गया। 5 फरवरी से 11 फरवरी तक चलने वाले इस सात दिवसीय प्रवचन कार्यक्रम को लेकर रक्सौल सहित सीमावर्ती इलाकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रवचन के पहले ही दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जिससे पूरा आयोजन स्थल 'हरि नाम' और भक्ति भाव से गूंज उठा। भक्तों ने अनिरुद्धाचार्य महाराज के मुखारविंद से कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इससे पूर्व बुधवार की शाम अनिरुद्धाचार्य महाराज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रक्सौल पहुंचे। उनके आगमन पर आयोजकों एवं श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। रात्रि विश्राम के लिए वे स्टेशन रोड स्थित एक आवासीय होटल में ठहरे। प्रवचन स्थल पर प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ ट्रैफिक और भीड़ नियंत्रण की विशेष व्यवस्था की गई है। आयोजन समिति के अनुसार आगामी दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ने की संभावना है।

# महाशिवरात्रि मेला को लेकर प्रशासनिक बैठक, सुरक्षा व व्यवस्थाओं पर मंथन



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर स्थित ऐतिहासिक सागर पोखरा मंदिर परिसर में आगामी 15 फरवरी को आयोजित होने वाले महाशिवरात्रि मेला को लेकर प्रशासन और मेला आयोजन समिति की संयुक्त बैठक आज आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार ने की, जबकि एसडीपीओ विवेक दीप सहित आयोजन समिति के सदस्य अमीत गिरी, राहुल कुमार, राजकुमार, एम. एनाम एवं अन्य उपस्थित रहे।बैठक में महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, भीड़ प्रबंधन एवं विधि-व्यवस्था को लेकर व्यापक मंथन हुआ। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि सागर पोखरा का महाशिवरात्रि मेला क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसे शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।उन्होंने आयोजन समिति को निर्देश दिया कि मेला क्षेत्र में प्रवेश और निकास की अलग-अलग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भीड़ नियंत्रण में किसी प्रकार की समस्या न हो। इसके अलावा प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई, शौचालय एवं प्राथमिक चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए गए।एसडीपीओ विवेक दीप ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि मेला के दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए सघन गश्त, सीसीटीवी निगरानी तथा यातायात नियंत्रण की विशेष व्यवस्था की जाएगी।

# अपनी लंबित मांगों को लेकर राजस्व कर्मचारियों का धरना



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अपनी लंबित मांगों को पूरा नहीं किए जाने एवं नए-नए फरमान जारी करने पर राजस्व कर्मचारियों ने गुरुवार को सरकार के विरुद्ध एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला राजस्व कर्मचारी संघ के जिला मंत्री बच्चा बिहारी सिंह जिला सचिव नीतीश कुमार तथा जिला अध्यक्ष नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि राजस्व कर्मचारी के 17 सूत्री मांगों को सरकार द्वारा मान ली गई है परंतु पर्यावरण नहीं किया गया। हमारे मुख्य लंबित और वर्तमान मांगे इस प्रकार है। विभाग द्वारा 2025 में बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ संयुक्त संघर्ष मोर्चा के साथ किए गए समझौते को लागू किया जाए। राजस्व कर्मचारी का ग्रेड पे लेवल 2 के स्थान पर लेवल 5 किया जाए। सभी नवनियुक्त राजस्व कर्मचारियों को गृह जिला में पद स्थापना जल्द किया जाए। 10 वर्षों की सेवा पूरी कर चुके राजस्व कर्मचारी को वरीयता के आधार पर पदोन्नति देने का प्रावधान किया गया है परंतु 15 वर्ष से अधिक पर कर चुके कर्मियों को पदोन्नति नहीं दिया गया है। एमसीपी का समय पूरा हो जाने के 5 साल बाद तक भी कर्मियों को नहीं मिल पाया है वहीं सेवा संपुष्टिक करने में अधिकारी रुचि नहीं दिखाते हैं 3 वर्ष से अधिक समय व्यतीत हो जाने के बाद भी आज तक का कारण संपुष्टि नहीं की गई।

# क्राइम मीटिंग में इंस्पेक्टर ने दिए कई निर्देश



**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अंचल कार्यालय में गुरूवार को क्राइम मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही, विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए। पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार ने थानाध्यक्षों को निर्देश देते हुए लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन, रात्रि गश्ती तेज करने,फरार और वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने को कहा। उन्होने शराब एवं शराब कारोबारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि अपराध नियंत्रण और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# उर्दू भाषा का प्रचार- प्रसार के लिए मासिक बैठक उर्दू भाषा कोषांग पदाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न



**मोतिहारी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उर्दू भाषा के प्रचार-प्रसार से संबंधित मासिक समीक्षात्मक बैठक मो. सरफराज नवाज, प्रभारी पदाधिकारी जिला उर्दू भाषा कोषांग -सह- उप निर्वाचन पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण मोतिहारी की अध्यक्षता में डॉ. राधाकृष्ण भवन में हुई। बैठक का शुभारंभ प्रभारी पदाधिकारी द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ किया गया उन्होंने उपस्थित सभी उर्दू कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक उर्दू कर्मी अपने कर्तव्यों के माध्यम से उर्दू भाषा को प्रशासनिक एवं समाजिक स्तर पर सशक्त बनाने हेतु सक्रिय भूमिका निभाना सुनिश्चित करेंगे।

**बैठक का मुख्य बिंदु :-** 1.समीक्षा के दौरान ये पाया गया कि कुछ क्षेत्रीय कार्यालयों में उर्दू से संबंधित कार्यो के प्रति अपेक्षित रूची एवं सक्रियता नहीं दिखायी जा रही है। इस पर प्रभारी पदाधिकारी द्वारा नोटिस लेते हुए सभी कर्मियों को कर्तव्य निष्ठा के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। 2. समीक्षा में वितीय वर्ष 2025-26 अंतर्गत वाद-विवाद प्रतियोगिता के रूप रेखा का विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम की संभावित तिथि आयोजन स्थल, प्रचार-प्रसार एवं प्रेस के माध्यम से विज्ञापन प्रकाशित कर विद्यार्थियों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। 3.सभी उर्दू कर्मियों को निदेश दिया गया कि जिलाधिकारी, महोदय द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में प्रत्येक मंगलवार को विद्यालय भ्रमण कर उर्दू शिक्षण की गुणवता, उर्दू पुस्तको की उपलब्धता एवं प्रश्न पत्रों की उपलब्धता तथा विद्यार्थियों की स्थिति का अवलोकन कर अपने-अपने नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। 4.सभी कर्मियों को निदेश दिया गया कि विभागीय निदेशानुसार अपने नियंत्री पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर अपने अपने क्षेत्र में उर्दू के प्रचार-प्रसार तथा आम जन के बीच उर्दू भाषा के प्रयोग को प्रोत्साहित करने का प्रयास करें। 5.उर्दू के प्रचार प्रसार से संबंधित एक व्यापक 8 सूत्री रिपोर्ट की मांग की गई है। साथ ही उसपे विस्तृत चर्चा हुई एवं उसको और उपयोगी बनाने के लिए पदाधिकारी की तरफ से दिशा निर्देश दिए गए। 6.प्रभारी पदाधिकारी के तरफ से सभी उर्दू कर्मियों को उर्दू मैंगजीन, (फरवरी माह का उर्दू दूनिया, बच्चों की दूनिया, खवातीन दुनिया) दिया गया एवं उसकी महत्वता को बताया गया कि उर्दू को अपनी दिनचर्या में बाकी रखने एवं उर्दू के फरोग के लिए उर्दू मैगजीन एवं उर्दू अखबार अपने अध्ययन में रखना अति आवश्यक है 7.सभी उर्दू कर्मी को निदेशित किया गया कि अपने-अपने क्षेत्रातंर्गत सरकारी कार्यालयों का नेम प्लेट जहां हिन्दी के साथ-साथ उर्दू में प्रदर्शित नहीं है वहां नेम प्लेट, बोर्ड एवं संकेत पट हिन्दी के साथ-साथ उर्दू में भी प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करगें। 8. प्रभारी पदाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया कि उर्दू विधार्थी प्रोत्साहन योजना अर्न्तगत वाद-विवाद प्रतियोगिता कार्यक्रम का प्रचार प्रसार सभी उर्दू कर्मी अपने अपने क्षेत्रों में करना सुनिश्चित करें ताकि सभी प्रतिभागी छात्र-छात्रा इस प्रतियोगिता की ससमय तैयारी कर सकें साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं की संभावित प्रखण्डवार सूचि पूर्ण विवरण सहित आभी तैयार कर जिला उर्दू भाषा कोषांग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि कार्यक्रम की पूर्व तैयारी में सहायता मिल सके तथा सुचारू रूप से कार्यक्रम का आयोजन हो सके।

**खोया-पाया**

मैं देवेंद्र नाथ पटेल, पिता- बृंदा सिंह, ग्राम-बिड्डी, पो.- चैनपुर, जिला-कैमूर (भभुआ) का निवासी हैं। दिनांक 26.01.2026 को अपने घर से चैनपुर ब्लॉक जाने के क्रम में मेरे बाइक के डिक्की से दस्तावेज कही गिर गया बहुत खोजने पर भी दस्तावेज नहीं मिला। दस्तावेज का खाता सं.-12, खेसरा सं.-160, रकबा 12-1/2डी., दस्तावेज संख्या-6493, दस्तावेज दिनांक 10-01-2014 है। जिन सज्जनों को मिले वे कृपया इस पता पर सूचित करें। विकास अमृतराज एडवोकेट, पटना हाई कोर्ट, कार्यालय - फ्लैट वंबर 401, चौथा तल्ला, जगतारिनी टावर एवं वासुदेवा कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, जमाल रोड, पटना-800001, ईमेल- vikash1amritraj@gmail.com मोबाईल नंबर - 9835698525, 9123178201

**Name Change**

I, hitherto known as Ramesh Yadav s/o Rajendra Yadav vill- Gowardaha, PO- Gurpa, Ketra, Gaya, Fatehpur, Bihar PIN- 824232 have changed my name and I shall hereafter be known as Anil Kumar. Date 03.02.2026

# मंडल रेल प्रबंधक ने रफीगंज स्टेशन का किया निरीक्षण

## स्टेशन की कार्यप्रणाली सहित अन्य का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** पूर्व मध्य रेल के पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने बुधवार की देर रात निरीक्षण यान से गया जंक्शन का निरीक्षण करने के उपरांत रफीगंज स्टेशन पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशन की कार्य प्रणाली, स्टाफ की तैनाती एवं सतर्कता, ट्रेन परिचालन व्यवस्था तथा विभिन्न रजिस्टरों की गहन जांच की। साथ ही स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं एवं चल रहे विकास कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने बेहतर संचालन व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके पश्चात रफीगंज से चंदौली मझवारगंज ख्वाजा रेल खंड स्थित समपार संख्या 78 सी/ई का संरक्षा केंद्रित औचक निरीक्षण किया गया। पूरे दौरे के दौरान डीडीयू-गया-डीडीयू रेल खंड का चल निरीक्षण भी निरीक्षण यान से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## मारपीट मामले में प्राथमिकी दर्ज

**रफीगंज (औरंगबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के लभरी गांव में मारपीट के मामले के बीरेन्द्र चौधरी घायल हो गया। उनका इलाज रफीगंज सामरिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। घायल विजेंद्र चौधरी ने गांव के ही आनंद कुमार, आशीष कुमार, अविनाश कुमार, राजेन्द्र चौधरी, को नामजद आरोपी बनाते हुए यह उल्लेख किया कि 31 जनवरी को अपने बहन के घर से पैसा लेकर घर लौटे थे, तभी से पूर्व विवाद को लेकर नदी के पास आकर गाली गलौज करने लगा। मना किया तो मारपीट करने लगा, पैकेट से पैसा ले लिया और धमकी दिया की जान से मार देंगे। इस संबंध में थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई मामले की तहकीकात जारी है।

# शिक्षाविद् के सम्मान में महोत्सव का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा।** हिंदी व संस्कृति के सुविख्यात कवि, लेखक एवं आलोचक आचार्य जानकी वल्लभ शास्त्री के सम्मान में गुरुवार को कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के दधपा गांव में महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव का उद्घाटन सिद्धेश्वर विद्यार्थी, अशोक सिंह, लोजपा (रा.) जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह, प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार, आयोजन समिति के अध्यक्ष शिवकुमार सिंह व शिक्षाविदों ने संयुक्त रूप से किया। संचालन शिक्षाविद चंद्रशेखर साहू ने किया। वक्ताओं ने संबोधन में बताया कि शास्त्री जी का जन्म गया जिले के मैगरा गांव में हुआ था परन्तु उनका बचपन दधपा गांव में गुजरा। उन्होंने इसी गांव के संस्कृत विद्यालय से शिक्षा ग्रहण की और अपनी रचनाओं से हिंदी व संस्कृति साहित्य को नई दिशा दी। इस दौरान शिक्षाविदों ने उनके व्यक्तित्व और रचनाओं पर प्रकाश डाला। वहीं स्कूली बच्चे एवं स्थानीय कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।



**पर्यटन विभाग के कैलेंडर से हटाए जाने पर जताया रोष**

विगत वर्ष इस महोत्सव का आयोजन बिहार सरकार के कला-संस्कृति एवं युवा विभाग के द्वारा किया गया था। परन्तु इस वर्ष किसी कारणवश पर्यटन विभाग के कैलेंडर से हटा दिया गया। जिसे लेकर जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों ने रोष प्रकट किया। समिति के अध्यक्ष ने कहा कि यह महोत्सव जिले के अन्य महोत्सवों से अलग है। यह महोत्सव आने वाली पीढ़ियां को शिक्षा एवं साहित्य से जोड़ता है। इतने बड़े साहित्यकार का सम्मान करना हमारा कर्तव्य बनता है। सरकार ने अपने कैलेंडर से इसे हटा दिया लेकिन हमारी समिति जन सहयोग से महोत्सव का आयोजन कर आचार्य जानकी वल्लभ शास्त्री एवं उनकी रचनाओं को सम्मान देती रहेगी। शिक्षाविद कुमार विरेन्द्र ने आचार्य जानकी वल्लभ शास्त्री के व्यक्तित्व और कृतित्व से जुड़ी रचना प्रस्तुत की।

# बाइक सवार मां सहित दो बेटे जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** तेज रफ्तार और बेकाबू बाइक से गिरकर मां-बेटा सहित तीन लोग घायल हो गए। घटना ओबरा थाना क्षेत्र अंतर्गत शंकरपुर गांव के पास एनएच-139 की है। हादसे में थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव निवासी संगीता देवी और उनके बेटे पिंटू कुमार तथा सिंटू कुमार जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। परिजनों ने बताया कि संगीता देवी अपने दोनों बेटों के साथ बाइक से औरंगाबाद शहर स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज कराने गई थीं। इलाज कराने के बाद तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान शंकरपुर गांव के पास पहुंचते ही बाइक की रफ्तार अधिक होने के कारण चालक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक सड़क पर पलट गई। हादसे में तीनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों की मदद की। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तीनों को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है, हालांकि शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटें आई हैं। बेहतर इलाज के लिए आवश्यक जांच और उपचार की प्रक्रिया जारी है। इधर, सूचना मिलने पर परिजन भी सदर अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। वे आगे के इलाज की व्यवस्था में जुट गए। घटना की जानकारी स्थानीय थाना को भी दी गई है।

# भगवान की कथा सुनने से पापों से मिलती है मुक्ति : उषा नारायणी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के लोहार गली देवी स्थान परिसर स्थित नवनिर्मित मंदिर में देवी प्राण-प्रतिष्ठा सह पंचदिवसीय श्रीशतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ जलस्थापना के साथ विधिवत रूप से किया गया। महायज्ञ यज्ञाचार्य पं. परमेश्वर शुक्ल एवं उपाचार्य पं. राकेश उपाध्याय के निर्देशन में प्रारंभ हुआ। कथा मंच का उद्घाटन पूर्व जिप सदस्य दीनानाथ विश्वकर्मा, रेल स्टेशन प्रबंधक एस.एस. पांडेय, अधिवक्ता विजय सिन्हा एवं देवेंद्र सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। झांसी से पधारी कथा वाचिका उषा नारायणी ने अपने प्रवचन में कहा कि भगवान की कथा सुनने से सभी प्रकार के पापों से मुक्ति मिलती है तथा मानव जीवन सार्थक होता है। इस अवसर पर अनुप मिश्र, रंजीत उपाध्याय, सुकेश उपाध्याय, सरोज मिश्र, संत पांडेय, विपिन मिश्र, पंकज उपाध्याय सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। मुख्य यजमान के रूप में नरेश प्रसाद, गोपाल प्रसाद, राजू कुमार, कुंदन कुमार, चंदन सोनी, अरविंद सोनी, रवि शौनडिक, आकाश कुमार एवं विजय प्रसाद शामिल थे। कार्यक्रम में अध्यक्ष कौशल विश्वकर्मा, सचिव अरुण विश्वकर्मा, सतीश विश्वकर्मा, बालचंद, संतोष गुप्ता, विनोद कुमार, ललन, मनोज प्रसाद, रंजीत कुमार, रंजन, अंकित, रीतिक, गणेश प्रसाद, अशोक प्रसाद, शुभम, विकीराज, राजू सौंडिक, सुजीत, हिमांशु सहित सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



## बच्चों ने किया ऐतिहासिक स्थल का भ्रमण

**भगवानपुर (नबिटा संवाददाता)।** मुख्यमंत्री बिहार परिभ्रमण योजना के अंतर्गत हाई स्कूल मोख्तियारपुर, हाई स्कूल तेयाय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय चकसदाद के छात्र-छात्राओं को ऐतिहासिक एवं शैक्षणिक भ्रमण पर वैशाली, नालंदा, राजगीर ले जाया गया। प्रधानाध्यापक लूसी, रमारमण, डेजी कुमारी ने कहा कि इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को बिहार की गौरवशाली ऐतिहासिक विरासत, संस्कृति और शिक्षा परंपरा से अवगत कराना था। भ्रमण के दौरान बच्चों ने विश्व प्रसिद्ध वैशाली, प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के अवशेषों का अवलोकन किया।

# रात्रि में सिविल ड्रेस में सदर अस्पताल पहुंचे डीएम-एसपी

## बिना लाल बत्ती, बिना तामझाम ऑल्टो कार से किया औचक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमुई।** बुधवार की देर रात जमुई सदर अस्पताल उस समय चर्चा में आ गया, जब जिलाधिकारी नवीन और पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल सिविल ड्रेस में औचक निरीक्षण के लिए अस्पताल पहुंचे। अधिकारियों के अचानक पहुंचने से अस्पताल परिसर में कुछ देर के लिए हड़कंप की स्थिति बन गई।

खास बात यह रही कि डीएम और एसपी बिना किसी सरकारी तामझाम, बिना लाल बत्ती और बिना सुरक्षाकर्मियों के काफिले के एक साधारण ऑल्टो कार से अस्पताल पहुंचे। बताया जा रहा है कि वाहन स्वयं पुलिस अधीक्षक चला रहे थे, जबकि जिलाधिकारी अगली सीट पर बैठे थे। यह दृश्य अस्पताल कर्मियों और मौजूद लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। निरीक्षण के दौरान डीएम और एसपी ने महिला प्रसव कक्ष, इमरजेंसी वार्ड, इमरजेंसी रूम सहित विभिन्न वार्डों का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने मरीजों की स्थिति, साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता तथा चिकित्सकीय सेवाओं की गुणवत्ता की बारीकी से समीक्षा की। इस दौरान अस्पताल में डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी अपनी-अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद पाए गए। अधिकारियों के अस्पताल पहुंचने की सूचना मिलते ही अस्पताल प्रबंधन भी हरकत में आ गया। डीएम और एसपी ने व्यवस्थाओं को लेकर कई बिंदुओं पर संक्षिप्त चर्चा की। सूचना मिलने पर अस्पताल मैनेजर रमेश पांडेय भी अस्पताल पहुंचे, हालांकि उनकी डीएम और एसपी से मुलाकात नहीं हो सकी।

अस्पताल मैनेजर रमेश पांडेय ने बताया कि रात में डीएम और एसपी कुछ देर के लिए अस्पताल आए थे और निरीक्षण के बाद लौट गए। उन्होंने बताया कि उस समय अस्पताल में डॉक्टर और सभी कर्मचारी मौजूद थे।

डीएम और एसपी के इस औचक निरीक्षण से यह संदेश गया है कि जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गंभीर है। सिविल ड्रेस में अस्पताल पहुंचने की घटना आम लोगों के बीच भी चर्चा का विषय बनी हुई है। गौरतलब है कि आए दिन सदर अस्पताल से लापरवाही से जुड़ी शिकायतें और तस्वीरें सामने आती रही हैं।

# मिठाई रेलवे हॉल्ट का डीआरएम ने किया निरीक्षण, यात्री सुविधाओं के विस्तार का दिया भरोसा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** रेल मंडल के डीआरएम ज्योति प्रकाश द्वारा गुरुवार को मिठाई रेलवे हॉल्ट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने हॉल्ट परिसर में उतरकर प्लेटफार्म, टिकट काउंटर, यात्री प्रतीक्षालय, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था सहित तमाम बुनियादी सुविधाओं की स्थिति को बारीकी से देखा। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी और स्टेशन पर उपलब्ध कराई जाने वाली मूलभूत सुविधाओं में जल्द सुधार किया जाएगा। निरीक्षण के क्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने डीआरएम को एक विस्तृत मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में बताया गया कि मिठाई रेलवे हॉल्ट आजादी से पूर्व का ऐतिहासिक स्टेशन है। एक समय ऐसा था जब यहां तीन से चार सरकारी कर्मचारी नियमित रूप से ड्यूटी पर तैनात रहते थे और स्टेशन से प्रतिदिन लाखों रुपये का राजस्व अर्जित होता था। वर्ष 2008 में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद बड़ी लाइन बनने पर स्टेशन को उपेक्षित अवस्था में छोड़ दिया गया, जिसके कारण आज यह स्टेशन बदहाली का शिकार है। जनप्रतिनिधियों ने डीआरएम को अवगत कराया कि स्टेशन पर यात्री सुविधाओं की भारी कमी है। प्लेटफार्म छोटा और नीचा होने के कारण यात्रियों को ट्रेन पकड़ने और उतरने में परेशानी होती है। न तो समुचित यात्री शेड है, न ही पर्याप्त शौचालय और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था। टिकट व्यवस्था भी पुराने ढर्रे पर चल रही है, जिससे यात्रियों को लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ता है। मांग पत्र में मिठाई रेलवे हॉल्ट को पुनः स्टेशन का दर्ज़ा देने की मांग प्रमुख रूप से रखी गई। इसके साथ ही प्लेटफार्म की लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई बढ़ाने, कंप्यूटरीकृत टिकट प्रणाली स्थापित करने, यात्री शेड, स्वच्छ शौचालय, पेयजल सुविधा, ओवरब्रिज और प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की गई। जनप्रतिनिधियों ने यह भी बताया कि रेल अंडरपास संख्या 94-ए में बरसात के दिनों में पानी भर जाता है, जिससे आम लोगों को आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इसे लेकर स्थायी समाधान की मांग की गई।

# प्रधानाध्यापकों की बैठक में शिक्षा योजनाओं एवं फाइलेरिया उन्मूलन अभियान पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवाजीनगर के सभागार भवन में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रामजन्म सिंह की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में संचालित विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देना था बैठक में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा विद्यालयों के छात्र-छात्राओं का अपार कार्ड निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही यू-डायस 2024-25 एवं 2025-26 के आंकड़ों में पाए जा रहे अंतर को ठीक करने, डीबीटी डाटा में त्रुटि सुधार एवं संधारण, टैब के माध्यम से छात्र-छात्राओं की नियमित उपस्थिति दर्ज करने तथा टैब से ही विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इसके अलावा टीआरई 1, 2, 3 एवं विशिष्ट शिक्षकों की संपत्ति ब्यूरो से संबंधित विवरणों में सुधार कार्य समयबद्ध रूप से पूरा करने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में पीएचसी शिवाजीनगर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कुमार अमित एवं स्वास्थ्य कर्मी डॉ. अभिषेक कुमार द्वारा फाइलेरिया रोग के उन्मूलन को लेकर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर रोग है, जो मच्छर के काटने से फैलता है और मनुष्य के पैर, हाइड्रोसील तथा महिलाओं के स्तन को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने जानकारी दी कि 10 फरवरी को आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से विद्यालयों में दो वर्ष से अधिक आयु के सभी छात्र-छात्राओं को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जाएगी। इसके अंतर्गत एल्बेंडाजोल, आइवरमेक्टिन एवं डीईसी दवा का सेवन कराया जाएगा स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि फाइलेरिया से बचाव के लिए प्रत्येक व्यक्ति को वर्ष में कम से कम एक बार यह दवा अवश्य लेनी चाहिए, ताकि इस रोग को जड़ से समाप्त किया जा सके। विद्यालयों से इस अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की गई बैठक का संचालन पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंह ने किया। बैठक में प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार, पारस नाथ महाराज, देवानंद कामत, नीलू कुमारी, दिनेश प्रसाद सिंह, रामनाथ पंडित, अरुण कुमार पासवान, संजीव कुमार सिंह, उमेश यादव, मदन कुमार, अवधेश कुमार चौधरी, शांति भूषण राय, मृत्युंजय कुमार राय, राज कुमार राय, अवधेश कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# औपनिवेशिक काल में भारत को सही रूप में समझने का नहीं हुआ प्रयास : प्रो. अमरेंद्र

**सेमिनार**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर इतिहास विभाग एवं डॉ. प्रभात दास फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मध्यकालीन भारतीय इतिहास में सर यदुनाथ सरकार का योगदान विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इतिहास विभागाध्यक्ष अनिल कुमार चौधरी ने की। सेमिनार के मुख्य वक्ता नॉर्थ ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी, शिलांग के इतिहास विभाग के प्रोफ़ेसर अमरेंद्र ठाकुर रहे। अपने व्याख्यान में उन्होंने सर यदुनाथ सरकार की प्रमुख पुस्तकों, उन्नीसवीं सदी में अंग्रेज़ों द्वारा लिखे गए इतिहास की प्रवृत्तियों तथा आधुनिक भारतीय इतिहास लेखन में सरकार की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रो. ठाकुर ने कहा कि औपनिवेशिक काल में एक ओर सामान्य इतिहास और दूसरी ओर आदिवासी समाज का इतिहास (एथनोग्राफी) लिखा जा रहा था, लेकिन भारत को समग्र और सही रूप में समझने का प्रयास नहीं हुआ। उन्होंने मैकॉले का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार भारतीय इतिहास को हीन दृष्टि से देखा गया। ऐसे समय में यदुनाथ सरकार ने इतिहास लेखन की एक नई, वैज्ञानिक और आलोचनात्मक परंपरा की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि सरकार ने साम्राज्यवादी इतिहासकारों के प्रत्युत्तर में राष्ट्रवादी दृष्टिकोण से इतिहास लेखन पर बल दिया। वे तीन-चार भाषाओं में दक्ष थे और फ़ारसी स्रोतों का व्यापक उपयोग करते थे। उनके इतिहास लेखन के तीन प्रमुख आयाम रहे—ब्रिटिश दृष्टिकोण का प्रतिवाद, मूल दस्तावेज़ों एवं पांडुलिपियों का प्रयोग तथा इतिहास को कथा से निकालकर एक अनुशासित अकादमिक विषय के रूप में स्थापित करना। पीटर लैम्बर्ट की पुस्तक का संदर्भ देते हुए प्रो. ठाकुर ने इतिहास को एक विषय के रूप में स्थापित करने की प्रक्रिया पर चर्चा की और कहा कि इतिहास क्यों लिखा जाए—यह प्रश्न अत्यंत महत्वपूर्ण है। औरंगज़ेब : एक नई दृष्टि पुस्तक के हवाले से उन्होंने बताया कि औरंगज़ेब को देखने की नई दृष्टि की शुरुआत यदुनाथ सरकार से होती है। उन्होंने रैंकेनियन मॉडल का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार औरंगज़ेब की नीतियों को हिंदू-विरोधी मानते थे, लेकिन बाद में सतीश चंद्र ने इस मत का खंडन करते हुए सिद्ध किया कि औरंगज़ेब के प्रशासन में बड़ी संख्या में हिंदू अधिकारी थे।




आर. पी. त्रिपाठी की कृतियों का उल्लेख करते हुए प्रो. ठाकुर ने कहा कि राजपूतों का एक बड़ा वर्ग औरंगज़ेब के साथ था तथा जाट और सतनामी विद्रोह पूर्णतः धार्मिक विद्रोह नहीं थे। उन्होंने जोर देकर कहा कि इतिहास लेखन में आलोचना आवश्यक है और यदुनाथ सरकार ने सभी स्रोतों का मूल्यांकन कर वैज्ञानिक ढंग से इतिहास लेखन किया, जिससे आधुनिक भारतीय इतिहास लेखन की मजबूत नींव पड़ी। विषय-प्रवेश करते हुए प्रोफ़ेसर नैय्यर आज़म ने सर यदुनाथ सरकार के ऐतिहासिक योगदानों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए मुगल भारत, औरंगज़ेब तथा शिवाजी से संबंधित उनके शोध कार्यों और पुस्तकों की गहन चर्चा की। अध्यक्षीय संबोधन में अनिल कुमार चौधरी ने कहा कि यदि व्यक्ति साधना और निरंतर प्रयास करे, तो वह असंभव को भी संभव बना सकता है। कार्यक्रम में प्रो. नैय्यर आज़म, अमीर अली खान, अमिताभ कुमार, ज्योति प्रभा, मनीष कुमार, मुकेश झा सहित शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सेमिनार का कुशल संचालन ज्योति प्रभा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन मुकेश झा ने किया।

# पीरपैंती अडानी पावर प्लांट की अधिगृहित भूमि मुआवजे को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले के पीरपैंती में प्रस्तावित अडानी पावर प्लांट के लिए अधिगृहित भूमि के मुआवजे से जुड़े मामलों को लेकर जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव की उपस्थिति में पीरपैंती में एक आवश्यक बैठक की। बैठक में उन रैयतों से बातचीत की गई, जिनका मुआवजा अब तक लंबित है, साथ ही ऐसे रैयत भी शामिल थे जो अधिगृहित भूमि पर अब भी फसल उगा रहे हैं। जिलाधिकारी ने सभी लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया। बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी डॉ. चौधरी ने बताया कि कुछ मामलों में पंचाट जिनके नाम पर बना था, उनके उत्तराधिकारियों के बीच विवाद चल रहा है, जो सिविल कोर्ट या लाडा कोर्ट में लंबित है। यदि संबंधित पक्ष आपसी विवाद निपटाकर मुआवजा प्राप्त करने के लिए आवेदन देते हैं, तो जिला प्रशासन लाडा कोर्ट से मामला वापस लेकर मुआवजा राशि का भुगतान सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि संबंधित मुआवजा राशि जिला भू-अर्जन कार्यालय में सुरक्षित रखी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ मामलों में पंचाटधारी की मृत्यु हो चुकी है और उनके आश्रितों का मुआवजा 50 लाख रुपये से अधिक है। ऐसे मामलों में विभाग से पत्राचार किया गया है, ताकि भुगतान की अधिकतम सीमा 50 लाख रुपये से बढ़ाई जा सके और भू-अर्जन कार्यालय स्तर से ही भुगतान किया जा सके। डॉ. चौधरी ने कहा कि वर्तमान प्रक्रिया के तहत ऐसे मामलों में सिविल कोर्ट से उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करना आवश्यक है। आदेश मिलते ही मुआवजा राशि का भुगतान कर दिया जाएगा। अधिगृहित भूमि पर फसल लगाए जाने के मामलों पर जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना वर्ष 2013 में जारी की गई थी तथा मुआवजा वर्ष 2015 में ही भुगतान कर दिया गया था। इसके बावजूद कुछ लोग अब तक उस भूमि पर फसल उगा रहे हैं, जो अब उनकी नहीं है। उन्होंने कहा कि सितंबर 2025 में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा पावर प्लांट के कार्य का शुभारंभ किया जा चुका है तथा अक्टूबर-नवंबर में फसल कटाई भी हो चुकी थी। इसके बाद दोबारा सरकारी भूमि पर फसल लगाना नियमसंगत नहीं है। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि कुछ असामाजिक तत्व लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने ऐसे लोगों से अपील की कि भोली-भाली जनता को दिग्भ्रमित न करें। प्रशासन की नजर ऐसे तत्वों पर है और आवश्यक होने पर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कहलगांव के अनुमंडल पदाधिकारी (आईएएस) कृष्ण चंद्र गुप्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, पीरपैंती के प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिमन्यु कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# ट्रेन से शराब तस्करी करते युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** पूर्व मध्य रेलवे के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त के स्पष्ट निर्देश पर रेल मार्ग से हो रही शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) रफीगंज ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए ट्रेन से शराब की तस्करी कर रहे एक युवक को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरपीएफ पोस्ट रफीगंज के निरीक्षक प्रभारी राम सुमेर के नेतृत्व में गठित विशेष टीम में उप निरीक्षक इंदल कुमार मंडल, सहायक उप निरीक्षक नितेश कुमार सिंह एवं प्रधान आरक्षी प्रमोद कुमार शामिल थे। टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर रफीगंज रेलवे स्टेशन पर सघन निगरानी रखी जा रही थी। इसी दौरान गाड़ी संख्या 13152 डाउन के रफीगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 03 पर पहुंचने पर तलाशी अभियान चलाया गया। जांच के क्रम में एक युवक के पास से बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की गई, जिसे उत्तर प्रदेश से बिहार में ऊँचे दाम पर बेचने के उद्देश्य से लाया जा रहा था। गिरफ्तार आरोपित की पहचान औरंगाबाद जिले के न्यू एरिया रफीगंज निवासी संजीव शर्मा के 18 वर्षीय पुत्र दिव्यम कुमार के रूप में हुई है। आरोपी के पास से 14.340 लीटर उत्तर प्रदेश राज्य निर्मित अंग्रेजी शराब, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 12,170 बताई जा रही है, बरामद की गई। आरपीएफ द्वारा आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए राजकीय रेल थाना सोननगर को सुपुर्द किया गया। वहां आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि रेल मार्ग के माध्यम से शराब तस्करी पर पूरी तरह से नकेल कसने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून तोड़ने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

CMYK

# सभी अधिकारी सप्ताह में दो दिन करें जनसुनवाई : डीएम

## डीएम ने अधिकारियों व प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बेगूसराय।** प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत गुरुवार को गढ़पुरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण सह जनसुनवाई कार्यक्रम जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों के साथ बैठक की। सर्वप्रथम जनप्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक में नमक सत्याग्रह स्थल एवं हरसाईं स्तूप के विकास की मांग जिला पदाधिकारी के समक्ष रखी गई। जिस पर जिला पदाधिकारी ने आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। इसके उपरांत जिला पदाधिकारी ने आम लोगों से मुलाकात कर उनकी विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। तत्पश्चात सभी जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं के प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत सामुदायिक सोखता निर्माण में जनप्रतिनिधियों की व्यक्तिगत सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन पंचायतों में नाली के अभाव में जल-जमाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। वहां लक्ष्य के अनुरूप सामुदायिक सोखता का निर्माण कराकर जल-जमाव की समस्या से स्थाई राहत सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। ताकि आम लोगों को इसका अधिकतम लाभ मिल सके। साथ ही श्रम पदाधिकारी को लेबर कार्ड निर्माण में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सात निश्चय-3 के अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी जनप्रतिनिधियों को दी तथा सबका सम्मान जीवन आसान कार्यक्रम के तहत प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को सभी पदाधिकारियों द्वारा जनता दरबार आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने आम नागरिकों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु जनता दरबार में उपस्थित होकर आवेदन देने की अपील की, ताकि त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी बखरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी गढ़पुरा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## समकालीन अभियान के तहत पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** समकालीन अभियान के तहत नावकोठी पुलिस ने विभिन्न गांवों से दो वारंटी तथा एक वांछित को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। प्रशिक्षु एसडीपीओ सह थानाध्यक्ष अमरजीत तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार वांछित पहसारा के गोपाल झा का पुत्र मंटून झा है। उस पर नावकोठी थाना में 13/26 के तहत जानलेवा हमला करने का प्राथमिकी गाँव के ही फूलपरी देवी ने अंकित करवाई थी। कांड अंकित तिथि के बाद वह फरार चल रहा था। वही वारंटी पहसारा पूर्वी पंचायत के पीर नगर के राम प्रकाश पासवान तथा मो फिरोज है। मो फिरोज नीलाम बंध के तहत दर्ज मामला 21/22 तथा राम प्रकाश पासवान थाना कांड संख्या 72/11 के तहत नामजद था। दोनों गिरफ्तार न्यायालय में लंबे समय से अपनी उपस्थिति नहीं दे रहे थे?। न्यायालय ने इनके विरूद्ध गिरफ्तारी वारंट निर्गत किया था। इस गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष के अतिरिक्त एस आई रंजीत कुमार तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## प्रखंडस्तरीय टीएलएम मेला आयोजित

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न संकुलों से चयनित टीएलएम को लेकर राजकीयकृत मध्य विद्यालय वीरपुर में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय टीएलएम मेला 3 मिशन निपुण बिहार आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी स्नेहलता वर्मा ने बताया कि आठ संकुल से चयनित हुए विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा निर्मित टीएलएम का प्रदर्शन किया गया जिसमें निर्णायक मंडल के रूप में उत्क्रमित मध्य विद्यालय फजिलपुर के प्रधानाध्यापक रंजन कुमार झा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पर्रा के शिक्षक सर्वेश झा, नवीन प्राथमिक विद्यालय यादव टोल डीह के प्रधान शिक्षक मोहम्मद अली रजा, प्राथमिक विद्यालय बड़हरा नवीन के प्रधान शिक्षक प्रभाकर गौतम, उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय भवानंदपुर के शिक्षिका मिक्की कुमारी ने सभी शिक्षकों से टीएलएम से संबंधित जानकारी प्राप्त की और उसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को चयनित कर जिलास्तर के लिए नामित किया गया है। समाचार प्रेषण तक निर्णायक मंडल के द्वारा सफल प्रतिभागियों का चयन किया जा रहा था। मौके पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार झा, मध्य विद्यालय जगदर के प्रधानाध्यापक सुकुमार सहनी, मध्य विद्यालय वीरपुर के प्रधानाध्यापक सुमन कुमार, गौतम सहनी, अजीत कुमार, राजेश कुमार यादव, मणिशंकर कुमार, श्याम कुमार, कविता कुमारी, चांदनी कुमारी, रानी कुमारी, जया कुमारी, प्रियंका कुमारी, रौशन कुमार, भारती कुमारी, शंभू कुमार पासवान समेत दर्जनों शिक्षक मौजूद थे।

## 17 सूत्री मांगों को माने सरकार, नहीं तो होगी हड़ताल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ गोप गुट बिहार पटना के राज्य सचिव मंडल के आह्वान पर 17 सूत्रीय मांगों के समर्थन में भोजपुर में भी बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ गोप गुट के बैनर तले जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना दिया। अध्यक्षता रंजीत कुमार सिंह, संचालन संजय कुमार सिंह व राहुल राय ने किया। महासंघ गोप गुट के जिला सचिव उमेश कुमार सुमन, उपाध्यक्ष उमा शंकर साहू, कर्मचारी विनोद कुमार, बलि राम भी उपस्थित हुए। वक्ताओं ने बताया कि 2025 में निवर्तमान प्रधान सचिव दीपक कुमार सिंह राजस्व विभाग बिहार पटना के साथ राज्यस्तरीय संयुक्त नेतृत्वकारी भूमि सुधार कर्मचारी संघ गोप गुट बिहार पटना, के साथ 17 सूत्रीय समझौता को आज तक लंबित रखा गया है। जिसमें प्रमुख मुद्दा ग्रेड पे 4200, सेवा संपुष्टि, 10 वर्षों के सेवा करने वाले कर्मी को प्रोन्नति, नव नियुक्त राजस्व कर्मचारियों को गृह जिला में स्थानांतरित किया जाए, जिला और राज्य स्तर पर एसीपी, एमएसीपी अवकाश (छुट्टी) को रद्द करना बंद किया जाए, राजस्व कर्मचारी के पदनाम सहायक राजस्व पदाधिकारी किया जाए, कार्य के अवधि 8 घंटा ही कार्य संपादित हो, सहित 17 सूत्रीय मांगों को राजस्व विभाग लागू करें, नहीं तो 09 फरवरी 2026 को पटना में पूरे बिहार से राजस्व कर्मचारी धरना देंगे। सुमन जी ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की नीति मजदूर किसान कर्मचारी विरोधी है, स्वयं पुराना पेंशन लेते हैं और 2004 के बाद नियुक्त कर्मियों को एनपीएस, यूपीएस के लिए प्रेरित करते हैं, 44 श्रम कानून में से 29 श्रम कानून को 4 श्रम कोड (संहिता) बनाया गया। जो श्रम के अधिकार को ख़त्म करेगा। आज का कार्यक्रम राजस्व कर्मचारियों ने अपने मांगों को लेकर बिहार के जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना दिया गया जो मांगों को लेकर जो धरना दिया वो, आपकी एकता का परिचायक हैं, आपने राज्य सरकार को और राजस्व विभाग को बताया कि तुगलकी फरमान जारी करना बंद किया जाये। फार्मर रजिस्ट्रेशन के लिए कर्मचारियों को कार्य के दबाव और कार्य के घंटों पर भी राज्य सरकार और जिला प्रशासन भी ध्यान दे। 12 फ़रवरी 26 को पूरे देश में राष्ट्रीय आम हड़ताल होगा जो श्रम कोड के खिलाफ हैं, धरना को उमा शंकर साहू, चन्द्रशेखर चौबे, श्रीमन नारायण शर्मा, संजय कुमार सिंह, राहुल राय, विनोद कुमार सुमन, रंजीत कुमार सिंह समेत अन्य थे।

## ऋण स्वीकृति एवं वितरण मेगा कैंप का आयोजन आज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में गुरुवार को उद्योग टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में उद्योग विभाग द्वारा संचालित पीएमएफएई, पीएमईजीपी, पीएम विश्वकर्मा, मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी योजना आदि की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों को निर्देश दिया गया कि योजनाओं के लाभार्थियों को समयबद्ध तरीके से स्वीकृति एवं ऋण वितरण सुनिश्चित किया जाए ताकि निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति हो सके।साथ ही जिला पदाधिकारी ने बताया कि बिहार सरकार के उद्योग विभाग के निर्देशानुसार जिले में संचालित भारत सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को 1:30 बजे से कारगिल विजय सभा भवन, समाहरणालय परिसर में एक विशेष 'ऋण स्वीकृति एवं वितरण मेगा कैंप' का आयोजन किया जा रहा है। यह मेगा कैंप जिले के युवाओं, महिला उद्यमियों एवं संभावित उद्यमियों को स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को गति मिलेगी और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा प्राप्त होगा। इस कैंप के दौरान वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम पीएमईजीपी 1 एवं 2 प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत ऋण स्वीकृति एवं वितरण पत्र प्रदान किए जाएंगे। सभी बैंकों के अंचल प्रबंधक, क्षेत्रीय प्रबंधक, जिला समन्वयक एवं शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया गया है कि वे संबंधित लाभार्थियों के साथ कैंप में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। ताकि स्वीकृत ऋण आवेदनों के स्वीकृति पत्रों का वितरण तथा भुगतान प्रक्रिया स्थल पर ही सुचारु रूप से संपन्न कराई जा सके। स्वरोजगार आधारित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन जिले के आर्थिक सशक्तिकरण एवं रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।बैठक में उद्योग विभाग के पदाधिकारी, संबंधित बैंक प्रतिनिधि तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## शिव बारात में पहुंचे भालू, बानर, यक्ष, किन्नर व शंकर के गण, बढ़ायी शोभा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड अंतर्गत सिन्हा बाजार स्थित शिव परिवार, काली जी एवं संकटमोचन मंदिर जीर्णोद्धार सह प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ पर गुरुवार को भव्य शिव परिवार बारात की झांकी निकाली गई। बारात मंदिर परिसर से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिव-परिवार, काली जी व संकटमोचन को पालकी पर बिठाकर निकाली गयी। पालकी के कहार जितेंद्र तिवारी, भरत सिंह, धनंजय प्रसाद, राम अवतार सिंह समेत समस्त श्रद्धालु बारी बारी से बने थे। बाराती में भालू, बानर, यक्ष, किन्नर, शंकर के गण व नर नारी के रुप में भक्त नाचते- गाते गाजे बाजे के साथ जा रहे थे। मानो बारात को देख देवता भी कितना खुश होंगे। आगे आगे पालकी पर शिव-परिवार को बिठाकर सबसे पहले कवलछपरा मठिया ले जाया गया। फिर लक्ष्मीपुर-गजियापुर के रास्ते बक्सर कोईलवर तटबंध होते हुए सिन्हा ठाकुरबाड़ी, काली मंदिर, हनुमान मंदिर, नागा बाबा के कुटिया, यज्ञशाला, काली माई, अनजानु ब्रह्म बाबा से वापस बारात मंदिर परिसर पहुंचा। इस बारात में हजारों की संख्या में नर-नारी व श्रद्धालु शामिल हुए। जिससे पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया। बारात ने नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया। भगवान शिव की अलौकिक झांकी आकर्षण का केंद्र रही। बारात के दौरान ह्लहर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर शिव बारात का स्वागत किया। इसकी सुरक्षा एवं व्यवस्था को लेकर यज्ञ समिति द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए थे। स्थानीय ग्रामीणों सहित आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पीठाधीश्वर सह यज्ञाधीश स्वामी सच्चिदानंद महाराज के सानिध्य में महायज्ञ आयोजित किया जा रहा है। 6 फरवरी को रुद्राभिषेक के साथ प्राण प्रतिष्ठा व भंडारा का आयोजन होगा। 3 से 7 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से बनारस से आये स्वामी महेंद्र स्वरुपजी महाराज कथा वाचक द्वारा अमृत रस का रसस्वादन कराया जा रहा है। सहयोग में अन्य संतों के अलावे घांघर मठिया के महंथ स्वामी बैकुंठनाथ स्वामी की महत्वपूर्ण भूमिका महायज्ञ में देखी जा रही है।

## बैठक में दिव्यांगजनों ने रखी अपनी मांग

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार दिव्यांग जन संघ के बैनर तले गुरुवार को दिव्यांगजनों की बैठक की गई। अध्यक्षता बीडीओ राहुल रंजन ने की। जिला दिव्यांग जन संघ के जिलाध्यक्ष जोशी कुमार ने दिव्यांग जनों की समस्याओं, अधिकारों एवं कल्याणकारी योजनाओं को लेकर विस्तृत रूप से अपनी बातों को रखी। उन्होंने प्रशासन से दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम 2016 के प्रावधानों को जमीनी स्तर पर लागू करने की आवाज बुलंद की। अनुमंडल अध्यक्ष अर्जुन रजक, अनुमंडल उपाध्यक्ष मो. इमरोज राणा, उप प्रमुख नंद किशोर पासवान, पंचायती राज पदाधिकारी जितेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के दिव्यांगजनों ने 11 सूत्री मांगों से संबंधित प्रस्ताव प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किया। जिसमें नियमित बैठक, त्वरित शिकायत निवारण, सुगम शौचालय, आवास एवं राशन योजनाओं में आरक्षण, रोजगार एवं आजीविका, सामाजिक समावेशन तथा सरकारी दुकानों में दिव्यांग आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल हैं। दिव्यांग जनों ने एक स्वर में कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई, तो वे अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर लोकतांत्रिक आंदोलन करने को विवश होंगे। इनकी प्रमुख मांगों में नियमित बैठक का आयोजन कर इनकी समस्या का त्वरित निस्तारण, दिव्यांगता अथवा आर्थिक पर भेदभाव, उपेक्षा अथवा अपमान करने पर रोक लगाने, आवास योजना अथवा में पात्र दिव्यांग को 4 फीसदी लाभ देने आदि शामिल है।

## शैक्षिक परिभ्रमण पर राजगीर पहुंचे बच्चे

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मुख्यमंत्री बिहार परिभ्रमण योजना के अंतर्गत मध्य विद्यालय मेहदौली और मिडिल स्कूल प्रखंड कालोनी भगवानपुर के छात्र-छात्राओं गुरुवार को ऐतिहासिक एवं शैक्षणिक भ्रमण पर नालंदा, राजगीर और पावापुरी ले जाया गया। प्रधानाध्यापक अशोक कुमार सिंह, मो रईस उद्दीन ने बताया कि भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को बिहार की गौरवशाली ऐतिहासिक विरासत, संस्कृति और शिक्षा परंपरा से अवगत कराना था। भ्रमण के दौरान बच्चों ने विश्व प्रसिद्ध प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के अवशेषों का अवलोकन किया और जाना कि किस प्रकार यह शिक्षा का वैश्विक केंद्र हुआ करता था। राजगीर में छात्रों ने शांति स्तूप, वेणुवन तथा गर्म जल कुंडों का भ्रमण कर उनके ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को समझा। भ्रमण के दौरान शिक्षकों ने प्रत्येक स्थल के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पुरातात्विक महत्व की विस्तृत जानकारी बच्चों को दी और कहा कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ ऐसे शैक्षणिक भ्रमण बच्चों के सर्वांगीण और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में अनुशासन, सहयोग और सामाजिक व्यवहार का भी विकास होता है। बच्चों ने बताया कि पुस्तकों में पढ़े गए ऐतिहासिक स्थलों को प्रत्यक्ष देखना उनके लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा। पूरे यात्रा के दौरान बच्चे काफी खुश और उत्साहित थे। मौके पर शिक्षक अनिल, सुमन, ऋतु, जय प्रकाश, अदिति, प्रिया, पूनम, अजित, मुरलीधर, रिम्पू, श्वेता मौजूद थे।

## फरार नाबालिग लड़की अररिया से बरामद

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के मोबारकपुर गांव से प्रेम प्रसंग में फरार नाबालिक लड़की को पुलिस ने अररिया से बरामद किया है। परिजनों ने 1 फरवरी को वीरपुर थाना में आवेदन देकर कांड संख्या 14/26 धारा 137(2)/96 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कराया था। जानकारी देते हुए वीरपुर थाना के एसआई जितेंद्र कुमार ने बताया कि त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृता युवती को अररिया जिला के पलाशी थाना अंतर्गत रामनगर पंचायत के कटहल बाड़ी गांव से सकुशल बरामद किया गया। छापेमारी टीम में केश के एस आई ऋषिकेश भारद्वाज, महिला सिपाही ज्योति कुमारी, ग्राम रक्षा दल के प्रांतीय अध्यक्ष धीरज कुमार और लड़की के परिजन शामिल थे।

**विशेष टीकाकरण शिविर का आयोजन : नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्वास्थ्य उपकेन्द्र के अधीनस्थ क्षेत्र में संपूर्ण टीकाकरण हेतु 9 फरवरी से 14 फरवरी तक मिशन इन्द्र धनुष के तहत विशेष टीकाकरण शिविर आयोजन होना है। बीएमसी गोपाल शर्मा ने बताया कि इसके लिए 41 टीकाकरण साइट बनाया गया है। इन साइट पर 65 गर्भवतियों तथा 5 वर्ष के आयु वर्ग के 444 बच्चों को टीकाकरण कर प्रतिरक्षित करना है। इसके लिए सुक्ष्म कार्य योजना तैयार कर ली गई है तथा सम्बद्ध कर्मियों को उपलब्ध करा दी गई है।

## कर्पूरीजी की पुण्यतिथि पर सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंचेंगे पटना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** शहर के बाघा मिलन चौक स्थित राष्ट्रीय जनता दल की बैठक शंभू महतो के प्रांगण में की गई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मोहित यादव ने की। बैठक में जिले भर के राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भाग लिए। उपस्थित सभी साथियों ने यूजीसी बिल लागू हो, सर्वसम्मति से समर्थन किया। जिलाध्यक्ष मोहित यादव ने कहा कि डॉ राम मनोहर लोहिया, लोकनायक जयप्रकाश बाबू, जननायक कर्पूरी ठाकुर, आंदोलन किए थे। जो उनका सपना था आज उनके सपनों का भारत चकनाचूर होते दिख रहा है। इसे बचाने की आवश्यकता है देश और प्रदेश में जो महंगाई भ्रष्टाचार बलात्कार की घटनाएं घट रही है यह दुखद है। बहुजनों का सम्मान को बचाने के लिए जिस तरह से लालू प्रसाद यादव ने कार्य किया है यह ऐतिहासिक घटना है। इस लड़ाई को आगे बढ़ने का काम समाजवाद के उत्तराधिकारी राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव करेंगे। उपस्थित साथियों ने 7 फरवरी को बापू सभागार भवन राज्य कार्यालय में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव की स्वागत में हजारों की संख्या में बेगूसराय साथी भाग लेंगे। 17 फरवरी को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान के निकट बापू सभागार को जिले के कार्यकर्ताओं के द्वारा भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर हजारों की संख्या में पहुंचेंगे। इस कार्यक्रम को संबोधित करने वाले महानगर जिलाध्यक्ष शिवजी महतो, हरे राम महतो जिला उपाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह, राजद वरिष्ठ नेता देवेंद्र प्रसाद यादव, पूर्व प्रदेश पदाधिकारी मुखी भगत, प्रदेश पदाधिकारी मनोहर रावत, पिछड़ा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष शंभू महतो, निकाय प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अजय चंद्रवंशी, महिला राजद जिला अध्यक्ष महानगर रीना जायसवाल, श्रमिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रामानंद प्रसाद, प्रखंड अध्यक्ष गंगाराम महतो, प्रखंड अध्यक्ष सुरेश प्रसाद यादव, प्रखंड अध्यक्ष सहजानंद यादव, प्रखंड अध्यक्ष कैलाश यादव, अध्यक्ष मोहम्मद जब्बार, महानगर जिला उपाध्यक्ष महावीर यादव, व्यवसायिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष बूटन साह, जिला सचिव पशुपति पासवान, जिला सचिव प्रभु यादव, पिछड़ा प्रकोष्ठ जिला प्रधान महासचिव सुबोध कुमार चंद्रवंशी, वहीं कार्यक्रम में उपस्थित सुमन देवी निशा कुमारी रंजना मिश्रा पवन पोद्दार माहेश्वरी यादव जितेंद्र कुमार सीताराम महतो वार्ड अध्यक्ष मोहम्मद समीउल्लाह वार्ड अध्यक्ष रामबली यादव, वार्ड अध्यक्ष रामानंदन कुमार यादव, वार्ड अध्यक्ष नरेश शाह, रामानुज सिंह, रंजीत पासवान, जगदीश दास, आशो ठाकुर, चंद्रचूड़ राय, राजेश राय, प्रखंड अध्यक्ष हरिनंदन कुमार, बकरी नगर परिषद अध्यक्ष रणजीत राम, लक्ष्मण रावत, विमल यादव, के साथ इत्यादि से करो कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में भाग लिए।


**समाहरणालय, गढ़वा (जिला पंचायत शाखा)**
email – dprogarhwa@yahoo.com/dprogarhwa84@gmail.com
**आम–सूचना**

राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, रॉची द्वारा निर्गत प्रेस–नोट संख्या 187दिनांक 27.01.2026 के आलोक में गढ़वा जिला अंतर्गत 03 नगरपालिका निर्वाचन क्षेत्र यथा गढ़वा नगर परिशद् (वर्ग–ख), श्री बंशीधरनगर नगर पंचायत एवं मझिऑव नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं वार्ड पार्शद पद के लिए मतदान की तिथि दिनांक 23.02.2026 (सोमवार) को तथा मतगणना की तिथि दिनांक 27.02.2026 (शुक्रवार) निर्धारित है।
नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 के निमित्त तीनों नगरपालिका निर्वाचन क्षेत्र के लिए स्थापित मतदान केन्द्र को आयोग द्वारा अनुमोदित कर संसूचित किया गया है। तीनों नगरपालिका निर्वाचन क्षेत्र में स्थापित मतदान केन्द्र की सूची निम्नवत् हैः–

नगरपालिका का नाम :– गढ़वा नगर परिषद् (वर्ग–ख)

| क्रमांक | वार्ड संख्या | मतदान केन्द्र सं0 | मतदान केन्द्र का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 1/1 | डॉ यासिन मिल्लत इन्टर कॉलेज, उँचरी (पूर्वी भाग) |
| 2 | | 1/2 | डॉ यासिन मिल्लत इन्टर कॉलेज, उँचरी (पश्चिमी भाग) |
| 3 | 2 | 2/1 | भारतीय शिक्षा निकेतन, उँचरी (पूर्वी भाग) |
| 4 | | 2/2 | भारतीय शिक्षा निकेतन, उँचरी (पश्चिमी भाग) |
| 5 | 3 | 3/1 | शालीग्राम अग्रवाल मध्य विद्यालय, सोनपुरवा (पूर्वी भाग) |
| 6 | | 3/2 | शालीग्राम अग्रवाल मध्य विद्यालय, सोनपुरवा (पश्चिमी भाग) |
| 7 | 4 | 4/1 | आर0के0भी0एस0 संस्थान, बी0एड0 सोनपुरवा (पश्चिमी भाग) |
| 8 | | 4/2 | आर0के0भी0एस0 संस्थान, बी0एड0 सोनपुरवा (पूर्वी भाग) |
| 9 | 5 | 5/1 | दयानंद आर्वेदिक मध्य विद्यालय, गढ़वा (पूर्वी भाग) |
| 10 | | 5/2 | दयानंद आर्वेदिक मध्य विद्यालय, गढ़वा (पश्चिमी भाग) |
| 11 | 6 | 6/1 | आर0के0पब्लिक स्कूल, गढ़वा (पूर्वी भाग) |
| 12 | | 6/2 | आर0के0पब्लिक स्कूल, गढ़वा (पश्चिमी भाग) |
| 13 | 7 | 7/1 | जिला आर0के0 रामासाहु सी0एम0 उत्कृष्ट विद्यालय, गढ़वा (पूर्वी भाग) |
| 14 | | 7/2 | जिला आर0के0 रामासाहु सी0एम0 उत्कृष्ट विद्यालय, गढ़वा (पश्चिमी भाग) |
| 15 | 8 | 8/1 | राजकीय प्राथमिक विद्यालय, कांदुमुहल्ला, नगवा (पूर्वी भाग) |
| 16 | | 8/2 | राजकीय प्राथमिक विद्यालय, कांदु मुहल्ला, नगवा (पश्चिमी भाग) |
| 17 | 9 | 9/1 | राजकीयकृत सी0एम0 उत्कृष्ट बालिका उच्च विद्यालय, गढ़वा (पूर्वी भाग) |
| 18 | | 9/2 | राजकीयकृत सी0एम0 उत्कृष्ट बालिका उच्च विद्यालय, गढ़वा (पश्चिमी भाग) |
| 19 | 10 | 10/1 | राजकीयकृत गोविन्द +2 उच्च विद्यालय, गढ़वा (पूर्वी भाग) |
| 20 | | 10/2 | राजकीयकृत गोविन्द +2 उच्च विद्यालय, गढ़वा (पश्चिमी भाग) |
| 21 | 11 | 11/1 | प्रखण्ड कार्यालय गढ़वा (नया भवन) |
| 22 | | 11/2 | राजकीय प्राथमिक विद्यालय, सहिजना, गढ़वा |
| 23 | 12 | 12/1 | महिला उद्यमी के लिए इम्पोरियम भवन, गढ़वा |
| 24 | | 12/2 | केन्द्रीय विद्यालय, गढ़वा (पुराना भवन) |
| 25 | 13 | 13/1 | आर0एन0टैगोर पब्लिक स्कूल, सहिजना (पूर्वी भाग) |
| 26 | | 13/2 | आर0एन0 टैगोर पब्लिक स्कूल, सहिजना (पश्चिमी भाग) |
| 27 | 14 | 14/1 | नव प्राथमिक विद्यालय भुईंया टोली, सहिजना, गढ़वा |
| 28 | | 14/2 | वार्ड विकास केन्द्र वार्ड संख्या–14 पीएचडी कॉलौनी के नजदीक सहिजना गढ़वा |
| 29 | 15 | 15/1 | सामुदायिक भवन नगर परिषद् सहिजना, गढ़वा (पूर्वी भाग) |
| 30 | | 15/2 | सामुदायिक भवन नगर परिषद् सहिजना, गढ़वा (पश्चिमी भाग) |
| 31 | 16 | 16/1 | ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट विद्यालय, गढ़वा (पूर्वी भाग) |
| 32 | | 16/2 | ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट विद्यालय, गढ़वा (पश्चिमी भाग) |
| 33 | 17 | 17/1 | फेंड्स क्लब, पुरानी बाजार, छठ घाट |
| 34 | | 17/2 | डीएवी मॉडल स्कुल चौधराना बाजार गढ़वा |
| 35 | 18 | 18/1 | रामवासी कुंवर धर्मशाला, टंडवा (पूर्वी भाग) |
| 36 | | 18/2 | रामवासी कुंवर धर्मशाला, टंडवा (पश्चिमी भाग) |
| 37 | 19 | 19/1 | वार्ड विकास केन्द्र टंडवा वार्ड संख्या–19 |
| 38 | | 19/2 | नव प्राथमिक विद्यालय टंडवा |
| 39 | 20 | 20/1 | राजकीय उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय, टंडवा, गढ़वा (पूर्वी भाग) |
| 40 | | 20/2 | राजकीय उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय, टंडवा, गढ़वा (पश्चिमी भाग) |
| 41 | 21 | 21/1 | राजकीय मध्य विद्यालय, टंडवा, गढ़वा (पूर्वी भाग) |
| 42 | | 21/2 | राजकीय मध्य विद्यालय, टंडवा, गढ़वा (पश्चिमी भाग) |

नगरपालिका का नाम– श्री बंशीधर नगर, नगर पंचायत

| क्रमांक | वार्ड संख्या | मतदान केन्द्र सं0 | मतदान केन्द्र का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 01/01 | रा0 कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, विशुनपुर (पूर्वी भाग) |
| 2 | | 01/02 | रा0 कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, विशुनपुर (पश्चिमी भाग) |
| 3 | 2 | 02/01 | सरस्वती विद्या मंदिर, उच्च विद्यालय, श्री बंशीधर नगर (पूर्वी भाग) |
| 4 | | 02/02 | सरस्वती विद्या मंदिर, उच्च विद्यालय, श्री बंशीधर नगर (पश्चिमी भाग) |
| 5 | 3 | 03/01 | रा0 कृ0 अम्बालाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय, श्री बंशीधर नगर |
| 6 | 4 | 04/01 | रा0 कृ0 उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पुरनानगर (पूर्वी भाग) |
| 7 | | 04/02 | रा0 कृ0 उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पुरनानगर (पश्चिमी भाग) |
| 8 | 5 | 05/01 | नव प्राथमिक विद्यालय, नयाखांड |
| 9 | 6 | 06/01 | रा0 मध्य विद्यालय, जंगीपुर (पूर्वी भाग) |
| 10 | | 06/2 | रा0 मध्य विद्यालय जंगीपुर (पश्चिमी भाग) |
| 11 | 7 | 07/01 | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, डोमटोली, नगर उंटारी (उत्तरी भाग) |
| 12 | | 07/02 | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, डोमटोली, नगर उंटारी (दक्षिणी भाग) |
| 13 | 8 | 08/01 | रा0 कृ0 +2 उच्च विद्यालय , नगर उंटारी |
| 14 | 9 | 09/01 | रा0 मध्य विद्यालय, नगर उंटारी (पूर्वी भाग) |
| 15 | | 09/02 | रा0 मध्य विद्यालय, नगर उंटारी (पश्चिमी भाग) |
| 16 | 10 | 10/01 | रा0 कृ0 प्राथमिक विद्यालय, पुरैनी |
| 17 | | 10/02 | रा0 उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रक्सा |
| 18 | 11 | 11/01 | किसान भवन नगर उंटारी (पूर्वी भाग) |
| 19 | | 11/02 | किसान भवन नगर उंटारी (पश्चिम भाग) |
| 20 | 12 | 12/01 | जलक्रांति भवन, नगर उंटारी (पूर्वी भाग) |
| 21 | | 12/02 | जलक्रांति भवन, नगर उंटारी (पश्चिमी भाग) |
| 22 | 13 | 13/01 | रा0 प्रा0 विद्यालय, हेन्हो |
| 23 | 14 | 14/01 | एम0 के0 इन्टरनैशनल स्कुल, नगर उंटारी, जंगीपुर (पूर्वी भाग) |
| 24 | | 14/02 | एम0 के0 इन्टरनैशनल स्कुल, नगर उंटारी, जंगीपुर (पश्चिमी भाग) |
| 25 | 15 | 15/01 | रा0 मध्य विद्यालय, अधौरा (पश्चिमी भाग) |
| 26 | | 15/02 | रा0 मध्य विद्यालय, अधौरा (पूर्वी भाग) |
| 27 | 16 | 16/01 | पी0एम0श्री0 उत्क्रमित उच्च विद्यालय, जतपुरा (पूर्वी भाग) |
| 28 | | 16/02 | पी0एम0श्री0 उत्क्रमित उच्च विद्यालय, जतपुरा (पश्चिमी भाग) |
| 29 | 17 | 17/01 | नया पंचायत भवन, पाल्हे कला (पूर्वी भाग) |
| 30 | | 17/01 | नया पंचायत भवन, पाल्हे कला (पश्चिमी भाग) |

नगरपालिका का नाम :– मझिऑव नगर पंचायत

| क्रमांक | वार्ड संख्या | मतदान केन्द्र सं0 | मतदान केन्द्र का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 1/1 | उत्क्रमित उच्च विद्यालय, अखौरी तहले |
| 2 | 2 | 2/1 | राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय, उँचरी |
| 3 | 3 | 3/1 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, दुबे तहले (उ0 भाग) |
| 4 | | 3/2 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, दुबे तहले (द0 भाग) |
| 5 | 4 | 4/1 | प्रोजेक्ट राधा कृष्ण बालिका उच्च विद्यालय, मझिऑव (पू0 भाग) |
| 6 | | 4/2 | प्रोजेक्ट राधा कृष्ण बालिका उच्च विद्यालय, मझिऑव (प0 भाग) |
| 7 | 5 | 5/1 | डाक बंगला, मझिऑव (पू0 भाग) |
| 8 | | 5/2 | डाक बंगला, मझिऑव (प0 भाग) |
| 9 | 6 | 6/1 | नगर पंचायत कार्यालय, मझिऑव (पू0 भाग) |
| 10 | | 6/2 | नगर पंचायत कार्यालय, मझिऑव (प0 भाग) |
| 11 | 7 | 7/1 | उत्क्र0 उच्च विद्यालय मझिऑव कला (पू0 भाग) |
| 12 | | 7/2 | उत्क्र0 उच्च विद्यालय मझिऑव कला (प0 भाग) |
| 13 | 8 | 8/1 | राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय बकोईया |
| 14 | 9 | 9/1 | राजकीय प्राथमिक विद्यालय, आमर |
| 15 | 10 | 10/1 | रा0 उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय, भुसुआ |
| 16 | 11 | 11/1 | राजकीय प्राथमिक विद्यालय बिरबंधा |
| 17 | 12 | 12/1 | राजकीय मध्य विद्यालय, खजूरी |

ह0–/
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
(नगरपालिका) –सह– उपायुक्त, गढ़वा।

PR 372318 Election(25-26)D

# काला दियारा जमीन विवाद पर एसडीएम सख्त

## मौके पर पहुंचकर शुरू कराई जांच व नापी की प्रक्रिया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मनिहारी (कटिहार)।** प्रखंड के काला दियारा क्षेत्र में जमीन विवाद का मामला सामने आने के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया। बीते दिनों काला दियारा में जमीन की नापी को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया था। विवाद बढ़ने की आशंका को देखते हुए विवादित पक्षों द्वारा प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम त्रिलोकी नाथ सिंह, बीपीआरओ सोनू गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ काला दियारा क्षेत्र पहुंचे। मौके पर एसडीएम ने अमीन से जमीन की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली और विवादित भूमि का निरीक्षण किया। इसके बाद दोनों पक्षों से अलग-अलग बातचीत कर उनकी बात सुनी गई।एसडीएम त्रिलोकी नाथ सिंह ने स्पष्ट किया कि दोनों पक्षों के जमीन से संबंधित कागजातों की विधिवत जांच कराई जाएगी। जांच के उपरांत सरकारी अभिलेखों के अनुसार जिसकी जमीन सही पाई जाएगी,उसे दखल दिलाते हुए न्याय सुनिश्चित किया जाएगा। प्रशासन की इस तत्पर कार्रवाई को जमीन विवाद के मामलों में एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

## इंजन रिक्शा के पलटने से युवक की मौत, एक घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** नवादा-जमुई राजकीय पथ पर धमौल थाना क्षेत्र के बड़ी गुलनी मोड़ कुटिया के पास गुरुवार को इंजन रिक्शा के अनियंत्रित होकर पलट जाने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक घायल हो गया। बताया जाता है कि मरहूम रशीद के पुत्र मो. मनौवर आलम अपने रिश्तेदार के यहां पकरीबरावां गए थे। जानकारी के अनुसार मृतक के भाई मो. जुबैर की पत्नी की तबीयत खराब थी, जिसे देखने वे सपरिवार गुरुवार को पकरीबरावां पहुंचे थे। वहां परिवार को छोड़कर वापस घर लौट रहे थे। लौटने के दौरान बड़ी गुलनी मोड़ के पास इंजन रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में मो. मनौवर आलम गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि मो. इमरान (पुत्र मो. इरफान मंसूरी) भी जख्मी हो गए।

# मानव तस्करी के बड़े नेटवर्क का हुआ खुलासा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**कटिहार।** जिले में मानव तस्करी गिरोह का भंडाफोड किया गया है। गिरोह के चार अंतरराज्यीय तस्करों की गिरफ्तारी तथा रंगे हाथ एक महिला को तस्करों की गिरफ्त से सुरक्षित बरामद किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि महिला को 80,000 रुपये में बेचा जा रहा था।मामले को लेकर आरक्षी अधीक्षक शिखर चौधरी ने बताया कि रौतारा थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के महेशवा गांव में कुछ बाहरी लोग एक महिला की खरीद-बिक्री की बात कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन तथा अग्रेतर कारवाई के लिए थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया।

टीम त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस बलों के साथ छापेमारी करने महेशवा गांव पहुंची। एसपी ने बताया कि पुलिस को देखते ही गांव में मौजूद एक कार में सवार होकर चार व्यक्ति तेजी से भागने लगे। लेकिन पुलिस बलों ने घेराबंदी कर सभी को कब्जे ले लिया। उन्होंने बताया कि पूछताछ और जांच के क्रम में पाया गया कि इन लोगों द्वारा 80 हजार रुपये एक महिला का सौदा किया गया था। पुलिस ने बेची गई महिला को सुरक्षित मुक्त कराया और घटना में प्रयुक्त कार एवं मोबाइल फोन जब्त करते हुए चारों लोगों को हिरासत में ले लिया है।जिनकी की पहचान सुल्तान पिता-अब्दुल कुदूस साकिन-सिमरिया,थाना- कोढा, रवि कुमार पिता-चमरू मारिया साकिन-महेशवा, थाना- रौतारा दोनो जिला कटिहार, रामावतार, पिता-नन्नी, साकिन-काजीवाला जिला-मुरादाबाद एवं रन सिंह,पिता--डंबर सिंह, साकिन-छतरपुर मरैला, जिला-- बदायूं, दोनो हीं राज्य- उत्तर प्रदेश के रूप मे हुई है। मामले को लेकर सुसंगत धाराओं तहत रौतारा थाना में मामला दर्ज कर पुलिस अग्रेतर कार्रवाई कर रही है।

# गीत-साहित्य के प्राण थे महाकवि जानकी वल्लभ शास्त्री, चिंतक साहित्यकार थे पं शिवदत्त मिश्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** हिन्दी साहित्य के पुरोधा और गीत के शलाका-पुरुष आचार्य जानकी वल्लभ शास्त्री गीत-साहित्य के प्राण-पुरुष थे। वे संस्कृत और हिन्दी के मूर्द्धन्य विद्वान तो थे ही साहित्य और संगीत के भी बड़े तपस्वी साधक थे। कवि-सम्मेलनों की तो शोभा ही थे। अपने कोकिल-कंठ से जब वे गीत को स्वर देते थे, हजारों-हजार धड़कने थम सी जाती थी। कवि-सम्मेलनों के मंच पर उनकी बराबरी राष्ट्र-कवि रामधारी सिंह 'दिनकर' और गीतों के राज कुमार गोपाल सिंह नेपाली के अतिरिक्त कोई भी नहीं कर सकता था। यह बातें गुरुवार को, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में महाकवि जानकी वल्लभ शास्त्री और चिंतक साहित्यकार पं शिवदत्त मिश्र की जयंती पर आयोजित समारोह और कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही।



शास्त्री जी ने अपनी साहित्यिक-यात्रा संस्कृत-काव्य से आरंभ की थी। किंतु महाप्राण निराला के निर्देश पर उन्होंने हिन्दी में काव्य सृजन आरंभ किया और देखते ही देखते गीत-संसार के विस्तृत नभ में सूर्य के समान छा गए। साहित्य की सभी विधाओं में जी भर के लिखा। कहानी,उपन्यास , संस्मरण, नाटक और गजलें भी लिखी। सम्मेलन के उपाध्यक्ष रहे पं शिवदत्त मिश्र को स्मरण करते हुए डा सुलभ ने कहा कि, मिश्र जी एक संवेदनशील कवि और दार्शनिक-चिंतन रखने वाले साहित्यकार थे। 'कैवल्य' नामक उनके ग्रंथ में, उनके आध्यात्मिक चिंतन की गहराई देखी जा सकती है। वे साहित्य में उपभोक्ता-आंदोलन के भी प्रणेता थे। वे एक मानवता-वादी सरल और सुहृद साहित्यसेवी थे। साहित्य-सम्मेलन के उद्धार के आंदोलन में उनकी अत्यंत मूल्यवान और अविस्मरणीय भूमिका रही। सम्मेलन-अध्यक्ष ने इस अवसर पर दो युवा हिन्दी सेवियों विजय ज्योति और जय प्रकाश पाण्डेय को 'महाकवि जानकी वल्लभ शास्त्री स्मृति-सम्मान' से विभूषित किया। अतिथियों का स्वागत करती हुई सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा ने कहा कि महाकवि जानकी वल्लभ शास्त्री की काव्य-रचनाओं में नारियों का स्थान अत्यंत महनीय है। उन्होंने साहित्य की प्रायः सभी विधाओं में अधिकार पूर्वक लिखा। उनकी साहित्यिक-दृष्टि समाजोन्मुखी थी। भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी और वरिष्ठ कवि बच्चा ठाकुर, डा रत्नेश्वर सिंह, डा पुष्पा जमुआर, विभा रानी श्रीवास्तव, डा मनोज गोवर्धनपुरी, दा अर्चना त्रिपाठी तथा बाँके बिहारी साव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आयोजित कवि-सम्मेलन का आरंभ स्वर्गीय मिश्र की पत्नी और कवयित्री चंदा मिश्र की वाणी-वंदना से हुआ। सम्मेलन के उपाध्यक्ष और वरिष्ठ कवि मृत्युंजय मिश्र 'करुणेश' ने अपनी गजल ह्लबहुत दिन से दिल को रुलाया नहीं है/ जमाना हुआ जख्म ख्या नहीं है/ जो पूछा ये कैसे हुआ क्यूँ हुआ तो/ कहा कि अभी वक्त आया नहीं है! सस्वर पाठ कर महाकवि को अपनी श्रद्धांजलि दी।

# विद्यालय शिक्षा समिति के तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का समापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** विद्यालय शिक्षा समिति के सशक्तिकरण के दिशा में एक अहम पहल के तहत उच्च माध्यमिक विद्यालय पूर्वी बारीनगर तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन मास्टर ट्रेनर प्रधानाध्यापिका अंजुम आरा, प्रधानाध्यापक सचिदानंद दास के द्वारा किया गया।इस प्रशिक्षण में संकुलाधीन 8 विद्यालय के प्रधानाध्यापक,सदस्य प्रतिभागियों के रूप में भाग लिया। सहभागिता और विद्यालय प्रशासन सामुदायिक सहभागिता तथा शैक्षणिक सुधार से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर राम जयपाल सिंह यादव एवं सहयोगी ट्रेनर साकेत कुमार



उत्प्रेरक ने प्रतिभागी शिक्षकों एवं सदस्य को विद्यालय शिक्षा समिति की भूमिका का दायित्व वित्तिय प्रबंधन शैक्षणिक निगरानी छात्र नामांकन एवं उपस्थिति बढ़ाने साथ ही अभिभावकों और समुदाय के बीच बेहतर समन्वय जैसे विषयों पर गहन चर्चा कर जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान समूह कार्य,केस स्टडी और व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।

# मुरादपुर पंचायत में जाति, आय, आवासीय प्रमाण पत्र के लिए महिलाएं और छात्राएं महीनों से भटक रही

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समेली (कटिहार)।** समेली /कटिहार - समेली प्रखंड के मुरादपुर पंचायत के नवाबगंज, देवीपुर,भेदेया टोला, मिल्की,डुमरिया एवं आसपास के गाँवों में सैंकड़ों परिवार और युवा छात्र छात्राएं पिछले कई महीनों से जाति,आवासीय एवं आय प्रमाण पत्र आरटीपीएस पर नहीं बन पाने से परेशान हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि राजस्व विभाग के पदाधिकारी मनमानी कर रहे है वही सरकारी सिस्टम में आरटीपीएस आवेदन बनने में अनियमितता के कारण उन्हें शिक्षा, छात्रवृत्ति और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं समेली प्रखंड के जिला परिषद प्रतिनिधि रोशन



मंडल एवं समाजसेवी रूपेश कुमार सिंह, वार्ड सदस्य सह भाजपा नेता महेश्वरी ठाकुर ने कहा कि आवेदनकर्ता भटकते फिर रहे अंचल कार्यालय में लाभार्थी छात्राएं और महिलाएँ आटीपीएस केंद्र तक चक्कर काट रही हैं। लेकिन महीनों के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं मिल रहा है। कई परिवारों के अनुसार उन्हें बार-बार कहा गया है कि राजस्व अभिलेखों को संशोधित करायें, लेकिन प्रक्रिया में अड़चनें लगातार बनी हुई हैं। एक लाभार्थी फूल कुमारी ने बताया कि वे कई बार ब्लॉक कार्यालय,पंचायत भवन और आरटीपीएस केंद्र तक आईं लेकिन हर बार कहा गया कि दस्तावेज सही नहीं है, जिससे वे महीनों से भटक रही हैं।

बिहार सरकार नागरिकों को जाति, निवास और आय सहित अन्य प्रमाण पत्र निर्धारित समय में उपलब्ध कराती है। इसका उद्देश्य है कि पात्र नागरिक बिना परेशानी सरकारी सेवाओं का लाभ ले सकें। हालांकि ग्रामीणों का आरोप है कि ऑन-लाइन सिस्टम और राजस्व दस्तावेजों के अभाव के कारण उनके आवेदन फंस रहे हैं और उन्हें बार-बार प्रशासनिक चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

# बनफूल : साहित्य और समाज के अद्वितीय सेतु

## सीमांचल क्षेत्र के सहरसा से कटिहार होते हुए कोलकाता जाने वाली ट्रेन को उनके उपन्यास हाटे - बाजारे एक्सप्रेस नाम दिया गया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डॉ. मिथिलेश झा (कटिहार)।** बलाई चन्द्र मुखर्जी, जो साहित्य जगत में "बनफूल" के नाम से प्रसिद्ध हैं का जीवन और लेखन समाज और परिवार के प्रभाव से गहराई से जुड़ा हुआ था। उनके पिता डॉ.सत्यचरण मुखर्जी का समाज के प्रति समर्पण उनके साहित्य में स्पष्ट रूप से झलकता है। मनिहारी जैसे दूरस्थ क्षेत्र में आम जनता के लिए स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उनके पिता ने जमीन खरीदकर एक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया। बनफूल के परिवार का जाति और धर्म के प्रति उदार दृष्टिकोण भी उनके व्यक्तित्व पर प्रभावी रहा। उनकी "दूध मां" एक मुसलमान नौकरानी थीं, जिनके दूध से उनका बचपन पोषित हुआ। इस बहु-सांस्कृतिक परिवेश ने उनके लेखन को गहराई और विविधता प्रदान की। बनफूल का साहित्यिक संसार व्यापक है, जिसमें उपन्यास, कहानियां, लघुकथाएं, एकांकी, जीवनवृत्त, और यात्रावृत्तांत शामिल हैं। उनके लेखन में समाज के तात्कालिक परिवेश, जीवनशैली और सामाजिक समस्याओं का सजीव चित्रण मिलता है। उनके साहित्य को न केवल भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों में पढ़ाया जाता है, बल्कि बांग्लादेश के ढाका विश्वविद्यालय के बांग्ला विभाग के पाठ्यक्रम में भी शामिल किया गया है।उनकी रचनाओं पर अनेक शोधार्थियों ने कार्य किया है। बंगाल के प्रसिद्ध विद्वान नुरुल इस्लाम ने भी बनफूल के साहित्य पर शोध करने के लिए मनिहारी की यात्रा की थी। बनफूल का साहित्य आज भी समाज और मानवीय मूल्यों को समझने के लिए प्रेरित करता है। वनफूल के अनेक उपन्यासों के आधार पर फिल्मांकन भी किया गया, जिनमें हाटेबाजारे, अर्जुन



पंडित,आलोर पिपासा , तिलोत्तमा आदि प्रमुख है।फिल्म"अर्जुन पंडित" के लिए उन्हें फिल्म फेयर का बेस्ट राईटर का पुरस्कार मिला था।बिहार के सीमांचल क्षेत्र के सहरसा से कटिहार होते हुए कोलकाता जानेवाली ट्रेन को उनके उपन्यास हाटे - बाजारे एक्सप्रेस नाम दिया गया है। साहित्य के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के मद्देनजर उन्हें विभिन्न पुरस्कारों से नवाजा गया है।बनफूल 1951 में शरत समृति पुरस्कार से सम्मानित हुए।1962 मे उनके उपन्यास हाटे बाजारे पर रवीन्द्र पुरस्कार से नवाजा गया।भारत के राष्ट्रपति से उनहें स्वर्ण पदक तथा भारत सरकार ने 1975 में पद्म भूषण से अलंकृत किया था। भारत सरकार बनफूल पर डाकटिकट भी जारी कर चुकी है। बलाईचंद्र मुखर्जी बनफूल का जन्म 19 जुलाई 1899 को मनिहारी में हुआ था । सोल्टलेक कोलकाता में 7 फरवरी 1979 में वनफूल का देहावसान हुआ । मनिहारी स्थित बनफूल का जन्म स्थान पर उनकी समृतियों से जूड़ी अवशेषों को संग्रहित ,संरक्षित किये जाने की दिशा में स्थानीय प्रबुद्धजनों साहित्य प्रेमियों व जनप्रतिनिधियों की ओर से सार्थक प्रयास की आवश्यकता है। अपनी मिट्टी के लाल की दुनिया में साहित्य के क्षेत्र मे अमूल्य योगदान के बाद भी अपनी ही धरती पर उपेक्षित कृतधनता का बोध करा जाता है।

# जौली में 4 दिनों में 549 किसानों का बनाया गया फार्मर आइडी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** फार्मर रजिस्ट्री महाअभियान का तीसरा चरण 2 फरवरी से रजौली प्रखंड के 10 पंचायत में शुरू कर दिया गया है। कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार एवं राजस्व कर्मियों के द्वारा अभी तक चार दिनों में रजौली प्रखंड में 549 किसानों का फार्मर आईडी बनाया गया। रजौली प्रखंड क्षेत्र में तेजी से किसानों का फार्मर आईडी बनाया जा रहा है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी रौशन कुमार ने बताया कि रजौली प्रखंड के 10 पंचायतों रजौली पूर्वी-पश्चिमी, हरदिया, धमनी, सिरोडाबर, जोगियामारन, अमावां पूर्वी-पश्चिमी, बहादुरपुर, अंधरवारी पंचायत के पंचायत सरकार भवन में 2 फरवरी को 102 किसानों का फार्मर आईडी बनाया गया। 3 फरवरी को 212, 4 फरवरी को 69 और 5 फरवरी को 166 किसानों का फार्मर आईडी बनाया गया। चार दिनों में प्रखंड क्षेत्र के कुल 549 किसानों का फार्मर आईडी बनाया गया। फार्मर रजिस्ट्री महाअभियान का तीसरा चरण 2 फरवरी से 6 फरवरी तक लगातार चलेगा। प्रखंड कृषि



पदाधिकारी ने प्रखंड क्षेत्र के किसानों से अपील की है कि प्रखंड क्षेत्र के किसान अपना-अपना फार्मर आईडी अवश्य बनवा लें। फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों को एक यूनिक डिजिटल पहचान मिलेगी।

इससे उन्हें सरकारी योजनाओं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि अनुदान एवं सहायता, फसल क्षति पर वास्तविक मुआवजा जैसी योजनाओं का लाभ एक ही प्लेटफॉर्म पर मिलेगा। फार्मर आईडी नहीं बनाने वाले किसानों को भविष्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से वंचित किया जा सकता है।

# रूपेश पांडेय हत्याकांड में तीन को उम्रकैद, दो बरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही (हजारीबाग)।** बहुचर्चित रूपेश पांडेय हत्याकांड मामले में सीबीआई की विशेष अदालत, रांची ने गुरुवार 5 फरवरी 2026 को तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 10-10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है, जिसे नहीं देने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

सीबीआई के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जेल में बंद आरोपियों मो. असलम अंसारी उर्फ पप्पू मियां (तत्कालीन दुलमहा मुखिया प्रतिनिधि), मो. कैफ और मो. गुफरान को सजा सुनाई। तीनों दुलमहा गांव के निवासी हैं। इससे पहले अदालत ने सुनवाई पूरी होने के बाद इन्हें दोषी ठहराया था, जबकि साक्ष्य के अभाव में मो. इरफान और इश्तेहार मियां को बरी कर दिया गया। एक नाबालिग आरोपी का मामला किशोर न्याय बोर्ड में लंबित है। विदित हो कि 6 फरवरी 2022 की शाम करीब पांच बजे सरस्वती पूजा विसर्जन जुलूस के दौरान नई टांड़ निवासी रूपेश पांडेय की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में बरही थाना कांड संख्या 59/2022 के तहत 27 आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। बाद में झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने जांच की और अदालत में 15 गवाह प्रस्तुत किए। फैसले के बाद पीड़ित परिवार और स्थानीय लोगों ने न्याय मिलने पर संतोष व्यक्त किया।

# मनिहारी गंगातट पर महारूद्र यज्ञ विधिवत रूप से संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** मनिहारी गंगातट पर आयोजित भव्य महारूद्र यज्ञ गुरुवार को विधिवत रूप से संपन्न हो गया। यज्ञ के समापन अवसर पर प्रतिमाओं एवं विग्रहों का वैदिक मंत्रोच्चारण और धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ श्रद्धापूर्वक विसर्जन किया गया। इस अवसर पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें यज्ञ समिति के सदस्यों, साधु- संतों तथा सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से गुजरती हुई गंगातट पहुंची। पूरे मार्ग में भक्तों द्वारा भजन -कीर्तन, ढोल-नगाड़ों की धुन और हर हर महादेव के जयघोष से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं में अपार आस्था और उल्लास देखने को मिला।

महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। गंगातट पर पहुंचने के बाद विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात प्रतिमाओं का



विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना की। आयोजन को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। यज्ञ समिति ने सफल आयोजन के लिए प्रशासन, सहयोगकताओं एवं समस्त श्रद्धालुओं के प्रति आभार प्रकट किया और भविष्य में भी ऐसे धार्मिक आयोजनों के आयोजन की बात कही।

# राजनीतिक स्वतंत्रता तभी स्थायी होगी जब समाज संगठित, अनुशासित और चरित्रवान होगा : प्रवीर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष को लेकर एक होटल सभागार में बौद्धिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आरएसएस के प्रांत सह प्रचारक प्रवीर मुख्य वक्ता के रूप में हिस्सा लिये। जबकि अधिवक्ता कुंदन कुमार ने संचालन करते हुए विषय प्रवेश कराया। कार्यक्रम में अधिवक्ता, चिकित्सक, सामाजिक कार्यकर्ता सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बौद्धिक संवाद कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि किसी भी संगठन के सौ वर्ष केवल समय की गणना नहीं होते।



वे विचार, अनुशासन, तप और सामाजिक विश्वास की निरंतरता का प्रमाण होते है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष भारत के सामाजिक-सांस्कृतिक इतिहास में एक ऐसे अध्याय का प्रतीक है। जिसकी यात्रा सत्ता की राजनीति से नहीं। बल्कि व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण की साधना से जुड़ी रही है। वर्ष 1925 का भारत राजनीतिक पराधीनता से जूझ रहा था।पर उससे भी बड़ी चुनौती सामाजिक विखंडन थी।जातिगत दूरी, क्षेत्रीय अस्मिताएं, परस्पर अविश्वास और सांस्कृतिक हीनभावना समाज को भीतर से कमजोर कर रही थी। इसी पृष्ठभूमि में नागपुर में विजयादशमी के दिन डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने संघ की स्थापना करते हुए स्पष्ट किया कि राजनीतिक स्वतंत्रता तभी स्थायी होगी।जब समाज संगठित,अनुशासित और चरित्रवान होगा। वक्ताओ ने कहा कि संघ ने शाखा पद्धति के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण की अनूठी प्रक्रिया विकसित की. दैनिक शाखा केवल व्यायाम का स्थल नहीं, बल्कि संस्कारों की प्रयोगशाला है.जहां खेल, अनुशासन, गीत, प्रार्थना और चर्चा के माध्यम से नेतृत्व,टीम भावना और राष्ट्रबोध विकसित होते है. यहां पद नहीं, दायित्व होता है। भेद नहीं, भाईचारा होता है। यही पद्धति संघ की स्थायी शक्ति का आधार बनी है. स्वतंत्रता और विभाजन के समय देश ने विस्थापन, हिंसा और असुरक्षा का दौर देखा है। ऐसे समय स्वयंसेवकों ने राहत, भोजन, पुनर्वास और सुरक्षा में उल्लेखनीय सेवा कार्य किया। यह सेवा किसी राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि मानवता और कर्तव्यबोध से प्रेरित थी. कार्यक्रम में विभाग प्रचारक मनु शेखर, डॉ.एसएन कर्ण,प्रो .एसएन पोद्दार, अशोक कुमार चौधरी, प्रो. सुरेंद्र झा, डॉ. आशुतोष झा, डॉ रंजना झा,डॉ. राजीव जायसवाल, किरण राय, डॉ. जयेंद्र ज्ञानू, अभयानंद प्रसाद श्रीवास्तव,अरविंद सिंह, शिवशंकर सरकार, सुशील झा,अरुण चौधरी, अभिषेक सिंह, सत्येन्दु सुमन सहित बड़ी संख्या में बौद्धिक वर्ग से जुड़े लोग शामिल रहे।

# गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ से लौटने पर नवीन चौधरी बाबा का स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।**

बरारी /कटिहार - गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ दिल्ली से वापस घर आने पर गंगा समग्र के जिला संयोजक नवीन चौधरी बाबा को स्थानीय समाजिक कार्यकर्ता, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व नेता व कार्यकताओं ने नवीन चौधरी बाबा का भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया।



इस दौरान कटिहार मॉडर्न पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर राकेश रौशन, अभाविप के पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जयप्रकाश यादव,समाजिक कार्यकर्ता प्रफुल्ल झा,नपं बरारी के उप मुख्य पार्षद अमन कुमार, समाजसेवी गौतम भगत,जिला सह संयोजक मनोज साह, आरती प्रमुख जीवछ गुप्ता, राजकुमार साह,राहुल राज, मुनिलाल मंडल,भाजपा सेमापुर मंडल अध्यक्ष संतोष भगत, उमाशंकर चौधरी, हरजीत सिंह सोढ़ी, रवि सिंह, धीरज चौधरी आदर्श चौधरी आदि ने उन्हें पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र आदि देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर कटिहार मॉडर्न पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर राकेश रौशन, अभाविप के पूर्व कार्यसमिति सदस्य जयप्रकाश यादव, जिला सह संयोजक मनोज साह आदि ने कहा कि हमारे कटिहार जिला के लिए यह गर्व का विषय है कि नवीन चौधरी बाबा अपने स्वयंसेवको के साथ लगातार 7 वर्षो तक काढ़ागोला गंगा घाट पर साफ सफाई अभियान चलाते आ रहे हैं।जिस कार्य को देखते हुए जिला प्रशासन के द्वारा इनको चयनित कर दिल्ली में गणतंत्र दिवस के मौके पर इन्हें विशिष्ट अतिथि के रूप में सपत्नीक भेजा।जो कि बरारी प्रखंड क्षेत्र के लोगों के लिए गर्व का विषय है।

# विदेशों तक पहचान बना चुका औरंगाबाद का मगही पान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद की मिट्टी में उपजा मगही पान केवल एक कृषि उत्पाद नहीं, बल्कि मगध की परंपरा, स्वाद और श्रमशील किसान की पहचान है। राजाओं-महाराजाओं और नवाबों की शौक़ीन महफिलों से लेकर आम घरों की पूजा-पाठ और त्योहारों तक अपनी जगह बनाए रखने वाला यह पान आज देश की सीमाओं को लांघकर विदेशों तक पहुंच चुका है। बिना किसी सरकारी संरक्षण, उद्योग का दर्ज़ा या संगठित मंडी के, किसानों की पीढ़ियों की मेहनत से खड़ा हुआ मगही पान का यह कारोबार औरंगाबाद को वैश्विक पहचान देने के साथ-साथ हजारों परिवारों की आजीविका का मजबूत आधार बन गया है। मगही पान का नामकरण बिहार के मगही क्षेत्र के आधार पर हुआ है और इसकी खेती मुख्य रूप से मगध प्रमंडल में ही होती है। मगही पान की खेती बिहार के करीब 27 जिलों में की जाती है। राज्य के औरंगाबाद, गया, नालंदा, मधुबनी, वैशाली, मुंगेर, भागलपुर, अररिया, पूर्णिया और जमुई जिलों में मगही और देशी पान की खेती प्रचलित है। इनमें औरंगाबाद जिला इस व्यवसाय का प्रमुख केंद्र माना जाता है। विशेष रूप से देव, मदनपुर और रफीगंज प्रखंड मगही पान उत्पादन के लिए प्रसिद्ध रहे हैं। औरंगाबाद जिले के देव प्रखंड के 12 गांव–देव, केताकी, खेमचंद बिगहा, भूत्त बिगहा, गिद्धौल, डुमरी, तेजू बिगहा, पचोखर, कीर्ति बिगहा, खड़ीहा, एरौरा और जोधपुर–तथा मदनपुर प्रखंड के बेरी और रफीगंज प्रखंड के लोहरा बड़े पैमाने पर मगही पान के उत्पादन के लिए जाने जाते हैं। हालांकि विभिन्न कारणों से इनमें से कुछ गांवों में हाल के वर्षों में उत्पादन पहले की तुलना में घटा है। इसके बावजूद देव प्रखंड के कई गांवों में आज भी पान की खेती ही लोगों की रोजी-रोटी का प्रमुख साधन बनी हुई है। केताकी गांव इसका बड़ा उदाहरण है, जहां लगभग 80 परिवार केवल पान के व्यवसाय पर निर्भर हैं। यहां के किसान पीढ़ियों से इस खेती से जुड़े हुए हैं। चौरसिया समुदाय के किसान बताते हैं कि करीब 60 वर्षों से पान की खेती उनके



परिवार के पालन-पोषण का आधार रही है। वर्ष 2004 और बाद के कुछ वर्षों में आई भीषण शीतलहर ने पान की खेती को भारी नुकसान पहुंचाया, जिससे कारोबार पर गहरा असर पड़ा, फिर भी किसानों ने हार नहीं मानी। किसानों का कहना है कि पहले पान की खेती से प्रति सप्ताह डेढ़ से दो हजार रुपये तक की आमदनी हो जाती थी। आज भी धान और गेहूं जैसी पारंपरिक फसलों की तुलना में पान की खेती से लगभग दोगुना लाभ होता है। खेमचंद बिगहा में आठ कट्ठे जमीन में पान की खेती कर रहे वीरेन्द्र चौरसिया के अनुसार यह उनका पुश्तैनी कार्य है और इसी से पूरे परिवार का भरण-पोषण होता है। बेचन चौरसिया बताते हैं कि पान की खेती में परिवार के छोटे-बड़े सभी सदस्य मिलकर काम करते हैं जिससे यह एक सामूहिक पारिवारिक व्यवसाय का रूप ले लेता है। मगही पान की सबसे बड़ी विशेषता इसकी गुणवत्ता है। विशेष विधि से तैयार पान की पत्ती यदि सीधे जमीन पर गिरा दी जाए तो वह शीशे की तरह टूट जाती है। मुंह में आसानी से घुल जाने वाला यह पान अपने अनोखे स्वाद के लिए जाना जाता है। यही कारण है कि इसकी मांग केवल देश के विभिन्न हिस्सों में ही नहीं, बल्कि पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, मलेशिया और सिंगापुर जैसे देशों में भी है। दवा उद्योग में भी इसकी मांग बताई जाती है। देव प्रखंड में उत्पादित पान की मंडी वाराणसी में है। यहां से पान की पत्तियां थोक भाव में वाराणसी भेजी जाती हैं और फिर वहां से देश के अन्य हिस्सों तथा विदेशों में मांग के अनुसार आपूर्ति होती है। अनुमान के अनुसार इस क्षेत्र से जुड़ा कारोबार 10 से 12 करोड़ रुपये का है जबकि वास्तविक व्यवसाय इससे भी अधिक बताया जाता है। सबसे बड़ी बात यह है कि इतने बड़े पैमाने पर कारोबार होने के बावजूद न तो पान की खेती को उद्योग का दर्ज़ा मिला है और न ही सरकारी सहायता, फसल बीमा या विशेष मंडी की व्यवस्था है। किसानों का मानना है कि यदि राज्य सरकार और बैंक अपनी नीतियों में बदलाव करें, आसान किस्तों पर ऋण, फसल बीमा और स्थानीय मंडी की व्यवस्था उपलब्ध कराएं तो मगही पान का यह अघोषित उद्योग और भी मजबूत हो सकता है। कुल मिलाकर औरंगाबाद का मगही पान केवल एक कृषि उत्पाद नहीं बल्कि हजारों परिवारों की आजीविका, क्षेत्र की पहचान और बिहार की समृद्ध कृषि परंपरा का प्रतीक है, जिसने अपनी गुणवत्ता के बल पर विदेशों तक में पहचान बनाई है।

# निर्धारित समय सीमा के भीतर हो परिवादों पर सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार की कॉज लिस्ट के अनुसार जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में विभिन्न मामलों की सुनवाई की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी परिवादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। सुनवाई के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा संबंधित लोक प्राधिकारों को निर्देशित किया गया कि सभी मामलों का नियमानुसार परीक्षण करते हुए यथाशीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा की गई कार्रवाई से परिवादियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर अवगत कराया जाए। आज की सुनवाई में कुछ परिवादों पर विचार किया गया। परिवादी संतोष कुमार विद्युत कनेक्शन रहने के बाद भी विभाग द्वारा बिजली चोरी का केस दायर करने संबंधित शिकायत, तरुण कुमार द्वारा निजी भूमि में नाली एवं सड़क बनाने के संबंध में परिवाद, बलवंत कुमार सिंह द्वारा रास्ते से अतिक्रमण हटाने के संबंध में शिकायत, ओम





प्रकाश कुमार द्वारा लगान रशीद निर्गत नहीं किए जाने के संबंध में, कमलेश सिंह के द्वारा निजी रास्ता को अंचल अधिकारी द्वारा बंद कर देने के संबंध में परिवाद, अंजनी कुमार चौधरी द्वारा अपात्र श्रेणी के व्यक्ति को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने के संबंध में आवेदन, रामबचन कुमार सिंह द्वारा रैयती भूमि को अवैध कब्जा से मुक्त करने के संबंध में शिकायत तथा अमृता कुमारी द्वारा नाली का निर्माण कार्य पूर्ण करने के संबंध में परिवाद शामिल थे। जिलाधिकारी द्वारा सभी मामलों में संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को त्वरित न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।

# सोन नदी से होगी शुद्ध पेयजल की आपूर्ति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत टर्नकी आधार पर औरंगाबाद शहर के लिए बारून प्रखंड अंतर्गत सोन नदी में उपलब्ध सतही जल से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु संचालित महत्वाकांक्षी योजना के कार्यस्थल का निरीक्षण जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य औरंगाबाद शहरवासियों को दीर्घकालिक, सुरक्षित एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परियोजना से संबंधित समस्त तकनीकी एवं निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की। कार्यकारी एजेंसी के पदाधिकारियों द्वारा इंटेक वेल, पंप हाउस, जल शोधन संयंत्र, ट्रांसमिशन



पाइपलाइन, ओवरहेड टैंक एवं वितरण प्रणाली सहित अन्य संरचनाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई, जिसे जिलाधिकारी द्वारा बारीकी से अवलोकित किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परियोजना के सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह परियोजना औरंगाबाद शहर के सतत विकास एवं जनस्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है और किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग, कार्य प्रगति की समय-समय पर समीक्षा तथा स्थानीय स्तर पर समान्वय बनाए रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया कि सभी तकनीकी एवं प्रशासनिक व्यवस्थाएँ पूर्णतः प्रभावी ढंग से संचालित हों। इस महत्वाकांक्षी योजना के पूर्ण होने से औरंगाबाद शहर के नागरिकों को स्वच्छ एवं निर्बाध पेयजल उपलब्ध होगा, जिससे भू-जल पर निर्भरता कम होगी और जल-जीवन-हरियाली अभियान के उद्देश्यों की प्रभावी पूर्ति सुनिश्चित होगी। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, वरीय उपसमाहर्ता श्वेता प्रियदर्शी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रितेश कुमार यादव एवं संबंधित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जमीनी विवाद में महिला सहित चार को सश्रम कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद के चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने ओबरा थाना में दर्ज एक मामले में सज़ा कीबिंदु पर सुनवाई करते हुए चार अभियुक्तों को सज़ा सुनाई है। एपीपी इरशाद आलम ने बताया कि अभियुक्त राजेन्द्र यादव को सात साल के सश्रम कारावास की सजा और दस हजार रूपये जुर्माना लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास होगी। वहीं अन्य अभियुक्त गजेन्द्र यादव, सुपेंन्द्र यादव एवं राजेंद्र यादव की पत्नी संगीता देवी को पांच साल की सजा और सभी पर दस-उस हजार रूपये जुर्माना लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर तीन माह अतिरिक्त



कारावास होगी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि एक अन्य अभियुक्त कामेश्वर यादव की मृत्यु 15 जनवरी 2026 को हो गई थी। शेष सभी अभियुक्तों को 31 जनवरी 2026 को दोषी ठहराया गया था। वाद सूचक थाना क्षेत्र के अरंडा गांव निवासी मालती देवी ने 21 जनवरी 2005 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि जमीनी विवाद में मारपीट हुई थी जिसमें गंभीर रूप से जख्मी हो गई थी। वादी और अभियुक्त दोनों एक ही गांव के है।

# डीएम-एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा-2026 के कदाचारमुक्त, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष द्वारा संयुक्त रूप से सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में परीक्षा केंद्र पर विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षार्थियों के प्रवेश-नियंत्रण, वीक्षक व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, प्रश्न-पत्रों के संधारण एवं परीक्षा संचालन से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया। संबंधित दंडाधिकारी, केंद्राधीक्षक एवं प्रतिनियुक्त कर्मियों को बोर्ड द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित



करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा परीक्षा कक्षों में जाकर परीक्षार्थियों द्वारा दी जा रही परीक्षा का भी निरीक्षण किया गया तथा परीक्षा संचालन की प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि परीक्षा अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की शिथिलता, अनुशासनहीनता अथवा कदाचार की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी सतत सतर्क रहें। पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा केंद्र के आसपास विधि-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 का संचालन पूर्णतः कदाचारमुक्त एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# बाल विवाह मुक्त समाज बनाना हम सभी का दायित्व : तान्या

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के सौ दिवसीय कार्यक्रम के तहत आज जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में दीप ज्योति कल्याण संस्थान एवं बचपन बचाओ आंदोलन के सहयोग से बाल विवाह मुक्ति रथ यात्रा को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर सचिव ने बताया कि यह जागरूकता रथ जिले के 11 प्रखंडों में भ्रमण कर बाल विवाह के दुष्परिणामों बाल अधिकारों कानूनी प्रावधानों तथा बाल विवाह की रोकथाम हेतु जन-जागरूकता फैलाएगा। रथ यात्रा के माध्यम से आमजनों को यह संदेश दिया जाएगा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है, जो बच्चों के भविष्य स्वास्थ्य और शिक्षा पर गंभीर प्रभाव डालती है।

# गहना चमकाने के बहाने ठगी, लाखों का आभूषण ले उड़े चोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** गहना चमकाने के बहाने महिला से ठगी की घटना को अंजाम देकर ठग लाखों के जेवर लेकर फरार हो गए। मामला सलैया थाना क्षेत्र के खिरियावां पंचायत के कोल्हुआ गांव का है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि उस गांव निवासी सेवानिवृत प्रधानाध्यापक राजाराम पासवान के घर में बाइक सवार दो व्यक्ति आभूषण चमकाने के बहाने घर पहुंचे। उन्होंने महिला से ज़ेवर चमकाने की बात कही। उन्होंने पहले कुछ ज़ेवर सफाई करके दिखाया और महिला को विश्वास में ले लिया। इसके बाद अन्य ज़ेवर साफ़ करने के लिए गर्म पानी मांगा , लेकिन जबतक महिला गर्म पानी लेकर बाहर आती, इसके पहले ठग ज़ेवर लेकर फरार हो गए। भुक्तभोगी महिला राजाराम पासवान के बेटे पवन प्रकाश की पत्नी सविता देवी ने बताया कि बाइक से दो व्यक्ति पहुंचे और सोने की ज़ेवर साफ कराने की बात कही। पहले तो मना कर दिया लेकिन दोनों ठगों ने महिला को अपनी बातों में फंसा लिया। पहले कुछ ज़ेवर साफ किए और फिर एक-एक कर हाथ में पहनीं सोने का अंगूठी, ढोलना, झुमका, मंगलसूत्र और कान की बाली कोई रसायन से साफ करने लगे और फिर गर्म पानी की मांग की। जैसे ही महिला घर के अंदर गई। ठग ज़ेवर लेकर फरार हो गए। मामले में थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार ने लोगों से सचेत रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं कई जगहों से सामने आई है। किसी भी अनजान को ऐसे कीमती आभूषण नहीं दे। घटना के बारे में उन्होंने कहा कि मामले की छानबीन की जा रही है।

# रमेश मेमोरियल ट्रस्ट के सचिव प्रमोद कुमार सिंह का निधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मध्य बिहार ग्रामीण बैंक के सेवानिवृत्त प्रबंधक एवं रमेश मेमोरियल ट्रस्ट के सचिव प्रमोद कुमार सिंह का गुरुवार को निधन हो गया। वे करीब 70 वर्ष के थे और रांची के एक अस्पताल में इलाजरत थे। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे औरंगाबाद जिले में शोक की लहर दौड़ गई। स्व. प्रमोद कुमार सिंह बारून प्रखंड के बहुआरा गांव के निवासी थे। वे अपने मृदुल व्यवहार, सरल व्यक्तित्व और समाज के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते थे। बैंक



प्रमोद कुमार सिंह (फाइल फोटो)

सेवा के दौरान ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल कायम करने वाले प्रमोद बाबू सेवानिवृत्ति के बाद भी सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे। रमेश मेमोरियल ट्रस्ट के माध्यम से उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े अनेक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनके आकस्मिक निधन से न सिर्फ परिवार बल्कि पूरा समाज खुद को असहाय महसूस कर रहा है। उनके निधन पर ट्रस्ट के अध्यक्ष व प्रमुख व्यवसायी कन्हैया लाल जैन, जिला खादी ग्रामोद्योग समिति के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव समेत जिले के सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवियों और गणमान्य नागरिकों ने उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताते हुए गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

# विभिन्न मामलों में 33 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई किया है। अलग-अलग मामलों में 33 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 20 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के प्रयास में 6, शराब कांड में 13 एवं अन्य शीर्ष कांड में 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 56 लीटर देसी शराब, 640 लीटर स्प्रिट, 3.375 लीटर विदेशी शराब, एक ट्रक, एक स्कॉर्पियो, एक बाइक एवं 800 सीएफटी स्टोन डस्ट बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1501 वाहनों की जांच की गई जिसमें 136500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार जिले में मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा ताकि जिले में शांति व्यवस्था कायम रहे तथा अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।

# भाकपा ने किया धरना-प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा(औरंगाबाद)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से गुरूवार को दुनिया के किसान-मजदूर एक हो नारा के साथ धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। आंदोलन कारी जैसे ही प्रखंड कार्यालय पहुंचे जमकर अपनी 14 सूत्री मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। धरना की अध्यक्षता अवध किशोर सिंह ने किया। पूर्व जिला मंत्री जगनारायण सिंह विकल, जिला कार्यसमिति समिति सदस्य राम एकबाल सिंह, नागेश्वर यादव, अंचल मंत्री चन्द्रशेखर सिंह, अरूण कुमार रंजन, सत्येन्द्र कुमार, राज कुमार, रामदेव



राजवंशी, मनोज कुमार, श्रीकिशुन राम, जुबैना खातुन ने 14 सूत्री मांगों को विस्तार से रखा। पूर्व जिला मंत्री जगनारायण सिंह विकल ने कहा गरीबों का घर अतिक्रमण के नाम पर तोड़ा जा रहा है। किसानों से धान की खरीदारी में मनमानी किया जा रहा, महिलाओं के साथ अत्याचार बढ़ा है, आवास योजना की सर्वे सूची में व्याप्त भ्रष्टाचार है इन तमाम मांगे लेकर धरना के माध्यम से सरकार को ध्यान बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी को ज्ञापन सौंप कर किया गया। ज्ञापन के उपरांत बीडीओ ने कहा कि उनके स्तर से समस्या का समाधान किया जायेगा और शेष मांगे सबंधित विभाग को पत्र दिया जाएगा। इसमें हसपुरा में बाईपास निर्माण, अतिक्रमण हटाना, धान खरीदारी में अनियमितता पर रोक लगाना मुख्य रूप से शामिल है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# श्मशान घाट की जमीन पर सड़क निर्माण का विरोध

**मदनपुर (नबिटा संवाददाता)।** प्रखंड के दधपी पंचायत अंतर्गत रसलपुर गांव स्थित गोस्वामी समुदाय के श्मशान घाट की भूमि पर निजी सड़क निर्माण किए जाने का समुदाय ने कड़ा विरोध किया है। गोस्वामी समुदाय का यह श्मशान घाट और समाधि स्थल सैकड़ों वर्षों से नाथ संप्रदाय की परंपरा और हिंदू धर्म के रीति-रिवाजों के अनुसार अंतिम संस्कार के लिए उपयोग में लाया जा रहा है। दिलीप गोस्वामी, अमरजीत कुमार गोस्वामी, कमलेश कुमार गोस्वामी, प्रेमचंद गोस्वामी और अभिषेक कुमार गोस्वामी आदि ने प्रखंड प्रशासन और थाने की पुलिस से अविलंब कार्रवाई करने की मांग की है।

# एसपी ने किया कई मामलों का निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस और जनता के बीच संवाद को मजबूत करने की दिशा में एक अहम पहल की गई। जम्होर थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया, जहां पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने खुद मौजूद रहकर आम लोगों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों की समस्याएं सुनीं। औरंगाबाद पुलिस की इस पहल के तहत आयोजित जनता दरबार में दूर-दराज़ के गांवों से भी लोग पहुंचे। पहले से जनप्रतिनिधियों के माध्यम से सूचना दी गई थी कि थाना परिसर में जनता दरबार लगेगा, जहद्मथ हर तरह की समस्याओं का समाधान किया



जाएगा। लोग अपनी शिकायतें, सुझाव और प्रस्ताव लेकर सीधे पुलिस अधीक्षक के सामने पहुंचे। जनता दरबार में कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया। पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी थानाध्यक्ष नितिन कुमार को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई हो। ट्रैफिक समस्या, आपसी विवाद, थाना से जुड़ी शिकायतें, और जमीन विवाद जैसे मामलों पर विस्तार से सुनवाई की गई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता की सेवा ही पुलिस की पहली प्राथमिकता है। सरकार के ह्लसात निश्चयङ्क कार्यक्रम की भावना के अनुरूप पुलिस अब जनता के दरबार तक पहुंच रही है, ताकि लोगों को जिला मुख्यालय आने में परेशानी न हो। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि जमीन विवाद में पुलिस की भूमिका सीमित होती है। पुलिस यह तय नहीं कर सकती कि जमीन किसकी है लेकिन शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की जिम्मेदारी है। यदि कोई पक्ष बल प्रयोग कर कानून तोड़ने की कोशिश करेगा तो उसपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य पुलिस और आम नागरिकों के बीच विश्वास को मजबूत करना है। इस अवसर पर ट्रैफिक पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार, प्रभारी थानाध्यक्ष नितिन कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

NBT
सीबीसी (भारत सरकार), बिहार एवं झारखंड सरकार से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद और बोकारो से प्रकाशित
नवबिहार टाइम्स
आवश्यकता
नवबिहार टाइम्स (दैनिक) को निम्नांकित पद व स्थान के लिए संवाददाता/ब्यूरो प्रमुख की आवश्यकता है।
➡ गया और जहानाबाद में ब्यूरो प्रमुख की आवश्यकता है।
➡ दाउदनगर और नवीनगर में संवाददाता की आवश्यकता है।
समाचार लिखने में रुचि और हिन्दी की समझ रखने वाले युवा इस पद के लिए शीघ्र आवेदन करें।
संपर्क : मोबाइल/ह्वाट्सप : 6206165107
ईमेल : nbtimesbihar@gmail.com

CMYK